

गैंगस्टर एक्ट और बीएनएस के प्रावधानों में टकराव पर उत्तर प्रदेश से जवाब तलब - 13



सोना 1.66 लाख रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर, चांदी 3.7 लाख पर पहुंची - 13



अभी संन्यास लेने का कोई विचार नहीं : केएल राहुल - 14



श्रृंखला जीतने के बाद अब भारत की निगाह स्पिनरों के अच्छे प्रदर्शन पर - 14


आज का मौसम
19.0⁰ अधिकतम तापमान
12.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.55
सूर्यास्त 05.48

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष दशमी 04:36 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 28 जनवरी 2026, वर्ष 4, अंक 164, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# भारत-ईयू के बीच सबसे बड़ा समझौता, इंपोर्टेड लग्जरी कारों पर टैरिफ 110 से घटकर 10% होगा

## वैश्विक व्यवस्था को मिलेगी मजबूती, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने बताया 'मदर ऑफ ऑल द डील्स'

- सुरक्षा, रक्षा सहयोग व यूरोप में भारतीय प्रतिभाओं की आवाजाही समेत 13 समझौतों को दिया अंतिम रूप

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और यूरोपीय संघ ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए। यह अब तक का सबसे बड़ा समझौता है। अब भारत में इंपोर्टेड लग्जरी कारों पर टैरिफ 110 से घटकर 10% हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी व यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व ने व्यापार एवं रक्षा क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था की दिशा में काम करने के लिए एक व्यापक एजेंडा पेश किया।

प्रधानमंत्री ने यूरोपीय संघ के नेताओं उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा की मेजबानी की। इसके बाद दोनों पक्षों ने सुरक्षा व रक्षा सहयोग और यूरोप में भारतीय प्रतिभाओं की आवाजाही से जुड़े दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, भारत और 27 देशों के समूह ने अगले पांच वर्षों के लिए एक संयुक्त व्यापक रणनीतिक एजेंडा पेश किया। एफटीए के लिए वार्ता के समापन सहित कुल 13 समझौतों को अंतिम रूप दिया। व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू होने के बाद से 18 साल लग गए। समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर होने में कम से कम छह महीने लग सकते हैं क्योंकि दोनों पक्षों द्वारा इसकी कानूनी जांच-पड़ताल आवश्यक होगी। ईयू-भारत ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत पहली बार 2007 में शुरू की थी, लेकिन कुछ मुद्दों के कारण 2013 में बातचीत स्थगित कर दी गई थी। जून 2022 में फिर से बातचीत शुरू की गई। ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने मंगलवार को कहा कि भारत और यूरोप के बीच मदर ऑफ ऑल द डील्स माना जाने वाला समझौता हो गया है। वॉन डेर लेयेन ने कहा, आज यूरोप और भारत इतिहास रच रहे हैं। (संबंधित कारोबार पेज पर)



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वॉन एकजुटता दिखाते हुए।

### परिधान, रसायन सहित कई घरेलू क्षेत्रों को 27 देशों में शुल्क मुक्त प्रवेश

समझौते के तहत परिधान, रसायन और जूते-चप्पल जैसे कई घरेलू क्षेत्रों को 27 देशों के इस समूह में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा। वहीं, यूरोपीय संघ (ईयू) को कार और वाइन के लिए रियायती शुल्क पर भारतीय बाजार तक पहुंच प्राप्त होगी। वाहन और इस्पात को छोड़कर, भारत के लगभग सभी सामानों (93 प्रतिशत से अधिक) को यूरोपीय संघ में शून्य-शुल्क पहुंच मिलेगी। बाकी छह प्रतिशत से अधिक वस्तुओं के लिए भारतीय निर्यातकों को शुल्क में कटौती और कोटा-आधारित शुल्क रियायतें (जैसे ऑटोमोबाइल के लिए) मिलेंगी। कुल मिलाकर भारत और ईयू वैश्विक जीडीपी में 25 प्रतिशत और अंतरराष्ट्रीय व्यापार (लगभग 33,000 अरब डॉलर) में एक-तिहाई (लगभग 11,000 अरब डॉलर) का योगदान देते हैं।

### ईयू से एफटीए साझा समृद्धि का खाका दुनिया में लाएगा स्थिरता: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता वैश्विक भलाई के लिए साझा समृद्धि का एक खाका है। यह समझौता ऐसे समय में स्थिरता देगा, जब दुनिया व्यवस्था उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। प्रधानमंत्री ने एफटीए की वार्ता संपन्न होने के बाद यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को भी संबोधित किया। मोदी ने कहा, यह केवल एक व्यापारिक समझौता नहीं है। यह भारत के किसानों और छोटे उद्योगों के लिए यूरोपीय बाजार तक पहुंच सुगम बनाएगा, विनिर्माण क्षेत्र में अवसर पैदा करेगा और सेवा क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करेगा। यह एफटीए नवाचार साझेदारी बनाएगा व वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करेगा।

### दो अरब लोगों के बाजार के लिए यह सबसे महत्वाकांक्षी समझौता : कोस्टा

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष कोस्टा ने कहा कि भारत-ईयू एफटीए दो अरब लोगों के बाजार के लिए अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी समझौता है। यह शिखर सम्मेलन दुनिया को एक स्पष्ट संदेश देता है कि भारत और यूरोपीय संघ भरोसेमंद भागीदारों के रूप में साथ खड़े हैं। कहा कि हम यूक्रेन में संवाद और कूटनीति के माध्यम से शांति कायम करने में मदद के लिए आप (मोदी) पर भरोसा करते हैं।

# भारत ऊर्जा क्षेत्र में अपार अवसरों वाला देश : मोदी

अनिल त्रिगुणायत, गोवा

- प्रधानमंत्री ने कहा- यहां नवाचार, विकास व निवेश करें सहभागी देश
- ऊर्जा के क्षेत्र में 500 अरब डॉलर के निवेश का अवसर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में भारत असीम संभावनाओं वाला देश है। हमारे यहां ऊर्जा उत्पादों की मांग तीव्रता के साथ बढ़ रही है। घरेलू मांग के साथ हम वैश्विक मांगों को भी अब पूरा कर रहे हैं। विश्व के शीर्ष पेट्रोलियम उत्पाद निर्यातकों में हमारा देश अग्रणी देशों में शामिल है, अर्थात विश्व में हमारा स्थान चौथा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब ऊर्जा स्वतंत्रता मिशन की ओर तेजी से बढ़ चला है। ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को लेकर हमारे साथ सहभागिता करने वाले देशों के प्रतिनिधियों से आह्वान करता हूं कि वे भारत में नवाचार, विकास और निवेश में सहभागी बनें।

दक्षिण गोवा के बेतूल गांव में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के एडवांस्ड ट्रेनिंग सेंटर में मंगलवार को शुरू हुए भारत ऊर्जा सप्ताह-2026 का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन करते हुए पीएम मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। करीब 125 देशों से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए उन्होंने उनसे ऊर्जा क्षेत्र में भारत में निवेश करने की सलाह दी। पीएम ने कहा कि भारत का ऊर्जा क्षेत्र राष्ट्र की आकांक्षाओं की परिधि में है। भारत में 500 अरब डॉलर के निवेश का सुनहरा अवसर है। मोदी ने यह भी कहा कि भारत आज 150 देशों में पेट्रोलियम उत्पाद का सफलतापूर्वक निर्यात कर रहा है। भारत में ऊर्जा क्षेत्र की व्यापकता अत्यधिक। हम समुद्र मंथन मिशन की ओर बढ़ चले हैं। मोदी ने देश में गैस क्षेत्र में निवेश को 100 अरब डॉलर बढ़ाने का संकल्प दोहराया। कहा कि भारत में 170 से अधिक तेल ब्लाक पहले ही आवंटित किए जा चुके हैं। अंडमान एवं निकोबार बेसिन हाइड्रोकार्बन के अगले स्रोत के रूप में उभरा है। भारत विशाल तेल शोधन क्षमता वाला देश है। इस क्षेत्र में हमारा विश्व में दूसरा स्थान है। उम्मीद है तेल शोधन में हम दुनिया में पहला स्थान जल्द ही प्राप्त कर लेंगे। भारत की वर्तमान शोधन क्षमता 260 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है। भरोसा है कि आगामी दिनों में हम इसे प्रति वर्ष 300 मिलियन मीट्रिक टन से ज्यादा कर लेंगे।

### प्राकृतिक गैस की मांग भी अनवरत बढ़ रही

देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों को वर्चुअल संबंधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि तरलीकृत प्राकृतिक गैस की मांग भी अनवरत बढ़ रही है। भारत ने अपनी कुल ऊर्जा मांग का करीब 15 प्रतिशत एलएनजी से ही पूरा करने का लक्ष्य रखा है। हम इस दिशा में सकारात्मक गति से बढ़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि भारत परिवहन की दिशा में भी बड़े पैमाने पर कार्य कर रहा है। एलएनजी आधारित परिवहन हेतु आवश्यक जहाजों का निर्माण द्रुतगति से किया जा रहा है। हाल ही में 70 हजार करोड़ रुपये की लागत से जहाज निर्माण कार्यक्रम को देश में बढ़ावा दिया गया है। भारत एलएनजी परिवहन हेतु आवश्यक जहाजों का निर्माण घरेलू स्तर पर कर रहा है। एलएनजी टर्मिनल का कार्य भारतीय बंदरगाहों पर तीव्रता पकड़े है।

## अनूप शुक्ल हत्याकांड में पिता-पुत्र सहित 3 को आजीवन कारावास

**सुलतानपुर।** करीब पांच वर्ष पुराने अनूप शुक्ल हत्याकांड में अदालत ने दोष सिद्ध होने के बाद सख्त रुख अपनाते हुए दो सगे भाइयों और उनके पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय निशा सिंह की अदालत ने मंगलवार को तीनों दोषियों पर 45 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है, जिसमें से आधी धनराशि घायल अमित शुक्ल को क्षतिपूर्ति के रूप में दिए जाने का आदेश दिया गया है। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी संदीप सिंह व वादिनी के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा के मुताबिक मामला चांदा थाना क्षेत्र के फरमापुर गांव का है, जहां नौ सितंबर 2020 को दुकान पर सामान लेने गए अनूप शुक्ल से विवाद के बाद हरिश्चंद खरवार और उनके पुत्रों ने जानलेवा हमला किया था।

## प्रदेश में यूजीसी के नए नियमों को लेकर उबाल, विरोध तेज

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियम उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को प्रोत्साहित करने संबंधी विनियम, 2026 को लेकर प्रदेश में विरोध तेज हो गया है। बरेली, लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, सीतापुर, हापुड़, आगरा समेत कई जिलों में छात्रों, युवाओं और सवर्ण संगठनों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि ये नियम जनरल कैटेगरी के छात्रों के खिलाफ हैं और इससे उच्च शिक्षण संस्थानों में असंतुलन व अराजकता पैदा हो सकती है। रायबरेली में भाजपा किसान नेता और गौरक्षा दल अध्यक्ष महेंद्र पांडेय द्वारा सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजने की घोषणा ने इस विरोध को और तीखा कर दिया है।

# यूजीसी बिल व संत के अपमान पर सिटी मजिस्ट्रेट का इस्तीफा, सस्पेंड

संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार :** माघ मेला में पिछले दिनों शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज व उनके शिष्यों के साथ हुई घटना से आहत होने के साथ यूजीसी बिल के विरोध में गणतंत्र दिवस को उल्लास के साथ मनाकर पीसीएस अफसर अलंकार अग्निहोत्री ने सिटी मजिस्ट्रेट के पद से इस्तीफा दे दिया।

इधर, डीएम अविनाश सिंह की रिपोर्ट पर शासन ने देर रात अलंकार अग्निहोत्री को सस्पेंड करते हुए शामली कलेक्टर कार्यालय से संबद्ध कर दिया। उनके समर्थन में पिछले दो दिनों से कलेक्ट्रेट में लगातार धरना-प्रदर्शन चल रहा है। अलंकार अग्निहोत्री मंगलवार को समर्थकों के साथ धरने पर बैठे। अलंकार अग्निहोत्री ने सोमवार को दोपहर में राज्यपाल, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व डीएम को ई-मेल से इस्तीफा भेजने के साथ ही कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय के बोर्ड पर नाम के आगे इस्तीफा लिखा। सिटी मजिस्ट्रेट के इस्तीफे की खबर सोशल मीडिया पर फैलते ही बरेली से लखनऊ तक प्रशासनिक अफसरों में खलबली मच गयी। शासन-प्रशासन में भूचाल आ गया। इस्तीफे में केंद्र और राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अलंकार 2019 बैच के पीसीएस अफसर हैं। कानपुर सिटी के रहने वाले अलंकार का परिवार लखनऊ में रह रहा है।

### अयोध्या के राज्यकर विभाग के उपायुक्त ने दिया इस्तीफा



अयोध्या, अमृत विचार। शंकराचार्य और सरकार के मुद्दे पर अयोध्या के राज्य कर विभाग के उपायुक्त प्रशांत कुमार सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि वह एक सरकारी सेवक हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ अनैतिक भाषा के प्रयोग से तीन दिन से मर्माहत थे। इसलिए उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना दो पन्ने का इस्तीफा राज्यपाल को भेज दिया है। उन्होंने रोते हुए अपने इस्तीफे की जानकारी अपनी पत्नी को भी फोन के जरिए दी। बताया कि उनकी दो बेटियां हैं। अयोध्या में विशेष अनुसंधान शाखा के उपायुक्त पद पर तैनात प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि अयोध्या भगवान राम की धरती है। विरोध संवैधानिक तरीके से संवैधानिक भाषा का प्रयोग करके किया जाए। प्रयागराज की धरती से हमारे मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ अनर्गल प्रलाप किया जा रहा था और समाज को धर्म और जाति में बांटने का प्रयास किया जा रहा था। यह पीड़ा मुझे हो रही थी। यह इस्तीफा उसी दर्द का परिणाम है। मैं सरकार के हर निर्णय के साथ हूं, जहां तक यूजीसी की बात है। यूजीसी एक संवैधानिक प्रक्रिया के तहत नियम बना है। सरकारी गजट में प्रकाशित हो गया है।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर फहराया तिरंगा, कहा- नागरिकों के प्रति हर संस्था जवाबदेह

# समष्टि के भाव के साथ जोड़ने की प्रेरणा देता है संविधान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने सरकारी आवास पर ध्वजारोहण कर बीते 76 वर्षों की यात्रा में संविधान ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे, इसके बावजूद देश को एकता और अखंडता के सूत्र में बांधे रखा। भारत का संविधान समष्टि के भाव के साथ जोड़ने की प्रेरणा देता है और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को सशक्त करता है।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, संविधान शिल्पी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और नेताजी सुभाष चंद्र बोस सहित सभी राष्ट्रनायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इन महान विभूतियों के त्याग और संघर्ष के कारण ही भारत स्वतंत्र होकर लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ सका। योगी ने कहा कि संविधान ने सम-विषम परिस्थितियों में देश का संबल बनकर मार्गदर्शन किया है। हम भारत के लोग की भावना हर नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। उसंविधान का वास्तविक संरक्षक देश का नागरिक होता है, इसलिए हर संस्था, मंत्रालय और विभाग को नागरिकों के प्रति अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। योगी ने संविधान के तीन मूल शब्द- न्याय, समता और बंधुता का उल्लेख करते हुए कहा कि बिना भेदभाव के न्याय, परस्पर समता और सामाजिक बंधुता का भाव ही विकसित भारत की नींव है। यदि समाज में इन मूल्यों का पालन हो, तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। 'राष्ट्र प्रथम' का भाव देश के संकल्पों को नई ऊर्जा देता है और यही भावना संविधान में निहित है।



गणतंत्र दिवस समारोह पर अपने आवास पर कलाकारों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री।

### 10 राज्यों के 18 समूह व 261 कलाकार सम्मानित

मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर उन कलाकारों का सम्मान किया, जिन्होंने 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन राज्यों की कला-संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियां दीं। मुख्यमंत्री ने कलाकारों से संवाद किया, उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें प्रदेश भ्रमण का आमंत्रण भी दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी कलाकार अयोध्या जाना चाहें, उनके भ्रमण की पूरी व्यवस्था की जाए।




# आबकारी मंत्री ने फहराया तिरंगा, ली परेड की सलामी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** जिले में 77 वें गणतंत्र का पर्व हर्षोल्लास के बीच मनाया गया। सरकार व अर्ध सरकारी कार्यालयों के साथ प्रतिष्ठानों पर तिरंगा शान से लहराया गया। विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

पुलिस लाइन में प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल ने झंडा फहराकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के साथ परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। संविधान के संकल्प की शपथ दिलाई गई। मंत्री ने समाज में सहयोग, सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था में सहयोग करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। परिक्षेत्रीय कार्यालय में अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रवीण कुमार ने ध्वज फहराया।

पुलिस महानिदेशक निरीक्षक अक्षय कुमार को पुलिस सेवा में सराहनीय योगदान के लिए प्रशंसा चिन्ह (स्वर्ण पदक) से और उपनिरीक्षक प्रकाश पाण्डेय को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह से अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने अलंकृत कर सम्मानित किया। यहां प्रशासन और पुलिस के अफसर मौजूद रहे।


पुलिस लाइन में पुलिसकर्मी को प्रशस्ति पत्र देते प्रदेश के मंत्री नितिन अग्रवाल साथ में मंडलायुक्त राजेश कुमार, एडीजी /आईजी प्रवीण कुमार, एसएसपी गौरव ग्रोवर।

मंडलायुक्त राजेश कुमार ने अपने कैंप कार्यालय और कार्यालय परिसर में तिरंगा फहराया। सभागार में गणतंत्र दिवस के महत्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कमिश्नर ने भारतीय संविधान के मूल्यों, लोकतंत्र की मजबूती तथा राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। डीएम निखिल टी. फुंडे ने कैंप व कलेक्ट्रेट कार्यालय में तिरंगा फहराया। संकल्प का वाचन किया गया। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/राष्ट्रीय नेताओं की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद अभय दत्त सिंह की पत्नी शांति देवी को शॉल व पुष्प माला से सम्मानित किया गया। डीएम ने स्वतंत्रता में शहीदों के योगदान पर प्रकाश डाला गया। कहा कि हमारा संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का संदेश देता है। एडीएम एल/ए कौशल कुमार, एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह, एडीएम योगानंद पाण्डेय, एडीएम वि/रा. अमित कुमार भट्ट, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, एआरओ पवन कुमार शर्मा, डिप्टी कलेक्टर गजेन्द्र कुमार आदि ने भी संबोधित व्यक्त किया। संचालन मेला सहायक कौशल कुमार श्रीवास्तव ने किया।

**प्ले वे मॉन्टेसरी स्कूल में हुए कार्यक्रमः अयोध्याः** प्ले वे मॉन्टेसरी स्कूल में स्कूल के निदेशक सुप्रीत कपूर और प्रबंधक नीरा कपूर ने झंडा फहराया। बच्चों ने राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक नीरा कपूर ने बच्चों को गणतंत्र दिवस मनाए जाने के बारे में बताया। निदेशक सुप्रीत कपूर ने बच्चों को बताया कि 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू हुआ था। डीएवी पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या पुष्पा कुमारी ने की।


प्ले वे मॉन्टेसरी स्कूल में ध्वजारोहण करते निदेशक सुप्रीत कपूर व प्रबंधक नीरा कपूर। अमृत विचार

**कुलपति ने फहराया ध्वज, ली सलामीः अयोध्याः** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। एनसीसी के कैडेटों ने तिरंगे को सलामी दी। मार्च पास किया। छात्र-छात्राओं के बीच सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता प्रतिभागियों को कुलपति ने पदक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

अवध विश्वविद्यालय में धन्वंतरी भवन के समक्ष कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने तिरंगा फहराया। कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल ने परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, डॉ. राममनोहर लोहिया एवं सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कुलपति ने गणतंत्र दिवस समारोह में मौजूद सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता अखंडता को बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई। एनसीसी के छात्राओं की परेड का कुलपति ने निरीक्षण किया।


कृषि विवि में ध्वजारोहण करते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह।

## 77 वें गणतंत्र पर्व पर पुलिस में सम्मानित किए जाने वाले अधिकारी और कर्मचारी

बलवन्त कुमार चौधरी एसपी को प्रशस्ति पत्र, मणिशंकर तिवारी, निरीक्षक, राष्ट्रपति का सराहनीय सेवा पदक, गंधर्व पाल, मु.आ., गृह मंत्रालय भारत सरकार का अति उत्कृष्ट सेवा पटक, अमरेश कुमार त्रिपाठी, उ.नि. प्रभारी सर्विलांस/एसओजी सेल, पुलिस महानिदेशक का उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, अशोक कु. पाण्डेय, उनि सेवाभिलेख के आधार पर पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह सिल्वर, राधेश्याम, उ.नि आधार पर पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह सिल्वर, शिवपूजन यादव, मु.आ. परिवहन, सेवाभिलेख के आधार पर पुलिस महानिदेशक का सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, देवाशीष सिंह, मु.आ. शौर्य के आधार पर पुलिस महानिदेशक का सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, सौरभ सिंह, मु.आ., शौर्य के आधार पर पुलिस महानिदेशक का सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, अंकित राय, आ.ना.पु., शौर्य के आधार पर पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह सिल्वर, आनन्द धर तिवारी, आ.ना.पु., शौर्य के आधार पर पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह सिल्वर।

## कलावती मेडिकल सेंटर में मना गणतंत्र दिवस



झंडा फहराने के बाद प्रोपराइटर सुमन वर्मा, चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र वर्मा व अन्य।

**अयोध्या, अमृत विचार :** देवकाली बाईपास स्थित कलावती मेडिकल सेंटर में गणतंत्र दिवस उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। सेंटर की प्रोप्राइटर सुमन वर्मा ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। संस्थापक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व, संविधान की गरिमा और राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्टाफ को प्रेरित किया कि वे अपने पेशेवर दायित्वों के साथ-साथ समाज सेवा और देशहित को सर्वोपरि रखें। फार्मासिस्ट सौरभ, प्रिंस मौर्य, अमन वर्मा, स्टाफ नर्स पूनम, रोशनी, प्रिंशु यादव, लैब टेक्नीशियन आलोक वर्मा, शुभम रहे।

## महर्षि महेश योगी विवि में मना गणतंत्र दिवस

**अयोध्या, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस के मौके पर महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल सीपी सिंह ने झंडा फहराया। अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को देश की एकता और संविधान का सम्मान करना चाहिए। कुलपति प्रो. भानु प्रताप सिंह ने कहा कि संविधान हमें बराबरी और भाईचारे का संदेश देता है। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



महर्षि महेश योगी रामायण विवि में ध्वजारोहण समारोह में मौजूद अतिथि व शिक्षकगण। अमृत विचार

# संस्थानों और स्कूलों में फहराया गया तिरंगा

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचारः** ग्रामोदय महाविद्यालय रामपुर सरधा में प्राचार्य चेयरमैन डॉ संदीप सिंह, ग्रामोदय इंटर कॉलेज में प्रबंधक पीएन सिंह, ग्रामोदय पब्लिक स्कूल में इंजीनियर दीपक सिंह ने तिरंगा ध्वज फहराया। नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा कार्यालय पर चेयरमैन मोहम्मद राशिद, गंगौली पंचायत भवन पर प्रधान प्रतिनिधि अनिल तिवारी, पंचायत भवन कर्मा कोडरी पर प्रधान प्रतिनिधि अतुल सिंह, बच्चू लाल इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह, पंचायत भवन अंजना पर प्रधान कुमार यादव ने, पंचायत भवन मड़ना पर प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव, सीएससी पूराबाजार पर अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा, ब्लॉक कार्यालय पर बीडीओ अनुराग सिंह, पंचायत भवन नरायनपुर पर प्रधान राजेश कोरी, विद्युत उपकेंद्र रसूलाबाद पर अवर अभियंता राकेश प्रसाद, पंचायत भवन शांतिपुर पर प्रधान मंजू सिंह, श्री सत्यनारायण इंडियन ग्रामीण वितरक जलालुद्दीन नगर पर संतोष सिंह, पीवीएस इंटर कॉलेज कादीपुर पर प्रबंधक सुरेंद्र कुमार उपाध्याय, टीआर पब्लिक स्कूल ऐमी आलापुर में पूर्व कप्तान रंजीत दुबे व हरिप्रसाद दुबे ने तिरंगा फहराया।


झंडारोहण करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप सिंह व अन्य। अमृत विचार


नगर पंचायत कार्यालय भरतकुंड भदरसा में झंडारोहण करते हुए मोहम्मद राशिद।


पंचायत भवन गगौली पर झंडारोहण करते हुए प्रधान प्रतिनिधि अनिल तिवारी।

## रिक्शा चलाने वाली महिला सम्मानित

**बड़ागांव, अमृत विचार :** सोहावल ब्लॉक की ग्राम पंचायत बरवा की शिवलली वर्मा ने ई-रिक्शा चलाकर महिला सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की। प्रधान अयोध्या प्रसाद वर्मा ने गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया। प्रधान ने बताया पहले ई- रिक्शा चालक शिवलली वर्मा के पति चलाते थे लेकिन बाद में जनक लली ने खुद स्टेरिंग संभाली। मौके पर पारसनाथ वर्मा (फौजी), विपुल वर्मा, स्कूल एवं आंगनवाड़ी स्टाफ मौजूद रहा।

## राजाराम सेवा संस्थान ने लोगों में बांटे कंबल

**अयोध्याः** राजाराम सेवा संस्थान की ओर से 77वें गणतंत्र दिवस पर करम अली का पुरवा में क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को कंबल व लड्डू वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के अध्यक्ष इन्दर प्रीत सिंह बेदी ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व ही नहीं, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के प्रति अपने दायित्व निभाने का अवसर भी है। राजाराम सेवा संस्थान भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी कार्य करता रहेगा। अध्यक्ष की धर्मपत्नी रजनी छेत्री, राजेश चौबे, डॉ. राकेश तिवारी, पवन पटेल, आशीष कौर, रश्मि चौरसिया, ललिता तिवारी, कल्पना मिश्रा व रेनु सिंह समेत सभी सदस्यों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी-सुलतानपुर

पत्रांकः-बेसिक / 37688 /2025-26 दिनांक 24-01-2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

**श्री शुभम त्रिपाठी (निलम्बित) स०अ०**
**कम्पो०वि० करबा, वि०क्षे० कूरेभार**
**सम्बद्ध ब्लॉक संसाधन केन्द्र बल्दीराय, सुलतानपुर।**

कार्यालय के पत्रांक बे0शि0/प्रबन्ध/31472-80/2025-26 दिनांक 12.12.2025 द्वारा आपको निलम्बित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय, सुल्तानपुर को जांच अधिकारी नामित किया गया। जांच अधिकारी / खण्ड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक बी0आर0सी0/जांच आख्या/926/2025-26 दिनांक 24.01.2026 के द्वारा जांच आख्या प्रस्तुत की गयी है। प्रकरण में अधोहस्ताक्षरी द्वारा श्री अजय सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी लम्भुआ को प्रतिनिधि नामित करते हुए ब्लॉक संसाधन केन्द्र लम्भुआ पर आपकी सुनवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है, तथा उन्हें आपके द्वारा सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने तथा अनुचित/अमर्यादित टिप्पणी से सम्बन्धित साक्ष्य उपलब्ध करा दिये गये हैं। सुनवाई से सम्बन्धित आपको सूचित किये जाने हेतु जांच अधिकारी / खण्ड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय एवं नामित प्रतिनिधि खण्ड शिक्षा अधिकारी लम्भुआ को निर्देशित करते हुए सम्बन्धित अभिलेख उपलब्ध करा दिये गये हैं।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको निर्देशित किया जाता है कि सुनवाई हेतु निर्धारित स्थल ब्लाक संसाधन केन्द्र लम्भुआ पर दिनांक 27.01.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे खण्ड शिक्षा अधिकारी लम्भुआ के समक्ष उपस्थित होकर अपना साक्ष्य सहित पक्ष/अभिकथन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। सुनवाई हेतु आपके न उपस्थित होने पर उपलब्ध अभिलेखों एवं साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**(उपेन्द्र गुप्ता)**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सुलतानपुर।

## कनक किड्स व सरयू इंटरनेशनल स्कूल में उल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस


सरयू इंटरनेशनल में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान करते डॉ. संजय तिवारी व अन्य।


कनक किड्स में ध्वजारोहण करती निर्देशिका डॉ. मधु त्रिपाठी व शिक्षिकाएं।

**अयोध्या, अमृत विचार :** पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल एवं अयोध्या बाईपास पर स्थित प्रतिष्ठित सरयू इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कनक किड्स में मुख्य अतिथि केके मिश्रा, स्कूल की निदेशिका डॉ. मधु त्रिपाठी और सरयू इंटरनेशनल स्कूल में चेयरमैन डॉ. संजय तिवारी, प्रिंसिपल सोनल शुक्ला ने झंडा फहराकर की। तीन रंगों के गुब्बारे छोड़े। दोनों स्कूलों में बच्चों ने राष्ट्रगान गाकर झंडे को सलामी दी। देश भक्ति गीत, नृत्य, कविता, एवं भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि केके मिश्रा, निदेशिका डॉ. मधु त्रिपाठी व चेयरमैन डॉ. संजय तिवारी ने बच्चों को संविधान, अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी तथा देश के अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा दी। भारतीय संविधान के नियमों को बताते हुए मातृभूमि के प्रति उनके कर्तव्यों का बोध कराए। इस मौके पर कनक किड्स की प्रधानाचार्या प्रीति सिंह, उपप्रधानाचार्या आकांक्षा पांडे, शिक्षिकाएं शालू सिंह, अनीता सिंह, प्रिया सिंह, अनामिका राव, अलका पांडे, वंशिका शुक्ला, राधिका पाठक, प्रियंका राजभर, रिचा आनंद आदि मौजूद रहे।

# अवध इंटरनेशनल में हुईं प्रतियोगिताएं कावेरी हाउस अव्वल


गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण करते हुए स्कूल के संरक्षक अतुल कुमार सिंह।

अयोध्या कार्यलय

**अमृत विचार :** आशापुर स्थित अवध इण्टरनेशनल स्कूल में 77वाँ गणतन्त्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इसका शुभारम्भ विद्यालय के संरक्षक अतुल कुमार सिंह ने झंडा फहरा कर किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि देश को आजादी बहुत ही सघर्षों के बाद मिली है। गणतन्त्र दो शब्दों से मिलकर बना है जो एक-दूसरे के पूरक हैं। इनमें से कोई भी कमजोर या अपनी राह से भटक गया तो इसका सुचारु रुप से बल पाना कठिन हो जायेगा। इस मौके बॉल पिकिंग इन बास्केट, हुला हुप्स रेस, कैटरपिलर रेस, कोन जिग-जैग रेस, 100 मीटर, 200 मीटर दौड, 4X100 मीटर रिले रेस, 800 एवं 1500 मीटर रेस, अभिभावकों की धीमी साइकिल रेस, महिला अभिभावकों एवं अध्यापकों की रस्साकसी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कावेरी हाउस प्रथम, नर्मदा हाउस द्वितीय, यमुना हाउस तृतीय व गंगा हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कशिश वर्मा, श्तारा सिंह, रशमी वर्मा, पूर्णिमा सिंह, वरुण दूबे, डॉ. एसएन त्रिपाठी, प्रदीप पाण्डेय समेत अभिभावक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कार्यालय उप कृषि निदेशक बहराइच

पत्रांक: 2659 / कृषि-सामान्य / फार्मर रजिस्ट्री/2025-26/ दिनांक 24/01/2026

प्रिय कृषक भाईयों और बहनों,

जनपद बहराइच के सभी किसान भाइयों और बहनों को सूचित किया जाता है कि फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अब तक जिले के 508600 किसानों में से 348146 किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। यह योजना किसानों के लाभ के लिए है, जिससे आपको सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, और अनुदानों का लाभ आसानी से मिल सके।

फार्मर रजिस्ट्री के लाभ: सटीक पहचान आपकी भूमि और फसल का सही रिकार्ड दर्ज किया जाएगा। कृषि संबंधित सभी सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता दी जाएगी। डिजिटल सुविधा की यह प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल है, जिससे किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। सब्सिडी, फसल बीमा, केसीसी, धान खरीद, और अन्य लाभ सीधे आपके बैंक खाते में पहुंचेंगे। फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु कृषक भाइयों को अपना आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन व नम्बर, भूमि रिकार्ड (खसरा, खतौनी की प्रति) के साथ अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री करा सकते है। अधिक जानकारी के लिये कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों, अधिकारियों एवं राजस्व विभाग के लेखपाल से सम्पर्क कर सकते है। सभी किसान भाइयों और बहनों से अनुरोध है कि जल्द से जल्द अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा लें। क्योंकि फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराये जाने से आप बीज, खाद, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य सरकारी आदि योजनाओं से वंचित हो सकते है।



(विनय कुमार वर्मा)
उप कृषि निदेशक
बहराइच

(मुकेश चन्द्र)
मुख्य विकास अधिकारी
बहराइच

(अक्षय त्रिपाठी)
जिलाधिकारी
बहराइच

## न्यूज ब्रीफ

### खेलकूद स्पर्धाएं 17 से

**अयोध्या,अमृत विचार :** शिक्षा निदेशक के निर्देशों के अनुसार परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए मण्डलीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताएं 17 व 18 फरवरी को डॉ. भीमराव अम्बेडकर राज्य विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान, मकबरा, में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लाल चन्द्र ने सभी बीईओ को 28 बुधवार को दोपहर 3 बजे उनके कार्यालय कक्ष में तैयारी बैठक में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### व्यवसाई के घर चोरी

**कुमारगंज, अयोध्या :** कुमारगंज थाना क्षेत्र के तेन्धा बाजार में कमलेश कुमार अग्रहरि की आढ़त की दुकान एवं मकान है। पीड़ित व्यवसाई ने बताया कि चोर पूजा घर में रखी अलमारी से लगभग 15 हजार नकद, पासपोर्ट, क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, अन्य जरूरी कागजात और एक ब्रीफकेस चुरा ले गए। सीसीटीवी फुटेज में 26 जनवरी की रात करीब दो बजे शॉल ओढ़ा एक व्यक्ति घर में घुसता दिखता है, कुछ देर बाद वह हाथ में बैग लिए कमरे से बाहर निकलता दिखाई दे रहा है।

### दुकान का ताला तोड़ते एक को पकड़ा

**सोहावल, अयोध्या :** रौनाही थाना सत्तीचौरा चौकी क्षेत्र बरई कला लोहिया पुल स्थित जनसेवा केंद्र पर 25 जनवरी देर रात बाइक सवार दो युवकों ने ताला तोडकर चोरी करने का प्रयास किया। दुकान के नीचे कमरे में सो रहे धौरहरा निवासी शिव शंकर सिंह आवाज सुन मौके पर पहुंचे व शोर मचाया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ लिया जबकि दूसरा भाग गया। आरोपियों से हुई हाथापाई में शिव शंकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे लखनऊ रेफर किया गया है।

# बैंककर्मियों की हड़ताल, सौ करोड़ का लेन-देन प्रभावित

## जिले के सभी बैंक शाखाओं पर लटके ताले, सेवाएं हुईं प्रभावित



सेंट्रल बैंक के समक्ष प्रदर्शन करते यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के पदाधिकारी व बैंककर्मी। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राष्ट्रीयकृत बैंकों में पांच दिवसीय कार्य दिवस की मांग को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन (यूएफबीयू) के एक दिवसीय हड़ताल के आह्वान पर मंगलवार को जिले के सभी सरकारी बैंकों में ताला लगा रहा। इससे करीब 100 करोड़ का लेन-देन प्रभावित हुआ।ग्राहकों को परेशानी भी हुई।

यूएफबीयू के एक संगठन ने संयोजक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा सिविल लाइंस के समक्ष विरोध-प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए सभा की। सभा को संबोधित करते हुए संयोजक ने कहा कि सात-आठ वर्षों से संगठन द्वारा पांच दिवसीय बैंकिंग प्रणाली की मांग की जा रही है। सात दिसंबर 2023 को इंडियन बैंकर्स एसोसिएशन व यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के बीच इसको पांच दिवसीय कार्यप्रणाली लागू करने की सहमति बनी थी, लेकिन भारत सरकार द्वारा अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। इसके कारण आज हड़ताल की गई। बताया कि हड़ताल के चलते करीब 100 करोड़ का लेनदेन प्रभावित हुआ। सेंट्रल बैंक यूनियन के प्रांतीय महामंत्री केके रस्तोगी ने बताया कि दो माह से हम धरना प्रदर्शन कर मांग कर रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। यूनियन बैंक के नेता एकांत सिन्हा, बैंक ऑफ बड़ौदा के नेता अमित यादव, पीएनबी के नेता अशोक पांडेय, यूको बैंक के अशोक सिंह, केनरा बैंक के निशांत सिंह आदि ने कहा कि रिजर्व बैंक, एलआईसी व अन्य फाइनेंशियल सेक्टर में पांच दिवसीय प्रणाली लागू है तो अन्य बैंकों में क्यों नहीं लागू की जा रही है। इस अवसर पर बॉब के प्रांतीय सहायक मंत्री अमित, डीएन तिवारी, मयंक गुप्ता, नीरज तिवारी समेत अन्य बैंक कर्मी मौजूद रहे।

### रैली निकालकर जताया विरोध

यूएफबीयू के एक अन्य संगठन ने एसबीआई मेन ब्रांच के समक्ष एकत्रित होकर रैली निकाल विरोध जताया। सभी बैंक कर्मचारी पुष्पराज चौराहे से होते हुए सिविल लाइंस तक गए। नेतृत्व कर रहे पीएनबी बैंक के नेता वीके सिंह ने कहा कि बढ़ते तनाव के कारण बैंक कर्मचारियों की सेहत कम उम्र में ही खराब हो रही है। कई बैंक कर्मी इसी कुंठा में आत्महत्या जैसे भयानक कदम उठा लेते हैं। यह स्थिति बैंकिंग क्षेत्र में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की आवश्यकता को और बल देती है। रैली में मंत्री डीसी टंडन, विक्रांत गुप्ता, इंद्रराज, निशांत सिंह, पवन सिंह, अवधेश कुमार श्रीवास्तव समेत भारी संख्या में बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।

# गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से किसान की मौत

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार:** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के जमूरतगंज बिल्वहर घाट मार्ग पर गंगौली चौराहा के पास गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से किसान की मौत हो गई जबकि चालक घायल हो गया। महाराजगंज थाना क्षेत्र के मड़ना मांझा गांव निवासी रामजी यादव (40) पुत्र रामविलास यादव गांव के ही छठी लाल यादव की ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गन्ना लादकर शुगर मिल मसौधा जा रहा था। गंगौली चौराहा के पास सोमवार रात करीब 10:30 बजे ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे रामजी यादव गंभीर रूप से घायल हो गया।चालक छठी लाल यादव को भी चोट आई। पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरा बाजार पहुंचाया जहां इलाज के दौरान किसान रामजी यादव की मौत हो गई। थाना प्रभारी मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अब कटरा (गोंडा) से सहादतगंज को चलेगी सिटी बस, हुआ ट्रायल

- पुराने पुल से होते हुए पहुंचेगी अयोध्या, लता चौक-राम मंदिर होते हुए जाएगी सहादतगंज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सिटी ट्रांसपोर्ट सेवा ने गोंडा जिले के कटरा से सहादतगंज तक ई बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। इस मार्ग पर पांच बसों का संचालन किया जाएगा। सभी बसें कटरा से चलकर पुराने पुल से होते हुए लता चौक, यहां से राम मंदिर होते हुए सहादतगंज तक आएंगी व जाएंगी, मंगलवार को इसको लेकर ट्रायल किया गया। वर्तमान में विभिन्न रूटों पर 15 ई-बसों का संचालन किया जा रहा है। इनमें 13 बसों का संचालन लता चौक से सहादतगंज तक व दो बसों का संचालन सहातगंज से मेडिकल कॉलेज दर्शननगर तक चल रही हैं। सिटी ट्रांसपोर्ट सेवा के प्रबंध निदेशक व परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि मेला व पर्वों पर यात्रियों व श्रद्धालुओं की मांग को लेकर लता चौक से चलने वाली पांच बसों का संचालन अब गोंडा के कटरा चौराहे से किया जाएगा। इससे गोंडा, बहराइच, बलरामपुर से आने वाले श्रद्धालुओं को सरयू घाट व राम मंदिर तक पहुंचने में आसानी होगी। बसों की टाइमिंग इस प्रकार रखी गई है कि हर आधे घंटे पर लोगों को बस उपलब्ध हो सके। ई-बस सेवा के मैनेजर अनूप अवस्थी ने बताया कि मंगलवार को इस बस सेवा को प्रारंभ करने से पूर्व ट्रायल किया गया जो सफल रहा, बुधवार से इस सेवा को विधिवत शुरू कर दिया जाएगा।

# रेलवे क्रॉसिंग पार करने की कोशिश में बैरियर से टकराया स्कूल ऑटो

**अयोध्या, अमृत विचार:** अयोध्या कोतवाली अंतर्गत रानोपाली क्रॉसिंग पर मंगलवार सुबह स्कूली बच्चों से भरे ऑटो चालक ने क्रॉसिंग बंद होते ही उसे पार करने की कोशिश की। एक पोल पार करते समय दूसरा पोल बंद हो गया। इससे ऑटो पोल से टकरा गया, जिससे एक पोल क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि मौके पर ट्रेन नहीं पहुंची थी, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया।

घटना सुबह करीब 8:30 की है। दुर्घटना देख आसपास के लोग दौड़े व सभी बच्चों को ऑटो से बाहर निकाल क्रॉसिंग के बाहर किया। मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने ऑटो चालक को वाहन समेत कब्जे में ले लिया। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के आरपीएफ थाना प्रभारी नीरव मिश्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऑटो चालक की लापरवाही सामने आई है। चालक रिजवान निवासी वशिष्ठ कुंड थाना राम जन्मभूमि के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज उसे रेलवे मजिस्ट्रेट लखनऊ के समक्ष पेश किया गया है।



विक्रम की टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त रानोपाली रेलवे क्रॉसिंग का बैरियर। अमृत विचार

# सीवर लाइन बिछाने में आ रही बाधा करें दूर

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** जनशिकायतों के त्वरित समाधान के लिए मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में कुल 19 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 13 का महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने समाधान कराया। छह प्रकरण गली एवं नाली निर्माण कार्य से जुड़े थे, जिसकी जांच कर स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए।

महापौर ने पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करके चिन्हित कमियों को दूर करने का निर्देश दिया। सीवर लाइन बिछाने संबंधी विवाद सामने आने पर त्वरित समाधान कराने के लिए महाप्रबंधक जलकल को निर्देश दिया। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने नामांतरण एवं जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र संबंधी प्रकरण की जांच कर जल्द से जल्द जारी करने समेत समस्याओं का समाधान कराया। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, निर्माण खंड के सहायक अभियंता भारत वर्मा मौजूद रहे।

# बेहतर बिजली आपूर्ति को 23 करोड़ का प्लान तैयार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पॉवर कॉर्पोरेशन ने गर्मियों में बिजली सप्लाई सुचारू रखने के लिए करीब 23 करोड़ का समर प्लान तैयार किया है।

मुख्य अभियंता वितरण बृजेश कुमार ने बताया कि इसके तहत जिले में करीब 100 गांवों में 20 करोड़ रुपये खर्च कर 1500 से ज्यादा नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही कस्बे व गांवों में सप्लाई व्यवस्था मजबूत करने के लिए 2 करोड़ 80 लाख रुपये से सात पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। नए ट्रांसफार्म स्थापित करने का काम अप्रैल से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

कहा कि जिले में फरवरी-मार्च में करीब 1000 नए सिंगल फेज ट्रांसफार्मर लगाने की योजना है। इस पर करीब 10 करोड़ रुपये लागत आएगी। यह ट्रांसफार्मर उन घरेलू कनेक्शनों के लिए लगाए जाएंगे जहां क्षमता से ज्यादा उपभोक्ता जुड़े हैं। इसके साथ ही 10 करोड़ खर्च कर 500 से ज्यादा थ्रीफेज ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ ही थ्रीफेज सप्लाई से जुड़े उपभोक्ताओं को भी बिजली सप्लाई से जुड़ी समस्या नहीं रहेगी।



उत्तराखंड के पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी को मंदिर की जानकारी देते हुए ट्रस्टी चंपतराय। अमृत विचार

### उत्तराखंड के पूर्व सीएम कोश्यारी ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने रामलला के दर्शन किये। कहा कि बचपन से ही भगवान श्रीरम के भक्त हैं। कक्षा10 से हर दिन रामायण की 10 चौपाई पढ़ता हूं।इस दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने पूरे परिसर के भव्यता की भी जानकारी साझा किया है। हमें श्रीराम से सीख लेकर देश को दुष्टों से मुक्त करके रामराज्य लाना चाहिए। श्रीराम मंदिर का निर्माण देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। अयोध्या आकर उन्हें गहरा आत्मिक संतोष प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में नेतृत्व का गंभीर संकट है। केरल जैसे राज्यों में भी भाजपा को सफलता मिल रही है। इससे स्पष्ट है कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भगवान श्रीराम के साथ खड़ी है।

# राम मंदिर की भव्यता देख तोगड़िया भावुक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम मंदिर परिसर के 70 एकड़ में संपूर्ण कार्य का निर्माण देखकर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया भावुक हो गये। लगभग एक घंटे परिसर में भ्रमण कर निर्माण कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखा गया है। बहुत ही परिश्रम से यह मंदिर सर्वश्रेष्ठ बना है। लोगों की सुविधा का भी ध्यान रखा गया है। वह सोमवार देर शाम गोरखपुर से लखनऊ जाते समय मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र भवन में ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय से भी मुलाकात की।

माघ मेले में स्नान न करने से नाराज अभिमुक्तेश्वरानंद पर कहा कि हमारे पूजनीय संत व महंत दोनों धर्म के ज्ञाता है। ठीक है कुछ हो गया, लेकिन हिन्दू समाज को आगे ले जाने का काम यही संत ही करेंगे।

मथुरा और काशी पर दावा करते हुए कहा कि अयोध्या, मथुरा व विश्वनाथ तीनों लेंगे एक साथ का नारा दिया है। यूजीसी कानून पर कहा कि हिंदू समाज बंटना नहीं चाहिए। किसी भी जाति के साथ अन्याय न हो, इसका ध्यान रखकर सरकार को आगे सोचना चाहिए। नहीं तो दीर्घकालीन नुकसान होगा। किसी के साथ अन्याय होगा तो भी समस्या खड़ी होगी।



राम मंदिर की भव्यता को देखते हुए प्रवीण तोगड़िया, ट्रस्टी चंपतराय व अन्य। अमृत विचार

# स्कूलों के सामने रंबल स्ट्रिप लगाने के निर्देश

## सांसद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई सड़क सुरक्षा संसदीय क्षेत्र समिति की बैठक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सांसद अवधेश प्रसाद की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा के लिए संसदीय क्षेत्र समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें अवैध कट बंद करने, गुमटी-ठेले हटाने एवं स्कूलों के सामने रंबल स्ट्रिप लगाने के निर्देश दिए गए।

आरटीओ (प्रवर्तन) विश्वजीत सिंह ने सड़क सुरक्षा समिति के उद्देश्यों एवं जिले में सड़क दुर्घटनाओं तथा उनमें होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाने के लिए की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी। समिति के अध्यक्ष सांसद अवधेश प्रसाद ने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिया कि रायबरेली–अयोध्या मार्ग पर बाला सराय स्थित कंपनी द्वारा बनाए गए अवैध कट को तत्काल बंद किया जाए। उन्होंने नाका से हवाई अड्डा मार्ग पर अवैध रूप से स्थापित गुमटियों एवं ठेलों को हटवाने व जिला गन्ना अधिकारी को शुगर मिलों में गन्ना ढुलाई में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं ट्रकों पर रेडियो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने हाईवे किनारे स्थित विद्यालयों के सामने मार्ग पर रंबल स्ट्रिप लगाने का सुझाव दिया। उपस्थित विद्यालय प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि स्कूल बसों का संचालन नियमानुसार फिटनेस प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद ही किया जाए। बैठक में एडीएम सिटी योगानंद पांडेय, एसपी यातायात एपी सिंह, आरटीओ (प्रशासन) ऋतु सिंह, एआरटीओ डॉ. आरपी. सिंह, गुलाबचंद सहित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा संसदीय क्षेत्र समिति की बैठक की अध्यक्षता करते सांसद अवधेश प्रसाद। अमृत विचार

# डिप्टी सीएम व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे अयोध्या

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार:** प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने भाजपा के विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू के अश्विनीपुरम कॉलोनी के पर पहुंचकर उनकी मां को श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि बीमारी के चलते खब्बू तिवारी की मां का निधन हो गया था। दोनों नेताओं ने शोक संवेदना प्रकट की। इसके साथ उनके आवास पर शोक संवेदना करने वालों की भीड़ थी।

# रोजगारपरक शिक्षा को दें बढ़ावा : कृष्ण कुमार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पक्का स्किल्स (यश आईटीआई, दर्शन नगर) में 77वाँ गणतंत्र दिवस उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने झंडा फहराकर किया। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं की भविष्य की आवश्यकताओं को समझते हुए फ्यूचर स्किल्स और रोजगारपरक शिक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे तकनीक के केवल उपभोक्ता न बनें, बल्कि उसके सृजनकर्ता बनकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम की गेस्ट ऑफ ऑनर अपूर्वा पाण्डेय, जो पक्का स्किल्स की पूर्व छात्रा एवं वर्तमान में पक्का लिमिटेड में कार्यरत हैं, ने अपनी सफलता यात्रा साझा कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

इस वर्ष कार्यक्रम की थीम वंदे मातरम् रही, जो राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रखी गई। विद्यार्थियों द्वारा ड्रॉइंग, स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिताएँ प्रस्तुत की गईं। अंत में पक्का स्किल्स को एक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर पक्का लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गौतम घोष, सीएफओ नितिका, शैलेन्द्र सिंह, अंकुर, पक्का स्किल्स के प्रिंसिपल रमेश कोटी, स्किलिंग एक्सीलेंस हेड शसंकर्षण शुक्ला आदि मौजूद रहे।




पक्का स्किल्स में गणतंत्र दिवस समारोह में मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

# रामलला को अर्पित किया तिरंगा

**अयोध्या कार्यालय:** गणतंत्र दिवस पर राम लला को तिरंगा समर्पित कर देश की सुरक्षा और उन्नति के लिए आशीर्वाद मांगा गया। राम मंदिर के साथ अयोध्या के विभिन्न मंदिरों में में भी तिरंगासमर्पण के साथ शान से फहराया गया। राष्ट्र गान हुआ। गणतंत्र दिवस पर रामनगरी में जश्न का माहौल रहा। मंदिर में श्री राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने तिरंगा फहराया, राष्ट्रगान कर सलामी दी। राम जन्मभूमि परिसर में दो प्रमुख जगद्गुरु रामानंदाचार्य और आदि गुरु शंकराचार्य द्वार पर भी तिरंगा फहराया गया। यहां तैनात सुरक्षाकर्मी, अधिकारी व ट्रस्ट के भी लोग मौजूद रहे। परिसर में तैनात पीएसी, सीआरपीएफ, सिविल पुलिस और कमांडो के जवानों ने भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया। तिरंगा फहराया गया। इसके साथ ही हनुमानगढ़ी, कनक भवन, राम बल्लभ कुंज, राजगोपाल मंदिर, जानकी महल, राम हर्षण कुंज सहित संस्कृत पाठशाला और अन्य मंदिरों में भी तिरंगा फहराया गया। साकेत भवन मंदिर के महंत सीताराम दास व हनुमान गढ़ी के पुजारी दीपक दास ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर भगवान को तिरंगा अर्पित करते हुए देश की उन्नति और यहां की सुरक्षा के लिए भगवान से कामना की गई।




राम जन्मभूमि परिसर में ध्वजारोहण करते ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय। अमृत विचार

### मनरेगा बचाओ चौपाल आयोजित

**अयोध्या, अमृत विचार :** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कांग्रेस ने मनरेगा महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार योजना कानून बना गरीबों को रोजी-रोटी का साधन दिया था। भाजपा को गरीबों से कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। वह सदर तहसील के दशरथपुर गांव में मनरेगा बचाओ चौपाल में बोल रहे थे। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा भाजपा मनरेगा कानून बदलकर इस लोगों को बेरोजगार करना चाह रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा, जिला महामंत्री अनिल तिवारी ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप गौर ने किया।

### घुमंतू सांड़ से टकराई ट्रेन

**बड़ागांव, अमृत विचार :** लखनऊ-अयोध्या रेल प्रखंड के बड़ागांव रेलवे स्टेशन स्थित मंगलवार सुबह अजमेर से किशनगंज जा रही गरीब नवाज एक्सप्रेस एक घुमंतू सांड से टकरा गई। सांड रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। जिससे ट्रेन 121 मिनट विलंब से रवाना की गई। गाड़ी संख्या 15716 डाउन गरीब नवाज एक्सप्रेस 7 :14 पर बड़ागांव रेलवे स्टेशन क्रॉस कर रही थी। टक्कर से ट्रेन की प्रेशर पाइप,बम्फर, टूट गया। ट्रेन मेल लाइन पर ही खड़ी हो गई। स्टेशन मास्टर नीतीश कुमार ने बताया 7 :14 बजे आई ट्रेन जिसे 8 :35 पर एक घंटे इक्कीस मि . विलंब से रवाना हुआ।

# स्कूलों में हुए आयोजन, बच्चों को दी साइकिल

**अयोध्या, अमृत विचार :** पूराबाजार प्रतिनिधि के मुताबिक समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि सुरेश यादव ने विभिन्न विद्यालयों में तिरंगा फहराया। केडी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक सुग्रीव यादव, प्रधानाचार्य राम शुभग यादव, केसरी नंदन महाविद्यालय के प्रबंधक ध्रुव नारायण यादव, केडी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य लोग थे। **रानीबाजार प्रतिनिधि** के मुताबिक माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज अमौना में प्रधानाचार्य धर्मेंद्र पाठक, डिग्री कॉलेज में संस्थापक माधव प्रसाद पाठक, आयुर्वेदिक एवम युनानी चिकित्सालय में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमृता सिंह व प्राइमरी पाठशाला, ग्राम पंचायत सचिवालय पर राज कुमार प्रधान ने तिरंगा फहराया।

**बड़ागांव प्रतिनिधि** के मुताबिक भवदीय इंस्टीट्यूट सीवार में मिश्रीलाल वर्मा,पंडित प्रताप नारायण इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य हिटलर तिवारी, ग्राम पंचायत सचिवालय गोड़वा में प्रधान अनुज मिश्रा, देवराकोट ग्राम पंचायत सचिवालय पर प्रधान मनोज सिंह, ग्राम पंचायत सचिवालय करेरू में प्रधान गिरजेश त्रिपाठी, सचिवालय रामपुर ग्रंट में प्रधान दुर्गा प्रसाद निषाद, तहसीलपुर ग्राम पंचायत सचिवालय स्थित प्रधान अखिलेश सोनी,जन समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य प्रदीप वर्मा,स्वामी विवेकानंद कालेज में प्रधानाचार्य सुरेंद्र गोस्वामी से तिरंगा फहराया।

**बारुन प्रतिनिधि** के मुताबिक मजनाई स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में चेयरपर्सन सुचित्रा शुक्ला ने तिंरगा फहराया। खिहारन स्थिति मदरसा दारुल उलूम रजाए मुस्तफा पर भाजपा नेता ग्राम प्रधान अजीत मौर्य, मां कृपाला देवी शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान सुरवारा चमनगंज में प्रबंधक सुशीला तिवारी ने तिंरगा फहराया। पूर्व मावि करमडांडा में प्रधान मुकेश पंडित ने तिरंगा फहराया।



साइकिल वितरित करते समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव।

न्यूज ब्रीफ

### कैंची धाम जाते समय हादसा, तीन की मौत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी युवक बलरामपुर से उत्तराखंड स्थित कैंची धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसा नानपारा–लखीमपुर मार्ग पर सेमरहना गांव के पास हुआ, जहां कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई और पलट गई। जानकारी के अनुसार बलरामपुर के धुसाह निवासी अभिषेक शुक्ला अपने दोस्तों दीपू वर्मा (22 वर्ष, सिविल लाइन), नीतीश सिंह (24 वर्ष, अली नगर, थाना महराजगंज), अजय शर्मा और लवकुश शर्मा के साथ रविवार देर शाम कार संख्या यूपी 47 यू 2214 से कैंची धाम के लिए रवाना हुए थे।

### छह दिन बाद सरयू नहर से शव बरामद

**महदेईया बाजार, बलरामपुर :** सरयू नहर में छह दिन पहले गिरे 28 वर्षीय युवक महेंद्र गिरी उर्फ छोटकन का शव मंगलवार को बरामद कर लिया गया। तिलकहना पुल से करीब तीन किलोमीटर दूर मुजहनी फाटक के पास नहर में पीएसी को शव मिला, जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर निवासी महेंद्र गिरी पुत्र घिराउ 22 जनवरी को तिलकहना पुल से नहर में गिर गया था। परिजनों द्वारा कराई गई प्रारंभिक तलाश के असफल होने पर पीएसी सीतापुर की बाढ़ राहत दल और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाया। तेज बहाव और गहराई के कारण कठिनाइयों के बावजूद छह दिनों की लगातार कोशिश के बाद शव बरामद किया गया।

# समय से पूर्व खोला प्रश्न पत्र, परीक्षा में हंगामा

- कुलपति ने निरस्त किया परीक्षा केंद्र, तीन सदस्यीय जांच समिति का किया गठन

संवाददाता, बलरामपुर


नकल कराने का आरोप लगाकर हंगामा करते महाविद्यालय के परीक्षार्थी। | अमृत विचार

**अमृत विचार:** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर से संबद्ध पंडित जग नारायण शुक्ल ग्रामीण महाविद्यालय, तरबगंज जनपद–गोंडा में परीक्षा के दौरान हुई गंभीर अनियमितताओं को विश्वविद्यालय प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। प्रश्नपत्र समय से पूर्व खोलने, छात्रों को अलग कक्ष में बैठाकर नकल कराए जाने, हंगामा और गोपनीय सूचनाओं के लीक होने जैसी शिकायतों के बाद कुलपति ने तत्काल प्रभाव से महाविद्यालय का परीक्षा केंद्र निरस्त कर दिया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार 27 जनवरी 2026 को स्नातक स्तर की जीव विज्ञान विषय की परीक्षा के दौरान परीक्षा संचालन में गंभीर लापरवाही सामने आई। परीक्षा प्रारंभ होने से पहले प्रश्नपत्र खोले जाने और कुछ छात्रों को विशेष कक्षों में बैठाकर नकल कराए जाने की शिकायतें मिलीं, जिसके बाद छात्रों के बीच हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कुलपति के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। समिति में डीन कॉमर्स प्रो. बी.पी. सिंह को अध्यक्ष, प्रो. मंशा राम वर्मा को सदस्य तथा कुलसचिव परमानंद सिंह को संयोजक बनाया गया है।

समिति को न केवल परीक्षा में हुई अनियमितताओं, बल्कि महाविद्यालय में प्राचार्य नियुक्ति से संबंधित गोपनीय सूचना लीक होने के मामले में सहायक कुलसचिव की भूमिका की भी जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। समिति पांच दिनों के भीतर अपनी जांच आख्या विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंपेगी। इधर, निष्पक्ष और सुचितापूर्ण परीक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुलपति ने पंडित जग नारायण शुक्ल ग्रामीण महाविद्यालय, तरबगंज का परीक्षा केंद्र निरस्त कर दिया है। अब इस महाविद्यालय की शेष परीक्षाएं विपिन बिहारी शरण सिंह स्मारक महाविद्यालय, तरबगंज में संपन्न कराई जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों अथवा अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कुलपति प्रोफेसर रविशंकर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय सभी संबद्ध महाविद्यालयों में परीक्षा की सुचिता बनाए रखने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


मेडल व प्रमाण-पत्र पाने के बाद खुशी जताते बच्चे। | अमृत विचार

### यूरोकिड्स प्री-स्कूल में 'हेल्थ इज वेल्थ डे' और वार्षिक खेल दिवस का उल्लासपूर्ण आयोजन

**बलरामपुर, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर तुलसी पार्क स्थित यूरोकिड्स प्री-स्कूल (शारदा पब्लिक स्कूल द्वारा संचालित) में 'हेल्थ इज वेल्थ डे' एवं वार्षिक खेल दिवस का आयोजन हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति के माहौल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आर.के. बोस द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. तुलसीश दुबे एवं किरण दुबे उपस्थित रहीं। विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में डॉ. दुबे ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल अत्यंत आवश्यक है, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है। वहीं आर.के. बोस ने कहा कि प्री-स्कूल स्तर पर प्रतिस्पर्धा से अधिक सहभागिता और प्रोत्साहन जरूरी है, इसी उद्देश्य से सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान किए गए।

## गणतंत्र दिवस पर शान से लहराया तिरंगा, निकाली प्रभातफेरी व रैली

**उतरौला बलरामपुर:** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय और गैर-शासकीय शिक्षण संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। एचआरए इंटर कॉलेज, एम.जे. एक्टिविटी हाई स्कूल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित विभिन्न विद्यालयों में ध्वजारोहण के उपरांत प्रभात फेरी एवं देशभक्ति रैलियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम से सराबोर हो गया। रैलियों के माध्यम से संविधान के प्रति निष्ठा, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। विद्यालय परिसरों में बच्चों को गणतंत्र दिवस के महत्व की जानकारी दी गई तथा संविधान की मूल भावना को जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर संतोष सिंह, अली अब्बास रिज़वी, पंकज वर्मा, कुर्बान अली, गुलाब चंद, सुमंत सिंह, रज़ा क्लिनिक, विद्यादत्त भट्ट, ऐमन रिज़वी, रब्बू सिद्दीक़ी, तवक्कल हुसैन, अन्सार अहमद खान, गुर्देश कुमार, अकील अब्बास, स्वर्गीय मोहम्मद जमील, डॉ. सी.पी. सिंह, मंजूर कुरैशी, उतरौला कोतवाल, अदीबिया पब्लिक स्कूल एवं विधायक रामप्रताप वर्मा ने उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### डीएम ने कृषि भवन का किया औचक निरीक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा कृषि भवन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कृषि विभाग के विभिन्न पटलों के कार्यों का विस्तृत जायजा लिया तथा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, आत्मा योजना, कृषि विज्ञान केंद्रों पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम, पीएम कुसुम योजना, ऑडिट आपत्तियों की स्थिति, कृषि पाठशाला, हाइब्रिड धान बीज वितरण, कृषि विकास योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने किसानों को आधुनिक एवं तकनीकी खेती के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिया कि अंतर्जनपदीय भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत गन्ना किसानों को नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट, कानपुर भेजा जाए।

## गणतंत्र दिवस पर दिखा देशभक्ति का संगम

**बलरामपुर अमृत विचार:** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया।

ध्वजारोहण के उपरांत उन्होंने परेड की सलामी ली और मंच से गुजर रही टुकड़ियों के "दाहिने देख" की कार्यवाही का अभिवादन स्वीकार किया। इसके पश्चात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा व कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्वों के निर्वहन की शपथ दिलाई गई। शांति एवं सद्भावना के प्रतीक स्वरूप आकाश में गुब्बारे छोड़े गए। परेड में एसएसबी, एनसीसी, जनपदीय पुलिस बल, महिला व पुरुष पुलिस टुकड़ियां, रेडियो पुलिस, एंटी रोमियो (मिशन शक्ति) टीम, आपात सेवा 112 की पीआरवी, स्वाट टीम/एसओजी, एएचटीयू, दंगा नियंत्रण क्यूआरटी, फायर सर्विस सहित विभिन्न टुकड़ियों ने अनुशासित एवं प्रभावशाली प्रदर्शन किया। लोककल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों पर आधारित विभागीय झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने संविधान के मूल्यों, लोकतांत्रिक परंपराओं और टीम भावना के साथ कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कुपोषण उन्मूलन तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में हुई प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि जनपद निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, कमांडेंट 09वीं वाहिनी एसएसबी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय सहित प्रशासन व पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।


रिजर्व पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस परेड की सलामी लेते जिलाधिकारी व अन्य।


महाविद्यालय में ध्वजारोहण करते विधायक त्रिभुवन दत्त। | अमृत विचार

### विधायक ने ध्वजारोहरण कर शहीदों को किया नमन

**न्यौरी, अंबेडकरनगर :** जनपद के विधान सभा क्षेत्र आलापुर के विकास खंड रामनगर में स्थित राम अवध स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसदहां शुक्लबाजार एवं सर्वोदय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शाहपुर औरांव रामनगर के प्रांगण में गणतंत्र दिवस पर महाविद्यालय के प्रबन्धक पूर्व सांसद आलापुर के विधायक त्रिभुवन दत्त ने ध्वजारोहण किया। विधायक त्रिभुवन दत्त ने वीर शहीदों को नमन करते हुए 77वें गणतंत्र दिवस की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के द्वारा बनाया गया संविधान आज के ही दिन 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। देश 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इतने साल की आजादी के बाद भी भारत देश जातियों धर्मों एवं वर्णों में बटा हुआ है, क्योंकि इस देश के हुक्मरानों ने संविधान को सही दिशा में लागू करने का काम नहीं किया। निश्चित तौर पर हमारी आपकी जिम्मेदारी बनती है कि इस समाज को आगे बढ़ाने के लिए संविधान के पद चिन्हों पर चलकर एक अच्छे अच्छा भारत देश बनाने का कार्य करें। स दौरान प्रबंधक बदामा देवी, निदेशक अधिवक्ता राहुल दत्त यशवर्धन, प्रचार्या डॉ. रूपवती, डॉ. सुरेश विश्वकर्मा, गोविन्द गौतम और छात्र–छात्राए मौजूद रहें।

## एनटीपीसी टांडा में मना गणतंत्र दिवस

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर:** एनटीपीसी टांडा में 77वां गणतंत्र दिवस आवासीय परिसर स्थित उमंग स्टेडियम में हर्षोल्लास एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान और एनटीपीसी गीत के उपरांत उन्होंने भव्य परेड का निरीक्षण किया। आयोजित परेड में डालीम्स स्कूल, विवेकानन्द शिशुकुंज, विद्युत परिषद राजकीय इंटर कॉलेज, बेसिक प्राइमरी स्कूल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं आवासीय परिसर सुरक्षा बल की टुकडियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा ने सभी को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में ऊर्जा क्षेत्र की भूमिका, सुरक्षा के प्रति सतर्कता, अनुशासन एवं संगठनात्मक एकजुटता के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात ब्लूमिंग बड्स, बाल भवन, विद्युत परिषद राजकीय इंटर कॉलेज, विवेकानन्द शिशुकुंज, ज्ञान ज्योति स्कूल एवं डालीम्स स्कूल के बच्चों द्वारा देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर सीआईएसएफ के अग्निशमन शाखा द्वारा तिरंगे के रंग की खूबसूरत प्रस्तुति की गई। साथ ही एन एफ एन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सौजन्य से आस पास के जरूरत मंद दिव्यांगों को तिपहिया साइकिल वितरित किया। समारोह में महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण अजय सिंह यादव, महाप्रबंधक ईंधन प्रबंधन आरएन त्रिपाठी, महाप्रबंधक सतर्कता एससी सिंह, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन रजनीश कुमार खेतान सहित सभी विभागाध्यक्ष, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा संघमित्रा परिदा एवं सदस्य, अधिकारी आदि मौजूद रहे।


एनटीपीसी टांडा में ध्वजारोहण करते कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा व अन्य।

### दो आरोपियों को भेजा गया जेल

**बसखारी, अंबेडकरनगर :** किराए के मकान में रह रही नवविवाहित का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने के मामले में बसखारी पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नवविवाहिता के शव का अंतिम संस्कार महादेवा घाट पर कर दिया गया। बता दे कि बसखारी थाना क्षेत्र के दशरैचा निवासिनी शुभम अपनी पत्नी रंजीता (20) के साथ बसखारी में स्थित एक मकान में किराए पर रह रहे थे। बताया जाता है कि रंजीता और शुभम ने प्रेम के मोहजाल में फंसकर शादी की थी। मामले में रंजीता के परिजनों ने शुभम के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा पंजीकृत कराया था। मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करने के बाद शुभम को गिरफ्तार कर रंजीता को बरामद कर लिया था। तत्पश्चात पुलिस ने रंजीता को नारी निकेतन व शुभम को जेल भेज दिया था। लेकिन परिजनों ने समझौता कर लिया तथा शुभम व रंजीता विवाह करके बसखारी में चंद्रिका यादव के मकान में किराए पर रहने लगे। जिससे उनकी एक बेटी भी हुई थी। रविवार की सुबह पति शुभम के द्वारा रंजीता के फांसी लगाने की बात बता कर शव को समुदायिक स्वस्थ केन्द्र बसखारी ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रंजीत की मौत की जानकारी मिलते ही उसके मायके से भारी संख्या में लोग सीएचसी बसखारी पहुंच गये तथा पति तथा उसके परिजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। रंजीता की भाभी के प्रार्थना पत्र पर पति शुभम, ससुर चंद्रिका यादव, सास उषा देवी व दादी सास लल्ली देवी के विरुद्ध दहेज हत्या के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर बसखारी पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। इसी बीच मंगलवार की सुबह मृतका के आरोपी पति शुभम यादव पुत्र चंद्रिका यादव, ससुर चंद्रिका यादव पुत्र स्वर्गीय राजित राम निवासी दशरैचा को गिरफ्तार कर जरूरी कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** मंगलवार को जलालपुर ब्लॉक परिसर स्थित शहीद स्मारक पर मनरेगा बचाओ अभियान के तहत एक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विधानसभा जलालपुर की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसियों ने मनरेगा योजना के नाम में बदलाव और रोजगार गारंटी से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने मनरेगा से संबंधित प्रस्तावित बदलावों और विधेयक को वापस लेने की मांग करते हुए सरकार पर मजदूरों और गरीब वर्ग के अधिकारों की अनदेखी का आरोप लगाया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार अग्रहरि, मुन्नीलाल, अबू शहमा, अजय कुमार वर्मा, प्रमोद शर्मा, राकेश वर्मा, वीर बहादुर, जय राम वर्मा, पारस कश्यप, मुर्तजा हुसैन सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण गरीबों के लिए जीवनरेखा है और इसमें किसी भी प्रकार का बदलाव मजदूरों के हितों के खिलाफ होगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि मनरेगा की मूल भावना को बरकरार रखते हुए श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा की जाए।

### धान क्रय में अनियमितता पर डीएम सख्त

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत सिझौली मंडी परिसर अकबरपुर में धान क्रय के दौरान अनियमितता का मामला संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने मंगलवार को मंडी परिसर में धान लदी ट्रालियों की जांच, सत्यापन के दौरान यह पाया कि शिवभजन उर्फ शिवधर ग्राम प्रतापपुर चमुखा अकबरपुर द्वारा बिचौलिये के रूप में लगभग 160 बोरी धान विक्रय के लिए लाया गया था। जांच के दौरान चालक के बयान से यह स्पष्ट हुआ कि उक्त व्यक्ति द्वारा पूर्व में भी विभिन्न किसानों के नाम पर धान विक्रय कर अनुचित लाभ अर्जित किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय विपणन अधिकारी अकबरपुर को तत्काल शिवभजन उर्फ शिवधर के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में तत्काल मुकदमा दर्ज कराते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि धान क्रय प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता, बिचौलियागिरी या किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### चिकित्सा शिविर में 150 मरीजों को मिला लाभ

**टांडा, अंबेडकरनगर :** गणतंत्र दिवस पर टांडा–अकबरपुर मुख्य मार्ग पर ग्राम खेतापुर स्थित पूर्वांचल मेडिसिटी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं कैंसर केयर की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच, परामर्श एवं दवा वितरण पूरी तरह निशुल्क किया गया। चिकित्सा शिविर में न्यूरोसर्जरी, कैंसर सर्जरी, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक, नेत्र रोग, महिला रोग, मेडिसिन, बाल रोग, ईएनटी एवं जनरल सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान कुल 150 मरीजों का निशुल्क परीक्षण और परामर्श के साथ दवाओं का भी वितरण किया गया। शिविर के इस मौके पर राम प्यारे विश्वकर्मा, डॉ. आसिफ अख्तर, अनुराग विश्वकर्मा, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आदेश कुमार सिंह, सर्जन डॉ. जहीर अहमद, डॉ. केपी मल्ल और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उजमा कौसर आदि मौजूद रहे।

## कारीगरों को उपलब्ध कराएंगे परीक्षण सुविधाएं

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जनपद में सामान्य सुविधा केंद्र, क्लस्टर स्थापना के संबंध में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने, स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से सामान्य सुविधा केंद्र क्लस्टर की स्थापना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत कारीगरों को आधुनिक मशीनरी, प्रशिक्षण, डिजाइनिंग, पैकेजिंग, मार्केटिंग और परीक्षण सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में क्लस्टर स्थापना के लिए प्राप्त प्रस्तावों, भूमि उपलब्धता, आधारभूत सुविधाओं, विभागीय समन्वय, वित्तीय प्रावधानों तथा शासन से अनुमोदन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रस्तावों को शीघ्र पूर्ण करें, ताकि शासन को समयबद्ध रूप से प्रेषित किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रस्तावित सामान्य सुविधा केंद्रों का लाभ अधिक से अधिक स्थानीय कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों और लघु उद्यमियों को मिले, इसके लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं। बैठक में उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला। | अमृत विचार

### यूजीसी के नए नियमों के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित सौंपा ज्ञापन

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** यूजीसी के नए नियमों से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सोमवार को जलालपुर के उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता को सौंपा। ज्ञापन संत प्रसाद पांडे के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से यूजीसी द्वारा लागू किए गए नए नियमों के कारण छात्रों, शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों को हो रही परेशानियों की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया। साथ ही इन नियमों से शिक्षा व्यवस्था पर पडऩे वाले प्रतिकूल प्रभावों का उल्लेख करते हुए संबंधित बिल को वापस लिए जाने की मांग की गई। संत प्रसाद पांडे के साथ अधिवक्ता महेंद्र सिंह, अधिवक्ता सत्य प्रकाश मिश्रा, अधिवक्ता आशुतोष, विमलेश दुबे सहित दर्जनों लोगों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर समर्थन दर्ज कराया।

## विद्यालय में छात्रों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**न्यौरी अंबेडकरनगर:** समूचे क्षेत्र में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। पंडित बंशराज प्रशिक्षण महाविद्यालय भगवानपुर मंझरिया के प्रांगण में संस्थापक प्रबंधक ठाकुर प्रसाद पांडेय द्वारा झंडारोहण किया गया।

विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय गीत, देश भक्ति गीत सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। प्रबंधक ठाकुर प्रसाद पांडेय ने देश के अमर शहीदों को नमन करते हुए उनकी वीर गाथाओं को याद किया। जय भारत जूनियर हाई स्कूल न्यौरी के प्रांगण में प्रधानाचार्य अश्वनी पाण्डेय द्वारा झंडारोहण किया गया। मॉडर्न पब्लिक स्कूल न्यौरी में आसिफ फारूकी द्वारा झंडारोहण किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गीत के साथ कई अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मकतब दारुलहुदा न्यौरी, मकतब सुफेर रहमत न्यौरी में प्रधानाचार्य द्वारा झंडारोहण करने के पश्चात विद्यार्थियों को संविधान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। तीर्थराज इंटर कॉलेज आमादरवेशपुर न्यौरी और बीबी एल इंग्लिश मीडियम स्कूल आमा आमादरवेशपुर न्यौरी में प्रबंधक द्वारा झंडारोहण किया गया।

कार्यक्रम | कलेक्ट्रेट से पुलिस लाइन तक गूंजा राष्ट्रगान, जिलाधिकारी ने संविधान, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रति निष्ठा की दिलाई शपथ

# श्रद्धा और देशभक्ति के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद में 77वां गणतंत्र दिवस श्रद्धा, हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में भव्य रूप से मनाया गया। जनपद भर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वहीं जनपद न्यायालय परिसर उद्यान वाटिका में जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार ने न्यायिक अधिकारियों, बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और जनपद न्यायालय के कर्मचारियों की उपस्थिति में झंडारोहण करते हुए राष्ट्रगान और संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया।

गणतंत्र दिवस पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने सुबह 08:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान गाया गया तथा संविधान, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्सना बंधु, अपर उप जिलाधिकारी राजेश सिंह, उप जिलाधिकारी अरविंद शुक्ला सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं, भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों, वीर नारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत आज स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में 76 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूर्ण कर चुका है और विश्व पटल पर एक परिपक्व एवं सशक्त राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ हमारा संविधान न केवल मौलिक अधिकार प्रदान करता है, बल्कि हमें हमारे मौलिक कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। संविधान ही देश की नीतियों और कानूनों का आधार है।

जिलाधिकारी ने नागरिकों से संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि जनपद के विकास से ही देश का विकास संभव है, इसके लिए सभी को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। जिलाधिकारी द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को अंगवस्त्र एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर विद्यालयों की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान और देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। समारोह से पूर्व जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके आदर्शों को नमन किया गया।


पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मत्स्य मंत्री संजय निषाद व साथ में मौजूद डीएम अनुपम शुक्ला और एसपी अभिजित आर शंकर। | अमृत विचार


सिद्धार्थनगर
महोत्सव 2026
के उद्‌घाटन समारोह में पधार रहें
उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय एवं यशस्वी
मा. मुख्यमंत्री
पूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज जी
का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन है
नरेन्द्र मणि त्रिपाठी
पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा
डा. चन्द्रेश उपाध्याय
पूर्व लोक सभा प्रत्याशी
श्याम जायसवाल
पूर्व ब्लाक प्रमुख
दीपेंद्र विक्रम सिंह
(युवा समाज सेवी)
हेमन्त जायसवाल
अध्यक्ष प्रति. न.प. उसका बाजार
डा. दशरथ चौधरी
ब्लाक प्रमुख प्रति. मिठवल
राजेन्द्र दूबे
ब्लाक प्रमुख प्रति. खुनियांव
अजय गुप्ता
चेयरमैन न.प. विस्कोहर
विकास जायसवाल
चेयरमैन न.प. इटवा
श्रीष चौधरी
ब्लाक प्रमुख प्रति. जोगिया
सन्तोष पासवान
जिला कार्य समिति सदस्य
चन्द्र प्रकाश उर्फ चन्दू चौधरी
चेयरमैन न.प. भारत भारी
धर्मराज वर्मा
चेयरमैन न.प. बढ़नी चाफा
राम भरोस चौहान
ब्लाक प्रमुख प्रति. उसका
अमय पाण्डे
युवा समाज सेवी
निशान्त पाण्डेय
जिला मिडिया प्रभारी भाजपा
मंयक श्रीवास्तव
जिला कार्यसमिति सदस्य
सन्तोष शुक्ला
जिला कार्य समिति सदस्य
कन्हैया पासवान
जिलाध्यक्ष भाजपा, सिद्धार्थनगर

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

## सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहराकर हुआ राष्ट्रगान, मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया



देहली बाजार के आर बी इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। अमृत विचार

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, देशभक्ति और गरिमा के साथ मनाया गया। सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर तिरंग फहराकर राष्ट्रगान किया गया तथा संविधान के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया गया।

तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी प्रवीण कुमार एवं तहसीलदार अरविंद तिवारी ने ध्वजारोहण किया। वहीं विकासखंड कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह एवं खंड विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने जनसेवा, ईमानदारी और राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया।थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक नारद मुनि सिंह ने पुलिस स्टाफ के साथ ध्वजारोहण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में चिकित्सा प्रभारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने स्वास्थ्यकर्मियों के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश सेवा का संदेश दिया।

वहीं क्षेत्र में तुलसीपुर महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा देशभक्ति आधारित झांकियां एवं राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। इस दौरान बच्चों को स्कूल बैग तथा जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। समाजसेवी विक्रम प्रताप सिंह ने क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की। देहली बाजार स्थित आर.बी. इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक जितेंद्र कुमार तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रमों में हर्षनारायण शुक्ला, प्रशांत तिवारी, अनिल द्विवेदी, आशीष तिवारी, रामचंद्र तिवारी, आशीष शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

**क्रिकेट प्रतियोगिता में कटका खानपुर ने मारी बाजी, द्वारिकागंजः** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सोमवार को लटियारे बाबा क्रिकेट ग्राउंड पर कैश प्राइज सीजन-6 क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन मोनू व तुलसी पांडेय द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र की कई टीमों ने भाग लिया।

फाइनल मुकाबला कटका खानपुर और कुटिया की टीमों के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि देवर्षि देव कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कानपुर की उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ टॉस कराकर किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुटिया की टीम ने निर्धारित ओवरों में 170 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में कटका खानपुर की टीम ने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टीम कटका खानपुर को 24,000 तथा उपविजेता कुटिया टीम को 12,000 रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान राजाराम, वीरेश कुमार सोनू गुरुजी, मनीष सिंह, मानवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर राणा, प्रधान प्रतिनिधि पम्मू राणा, हरिओम सिंह, नीरज सिंह, दखिनवारा के आनंद यादव, निजामुद्दीन उपस्थित रहे।

**आकाश और मंतशा ने क्रॉस कंट्री में बाज़ी मारी, सुलतानपुर :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में 5 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर की देखरेख में संपन्न हुआ। रेस में पुरुष एवं महिला वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में आकाश मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाज़ी मारी, जबकि चंद्रमोहन दूसरे और सचिन तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में मंतशा बानो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। रूबी बौद्ध ने दूसरा और शिवानी प्रजापति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर प्रथम छह खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा पुरुष और महिला दोनों वर्गों में छह-छह खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। पुरस्कार वितरण वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी साहबजादे, पूजा सोनकर, हॉकी सुलतानपुर के सचिव तारिक वसीम द्वारा किया गया।

### यूपी 112 में उत्कृष्ट सेवा पर होमगार्ड देवेंद्र चौबे सम्मानित



देवेंद्र चौबे को प्रशस्ति पत्र देते पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह।

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र निवासी होमगार्ड देवेंद्र चौबे को यूपी 112 आपात सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें जनपद में सर्वाधिक बार 'पीआरवी ऑफ द डे' अर्जित करने और आम नागरिकों को त्वरित व प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के लिए मिला है। मूल रूप से करसा गांव निवासी देवेंद्र चौबे लंबे समय से डायल 112 आपात सेवा के तहत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में निष्ठापूर्वक सेवाएं दे रहे हैं। उनकी पीआरवी टीम ने प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई कर कई बार जिले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई।उनकी ईमानदारी, मेहनत और लगन को देखते हुए यूपी 112 की पुलिस महानिदेशक नीरा रावत ने उनके कार्य की सराहना की। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। सम्मान की खबर मिलते ही शुभचिंतकों और पुलिसकर्मियों में हर्ष का माहौल रहा।

### गरिमापूर्ण वातावरण में जिले भर में मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में 77वां गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व गत वर्ष की भांति गरिमापूर्ण ढंग से हर्षोल्लास एवं सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, संविधान में उल्लिखित संकल्प, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं तथा पुलिस लाइन में भव्य परेड का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने पुलिस लाइन में ध्वज फहराकर सलामी ली और पुलिस परेड का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहा। जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राम मनोहर लोहिया एवं चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने परेड ग्राउंड में अधिकारियों एवं जनमानस को संविधान की प्रस्तावना का संकल्प दिलाया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### गणतंत्र दिवस पर छात्र सूर्यांश को प्रबंधक ने दी साइकिल

**बल्दीराय, सुलतानपुर अमृत विचार :** श्री भीखमशाह इंटरमीडिएट कालेज, भवानीगढ़ रैया, सुलतानपुर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कक्षा 11 के छात्र सूर्यांश तिवारी को विद्यालय प्रबंधक जय प्रकाश शुक्ला ने साइकिल देकर उत्साहवर्धन किया। छात्र सूर्यांश ने हाल ही में हाईस्कूल यूपी बोर्ड परीक्षा में जनपद में 94.8 प्रतिशत अंक हासिल कर आठवां स्थान प्राप्त किया था और विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्रबंधक ने कहा कि ऐसे सम्मानजनक कार्य करने वाले छात्रों का उत्साह बढ़ाया जाना चाहिए। प्राचार्य गिरजा शंकर तिवारी ने अपने संबोधन में बताया कि संविधान हमें अधिकार के साथ-साथ कर्तव्य का बोध कराता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अरविंद तिवारी ने किया।

### रिश्तेदार पर दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग का लगाया आरोप

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने दूर के रिश्तेदार पर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए और आपत्तिजनक वीडियो व तस्वीरें रिकॉर्ड कर लीं। अब वह शादी से इनकार करते हुए वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता के अनुसार अंबेडकर नगर के इमिलिया गांव निवासी पवन कुमार उसका दूर का रिश्तेदार है। कुछ समय पहले उसका घर आना-जाना शुरू हुआ, इसी दौरान उसने मोबाइल नंबर लेकर बातचीत बढ़ाई और शादी का वादा किया। आरोप है कि करीब दो महीने पहले पवन कुमार ने उसे गांव के बाहर बुलाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए और इस दौरान आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना लिए। पीड़िता का कहना है कि अब आरोपी उसे धमकाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है।

### किशोर न्याय बोर्ड मजिस्ट्रेट की हुई विदाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** किशोर न्याय बोर्ड के मजिस्ट्रेट राहुल आनंद के सिविल जज (दक्षिणी) होने पर मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य रंजना श्रीवास्तव ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### मंदिर में पुजारी को लेकर दो पक्षों में तनाव

**दोस्तपुर (सुलतानपुर) अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरुआ सरकारी स्थित शिव मंदिर में पुजारी को लेकर दो पक्षों के बीच पिछले तीन दिनों से तनाव बना हुआ है। दंपति सहित आए पुजारी के मंदिर में रहने अथवा न रहने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। एक पक्ष में ट्रस्टी चंद्रभान व रमेश सहित उनके समर्थक थे, जो पुजारी के मंदिर परिसर में रहने का विरोध कर रहे थे, जबकि दूसरे पक्ष में हनुमान आदि पुजारी के समर्थन में खड़े रहे। विवाद लगातार बढ़ता देख मंगलवार को थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार सिंह ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर सुलह-समझौते का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्ष अपने-अपने रुख पर अड़े रहे। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल तीन दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय में चालान कर दिया।

# न्यायालय में गुंगवाछ हत्याकांड कांड में दरोगा की गवाही दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अमेठी के बहुचर्चित गुंगवाछ हत्याकांड में मंगलवार को कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में जामो प्रभारी विनोद सिंह से बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने जिरह की । बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया मामले मेंअभियोजन गवाह प्रभारी जामो विनोद सिंह से अगली नियत तारीख 30 जनवरी पर जिरह होगी।अभियोजन के अनुसार 15 मार्च 2022 को अमेठी जनपद के ग्राम पूरे राजापुर, मौजा गुंगवाछ में जमीन विवाद के चलते पूर्व ग्राम प्रधान संकठा यादव, उनके पुत्र हनुमान उर्फ बजरंगी, अमरेश यादव तथा पत्नी नइका उर्फ पार्वती देवी की निर्मम हत्या कर दी गई थी।

**सर्राफा डकैतीकांड में गवाही दर्ज, सुलतानपुरः** शहर के चौक स्थित सराफा कारोबारी भरतजी सोनी की दुकान से हुई डकैतीकांड में मंगलवार को कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में गवाही दर्ज की गई। आरोपी त्रिभुवन कोरी उर्फ लाला, विनय शुक्ल व विवेक सिंह के वकील अरविंद सिंह राजा ने गवाह से जिरह की।कोतवाली नगर के चौक ठठेरी बाजार में बीते 28 अगस्त को भरतजी सोनी की दुकान में डकैतों ने दिनदहाड़े डकैती डाली थी।

### तीन इंटरलॉकिंग सड़कों का लोकार्पण



इंटरलॉकिंग का लोकार्पण करते जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह। अमृत विचार

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पीरो सरैया गांव में मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह ने तीन इंटरलॉकिंग सड़कों का विधिवत पूजन-अर्चन के साथ लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए हर गांव में इंटरलॉकिंग लगाने का कार्य कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल सके। लोकार्पण कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र प्रताप सिंह, समाजसेवी विक्रम प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान शिव बहादुर, आशीष सिंह, रंजीत सिंह, अतुल कुमार रहे।

### संविधान कर्तव्यों कराता है बोध : देवांश सिंह

सुलतानपुर, अमृत विचार : राणा प्रताप विधि महाविद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ तिरंगा फहराने एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। समारोह में महाविद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएं तथा समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कूरेभार ब्लॉक प्रमुख नवनीत सिंह सोनू ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने शिक्षण संस्थानों को राष्ट्र निर्माण की कार्यशाला बताते हुए जिम्मेदार नागरिक गढ़ने पर बल दिया। महाविद्यालय के उप प्रबंधक देवांश सिंह ने कहा कि संविधान केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि कर्तव्यों का भी बोध कराता है, जिसे युवा पीढ़ी को आत्मसात करना चाहिए। पूर्व प्रबंधक राम बहादुर सिंह व सूर्य प्रताप सिंह ने भारतीय संस्कृति की महान परंपरा पर प्रकाश डाला, जबकि पूर्व प्राचार्य प्रो. एम.पी. सिंह ने लोकतांत्रिक मूल्यों की महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टी.पी. सिंह ने की। संचालन डॉ. संतोष अंश तथा प्राचार्य दिनेश चौरसिया ने आभार व्यक्त किया।

# जर्जर सड़कों को लेकर आप का अनोखा प्रदर्शन



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते आप के पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जर्जर सड़कों को लेकर आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की बदहाल सड़कों को लेकर आप के प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दूबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार जयसिंहपुर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रशासन को प्रतीकात्मक रूप से सड़क निर्माण सामग्री से भरी 'शगुन की तीन डलिया' भेंट की गई, जिनमें डामर, गिट्टी और बजरी शामिल थी।

वंशराज दूबे ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के चलते क्षेत्र की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं और विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित रह गया है। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर क्षेत्र के खैरहा-दियरा बाजार, खानीपुर-बेलवारे, उदयपुर सकरवारी-उघड़पुर भट्टपुरा, मोतिगरपुर-गोसैसिंहपुर सहित कई मार्गों की हालत बेहद खराब है। आप ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़कों के निर्माण की ठोस कार्ययोजना नहीं बनी, तो पार्टी जिलेभर में आंदोलन तेज करेगी और कथित भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करेगी।

# बेकाबू कार की टक्कर से दो की मौत

- दामोदर इंटर कॉलेज पांडेपुर के पास हुआ हादसा

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से ई-रिक्शा चालक और साइकिल सवार की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में ई-रिक्शा व साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के दामोदर इंटर कॉलेज पांडेपुर के पास तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा चालक और साइकिल सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार और ई-रिक्शा सड़क किनारे स्थित गड्ढे में जा गिरे। हादसे में साइकिल सवार विजय बहादुर (45) निवासी परसीपुर हीरावनपुर तथा ई-रिक्शा सवार श्यामलाल (60) निवासी अंतपुर, थाना कोतवाली लंभुआ, गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली प्रभारी संदीप राय ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### अनियमितता की शिकायत करना युवक को पड़ा भारी, मुकदमा दर्ज

**लंभुआ (सुलतानपुर), अमृत विचार :** ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत करना एक युवक को महंगा पड़ गया। आरोप है कि शिकायत और साक्ष्य जुटाने के लिए फोटो-वीडियो बनाने से नाराज ग्राम प्रधान और उसके भाई ने युवक को बंधक बनाकर जमकर मारपीट की। मामले में कोतवाली लंभुआ ने मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। मामला विकास खंड पीपी कमैचा के शेखनपुर गांव का है। गांव निवासी व पूर्व प्रधान के नाती सुधांशु सिंह का आरोप है कि 24 जनवरी को ग्राम प्रधान संजय सिंह द्वारा मनरेगा के तहत तालाब खुदाई का कार्य कराया जा रहा था। ऑनलाइन वेबसाइट पर 50 से अधिक मजदूर दर्शाए गए थे, जबकि मौके पर मात्र तीन-चार मजदूर ही कार्यरत थे और शेष कार्य जेसीबी से कराया जा रहा था।आरोप है कि इसकी शिकायत करने और बीते चार वर्षों से पंचायत में हो रही अनियमितताओं को उजागर करने से नाराज प्रधान संजय सिंह व उसके भाई धनंजय सिंह ने युवक को बंधक बनाकर मारपीट की और मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिए। सूचना पर पहुंचे परिजनों से भी अभद्रता की गई। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जीआरपी थाने का एसपी रेलवे ने किया निरीक्षण

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** एसपी रेलवे लखनऊ रोहित मिश्रा ने मंगलवार को सुलतानपुर जीआरपी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के अभिलेखों, शस्त्रों और अन्य व्यवस्थाओं की गहन जांच की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने मीडिया से बातचीत भी की।एसपी रेलवे ने बताया कि नियमित निरीक्षण में अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, हालांकि रजिस्टर और अन्य अभिलेखों में कुछ कमियां सामने आई हैं। इन कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि रेलवे यात्रियों, ट्रेनों और प्लेटफॉर्म की सुरक्षा जीआरपी व आरपीएफ द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और वाहनों की नियमित चेकिंग कराई जा रही है। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एस्कॉर्ट ड्यूटी तथा महत्वपूर्ण ट्रेनों में चोरी की घटनाओं पर रोक के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के आदेश दिए गए हैं।

आक्रोश

यूजीसी बिल को लेकर कैंप कार्यालय में हुई बैठक, मौजूद रहे कई गणमान्य लोग

# यूजीसी कानून पर कक्कू पांडेय का हमला, बताया विभाजनकारी





बैठक को संबोधित करते कृष्ण कुमार पांडेय। अमृत विचार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मंगलवार को पूर्वाचल के कद्दावर नेताओं में शुमार कृष्ण कुमार पांडेय उर्फ कक्कू पांडेय ने नगर स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर यूजीसी कानून को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी कानून को विभाजनकारी करार दिया। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार "बटोगे तो कटोगे" जैसे नारे देती है, वहीं दूसरी ओर यूजीसी कानून लाकर समाज को विभाजित करने का कार्य कर रही है।कक्कू पांडेय ने कहा कि सरकार को चाहिए था कि सभी वर्गों को साथ लेकर यूजीसी कानून पर व्यापक विचार-विमर्श करती, इसके बाद ही इसे लागू किया जाता। बैठक में सर्वण समाज समन्वय समिति के गठन की घोषणा की गई, जिसमें कृष्ण कुमार पांडेय को संरक्षक बनाया गया। साथ ही यूजीसी कानून वापस लेने तक आर-पार की लड़ाई लड़ने की रणनीति पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में बार महामंत्री दिनेश दूबे, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पं. राम शब्द मिश्रा, युवा नेता चन्दन तिवारी महाकाल, समाजसेवी राजकुमार तिवारी, अधिवक्ता सुभाष तिवारी, पूर्व प्रधान रमेश दुबे, नवल मिश्र, कक्कू यूथ बिग्रेड के संस्थापक ऋषभ मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर बैंक कर्मियों की हड़ताल





बैंक कर्मियों ने हड़ताल कर निकाला जुलूस।

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आह्वान पर जिला अध्यक्ष कॉम अशोक शुक्ला के नेतृत्व में जिले के समस्त बैंक कर्मियों ने पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर हड़ताल की। इस दौरान बैंक कर्मियों ने एक विशाल जुलूस निकालकर विभिन्न निजी बैंकों में पहुंचकर उनसे भी हड़ताल में शामिल होने तथा सहयोग देने की अपील की। बैंक यूनियन नेताओं ने बताया कि पूर्व में भारत सरकार के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता में सरकार ने सिद्धांततः पांच दिवसीय कार्य दिवस पर सहमति जताई थी, लेकिन अब अपने वादे से मुकर रही है। इसी के विरोध में बैंक कर्मियों को मजबूरन हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। दावा किया गया कि हड़ताल के कारण जिले में बैंकिंग कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा और लगभग 1000 करोड़ रुपये के व्यवसाय पर असर पड़ा। स्टेट बैंक परिसर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कॉम अशोक शुक्ला ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही मांगें नहीं मानी गईं तो बैंक कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को विवश होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। हड़ताल में आलोक सिंह, डी.डी. तिवारी, अरुण सिंह, आर.सी. शुक्ला, रामचंद्र, गिरधर गोपाल सहित विभिन्न बैंकों के करीब 100 कर्मचारी शामिल रहे।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**NOTICE**

Payment Receipt - 91,92 of Amrawati Midtown project have been Lost while I was travelling in sushant golf city.
Name- Md Aftab Alam and Nasra Alam Plot - P1-42.

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHD AFROZ था अब मैने बदलकर अपना नाम MO AFROJ रख लिया है भविष्य में मुझे MO AFROJ के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- SHER ALI R/O, 279,TAJPUR GANGAPUR KUNDA, PRATAPGARH

**सूचना**

पहले मेरा नाम HAJI MUSHARRAF था अब मैने बदलकर अपना नाम MUSHARRAF KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे MUSHARRAF KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- WASID R/O- 34,BRAHMAU KALAN MATHAN, SITAPUR

**सूचना**

मैने अपना नाम मोहम्मद सुफियान से बदलकर मोहम्मद सुफियान काजी (MOHD SHUFIYAN KAZI) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मोहम्मद सुफियान काजी पुत्र श्री जुल्फेकार ग्राम- हकीमपुर खन्तवा पोव-बरयेपुर फतेहपुर (उ0प्र0)।

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD AKBAR KHAN था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD AKBAR KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे MOHD AKBAR KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- HAFIZULLAH KHAN R/O, 83, BARAGAON BARAGAW POST RAMBAG BARAGAON AMBEDKAR NAGAR

**सूचना**

मैने अपना नाम SAYED MOHAMMAD MEHDI से बदलकर SAIYD MOHAMMAD MEHADI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O - SAYED NAJMUL HASAN ADD-396 LORPUR TAJAN AKBARPUR DIST - AMBEDKAR NAGAR (U.P)

**सूचना**

मैं हस्सान वारसी पुत्र नासिर अली आयु लगभग 19 वर्ष निवासी मोहल्ला हुज्जाजी पूर्वी-2 कस्बा देवाँ नगर पंचायत देवाँ जनपद बाराबंकी। बहल्फ बयान करता हूं कि शपथकर्ता उपरोक्त पते का मूल निवासी है, यह है कि शपथकर्ता का पहले का नाम घरेलू मोहम्मद जफीर था तथा अब से शपथकर्ता का नाम हस्सान वारसी कहा जाएगा। यह की शपथकर्ता का अब से हस्सान वारसी हर जगह लिखा व पढ़ा जाएगा तथा यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। शपथकर्ता ने किसी भी झूठ का प्रयोग नहीं किया है।

**सूचना**

सूच्य हो कि पूर्व के अभिलेखों में मेरा नाम रमेश चंद पुत्र सियाराम है,जो अपूर्ण और अशुद्ध है जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम रमेश कौशल पुत्र सियाराम कौशल है, जो पूर्ण और सत्य है। अत: मेरे सही नाम रमेश कौशल पुत्र सियाराम कौशल से मुझे जाना पहचाना और समझा जाए। रमेश कौशल पुत्र सियाराम कौशल, ग्राम - महेशगंज, पोस्ट - मुस्तफाबाद, ऊंचाहार, रायबरेली।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम ANKESH KUMAR था अब मैने बदलकर ANKESH KUMAR CHAURASIYA रख लिया है। अब मुझे ANKESH KUMAR CHAURASIYA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O-RAM DAYAL CHAURASIYA ADD- NEW RAHIMABAD SARAFAT NAGAR SAROJINI NAGAR DIST - LUCKNOW - 226008 (U.P)

**सूचना**

मैं ZIYA YAZDANI पुत्र श्री MOAZZAM MASOODI निवासी 353, एइधा, पो0-सादुल्लाहनगर, उतरौला, बलरामपुर, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर ZIYAYAZDANI S/O MUAZZAM MASOODI कर लिया है, अतः आज से मुझे ZIYAYAZDANI S/O MUAZZAM MASOODI के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

मेरे रजिस्ट्री बैनामा की मदरडीड जो कि रामबड़ी देवी पत्नी जगदीश मल्ल ग्राम उसुरी मधुबन जिला मऊ के नाम से उपनिबंधक प्रथम गोरखपुर के वहां पंजीकृत है जो खो गया है, जिसका एल ए आर न0 20260000102403 दिनांक 22-01-2026 दर्ज है, जिसका बही नं0 1 खण्ड 4697, पृष्ठ नं0 151 से 164 क्रमांक 5363 दिनांक 28.06.2003 पर पंजीकृत है। उक्त संपत्ति को एसबीआई शाखा एच एल सी गोरखपुर में बंधक रखकर गृह ऋण लिया जा रहा है, यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति है तो 15 कार्य दिवस के भीतर एसबीआई शाखा एच एल सी गोरखपुर में संपर्क करें। जयदीप कुमार सिंह पुत्र रामायन सिंह, ग्राम तेलिया कुर्मी टोला, तेलिया कला, देवरिया।

**सूचना**

मेरे रजिस्ट्री बैनामा की मदरडीड जो कि बागेश्वरी धर दूबे पुत्र लल्लन धर दूबे ग्राम बड़गो तहसील सदर जिला गोरखपुर के नाम से उपनिबंधक प्रथम गोरखपुर के वहां पंजीकृत है जो खो गया है, जिसका मूल आवंटन पत्र व कब्जा प्रपत्र भी खो गया है, जिसका एल ए आर न0 20260000113435 दिनांक 27-01-2026 दर्ज है, जिसका बही नं0 1 खण्ड 3691, पृष्ठ नं0 317 से 344 क्रमांक 4267 दिनांक 24.10.2000 पर पंजीकृत है। उक्त संपत्ति को एसबीआई शाखा एच एल सी गोरखपुर में बंधक रखकर गृह ऋण लिया जा रहा है, यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति है तो 15 कार्य दिवस के भीतर एसबीआई शाखा एच एल सी गोरखपुर में संपर्क करें। संध्या तिवारी पत्नी स्व0 प्रभाकर देव तिवारी निवासी- एल आई जी 27, राप्तीनगर, प्रथम चरण, गोरखपुर।


विकास भवन में कर्मियों को शपथ दिलातीं सीडीओ अंकिता जैन। ● अमृत विचार


कलेक्ट्रेट में कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलातीं डीएम प्रियंका निरंजन।


धानेपुर में प्रभात फेरी निकालते परिषदीय स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

# गणतंत्र दिवस की रही धूम, शान से लहराया तिरंगा

## शहर से लेकर गांवों तक लोगों में दिखी राष्ट्रभक्ति की अलख, विद्यालयों में बच्चों ने पेश किये देशभक्ति से संबंधित कार्यक्रम

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** देश का 77वां गणतंत्र दिवस सोमवार को जिले में हर्षोल्लास व देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने प्रभात फेरियां निकालीं और हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार किया।

गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन में हुआ। मुख्य अतिथि देवीपाटन मंडल आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर रेंज के आईजी अमित पाठक, एसपी विनीत जायसवाल, एएसपी मनोज रावत एवं राधेश्याम राय द्वारा तिरंगा फहराया गया।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व डीएम प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई।

विकास भवन पर सीडीओ अंकिता जैन तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर बीएसए अमित सिंह ने तिरंगा फहराया।

धानेपुर स्थित बालिका इंटर कॉलेज एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय धानेपुर प्रथम के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। प्रधानाध्यापक हरि प्रसाद वर्मा, शुभम सोनकर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

शहर के फुलवारी पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। तत्पश्चात कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बीएसए डॉ. अमित सिंह, अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह व मालती सिंह, प्रबंधक नीता सिंह, कैप्टन क्रांति कुमार सिंह व प्रधान अनंत प्रकाश शुक्ला ने ध्वजारोहण के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविताएं, नाटक, नृत्य और भाषण प्रस्तुत किये।


उप निरीक्षक को डीजीपी प्रशंसा चिह्न से सम्मानित करते आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील व एसपी विनीत जायसवाल। ● अमृत विचार


करनैलगंज के विनर्स एकाडमी में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार


छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### ग्रामीण इलाकों में भी शान से फहराया तिरंगा

गोंडा, अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणतंत्र दिवस की धूम रही। जिले के ब्लाकों, थानों, पंचायत भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा परिषदीय व निजी स्कूलों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इटियाथोक ब्लाक मुख्यालय पर विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने तिरंगा फहराया और उपस्थित लोगों को संविधान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी विजय कुमार मिश्रा एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल,एडीओ कृषि मजहर हुसैन सचिव, शैलेन्द्र मौर्य, दिलीप कुमार उपाध्याय हरीश शुक्ला रामकुमार सहित मंडल अध्यक्ष संतोष चौरसिया व पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यव्रत ओझा उपस्थित रहे। खरगूपुर नगर एवं आसपास गणतंत्र दिवस का पर्व उल्लास से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ बच्चों ने रैली निकाली तथा देश गीत के साथ ही नाटक नृत्य प्रस्तुत किया। आरडी स्कॉलर इंटर कॉलेज द्वारा निकाली गई रैली आकर्षण का केंद्र रही। सीएचसी पर अधीक्षक डॉ. अजय यादव, थाने पर प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय, सत्य साईं इंटर कॉलेज में प्रबंधक रामदेव तिवारी, गांधी आदर्श इंटर कॉलेज में प्रबंधक जगदीश मिश्रा, गुरुकुल मदन मोहन इंटर कॉलेज में प्रबंधक डॉ. भूपेंद्र तिवारी, नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष ममता रस्तोगी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। करनैलगंज तहसील परिसर में एसडीएम नेहा मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कस्तूरबा की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। तहसीलदार अतुल पाल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। पालिका कार्यालय में चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, विकास खंड कार्यालय में बीडीओ सुशील पाण्डेय तथा कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने ध्वजारोहण किया। बीआरसी पर बीईओ सुशील सिंह ने व पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में दिनेश सिंह ने ध्वजारोहण किया। विनर्स एकेडमी चकरौत में एसपी सिंह, एनएच पब्लिक स्कूल भुलियापुर में डायरेक्टर खुशनुमा हसन, एकेडमी ऑफ कंप्यूटर लर्निंग में डायरेक्टर अजीत दीक्षित और एसएन सिंह लक्ष्य इंटर कॉलेज में डीपी सिंह ने झंडारोहण किया। रुपईडीह में ब्लॉक संसाधन केंद्र रुपईडीह पर खंड शिक्षा अधिकारी शशांक कुमार सिंह, पार्वती देवी इंटर कॉलेज मे प्रबंधक वीरेंद्र कुमार राव व प्रधानाचार्य सुशील कुमार तिवारी, श्रीमती राम कुमारी इंटर कॉलेज में पूर्व प्रधान रामफेर शुक्ल व जिला पंचायत सदस्य श्रवण कुमार शुक्ल, स्वामी दयाल सरस्वती विद्यालय इंटर कॉलेज में प्रबंधक सुधाकर पांडेय व प्रधानाचार्य पंकज पाठक, ग्रामीण बैंक की शाखा दुबहा बाजार में शाखा प्रबंधक दीपक कुमार व पुलिस चौकी आर्यनगर पर प्रभारी राजीव कनौजिया ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मनकापुर क्षेत्र के सभी सरकारी, अर्धसरकारी कार्यालयों, निजी संस्थानों एवं विद्यालयों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। विद्यालयों में प्रभात फेरियां निकाली गईं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तहसील मुख्यालय पर एसडीएम अवनीश तिवारी व प्रभारी तहसीलदार सुभ्रद प्रसाद ने ध्वजारोहण किया। ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख जगदेव चौधरी एवं बीडीओ गौरीशा श्रीवास्तव, नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन दुर्गेश कुमार सोनी, सीअ कार्यालय पर उदित नारायण पालीवाल, सीएचसी कार्यालय पर अधीक्षक डॉ. एसएन सिंह सहित विभिन्न कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में अधिकारियों व प्रधानाचार्यों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

### बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा, विधायक ने बढ़ाया हौसला


समारोह में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**बभनान, अमृत विचार :** हर्रैया स्थित लिटिल वंडर्स स्कूल में गणतंत्र दिवस उत्साह से मनाया गया। मुख्य अतिथि हर्रैया विधायक अजय सिंह ने विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई छत्रपति शिवाजी महाराज की झांकी मुख्य आकर्षण रही। देशभक्ति गीतों एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने राष्ट्रभक्ति के उत्साह को और भी बढ़ाया। विद्यालय के चेयरमैन कुंवर कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान की। विद्यालय की निदेशक डॉ. शालिनी सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें अनुशासन, मूल्यों तथा राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक अशोक सिंह, स्कूल के प्रधानाचार्य दुर्गेश प्रताप सिंह, राकेश पांडेय समेत बड़ी संख्या में अभिभावक व गणमान्य मौजूद रहे।

# कुलपति ने निरस्त किया परीक्षा केंद्र, जांच समिति गठित

● परीक्षा में हंगामा, प्रश्नपत्र समय से पूर्व खोलने का मामला

**गोंडा, अमृत विचारः** मां पाटेश्वरी विवि बलरामपुर से संबद्ध जिले के तरबगंज स्थित पंडित जग नारायण शुक्ल ग्रामीण महाविद्यालय में परीक्षा के दौरान हंगामा, प्रश्नपत्र समय से पूर्व खोले जाने, नकल कराए जाने और गोपनीय सूचना लीक जैसे गंभीर आरोपों को विवि प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। कुलपति ने परीक्षा केंद्र निरस्त कर दिया है तथा जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है।

विवि प्रशासन के अनुसार 27 जनवरी को स्नातक की जीव विज्ञान की परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र समय से पूर्व खोलने, छात्रों को अलग कक्ष में बैठाकर नकल कराए जाने तथा छात्रों के हंगामे की शिकायतें आई थीं।

कुलपति के निर्देश पर महाविद्यालय पर लगे सभी आरोपों की जांच के साथ-साथ महाविद्यालय में प्राचार्य नियुक्ति से संबंधित गोपनीय सूचना लीक होने में सहायक कुलसचिव की भूमिका की जांच कराई जा रही है। जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति में डीन कॉमर्स प्रो. बी.पी. सिंह को अध्यक्ष, प्रो. मंशाराम वर्मा को सदस्य तथा कुलसचिव परमानंद सिंह को संयोजक नामित किया गया है। समिति को पांच दिनों में जांच आख्या विवि प्रशासन को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। इधर, कुलपति ने निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंडित जग नारायण शुक्ल ग्रामीण महाविद्यालय, तरबगंज का परीक्षा केंद्र निरस्त कर दिया है। शेष परीक्षाएं विपिन बिहारी शरण सिंह स्मारक महाविद्यालय, तरबगंज में कराई जाएंगी।

# यूजीसी रेगुलेशन के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**गोंडा, अमृत विचार :** यूजीसी रेगुलेशन के विरोध में मंगलवार को छात्रों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। छात्रों का कहना है कि नए नियम में अनेक गंभीर व्यावहारिक एवं संवैधानिक समस्याएं हैं। झूठी अथवा दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर किसी प्रकार के दंडात्मक प्रावधान का अभाव है और यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के प्रतिकूल है। छात्रों की मांग है कि यूजीसी के नए रेगुलेशन को तत्काल स्थगित किया जाए। झूठी शिकायतों पर दंडात्मक प्रावधान जोड़े जाएं। स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच तंत्र सुनिश्चित किया जाए।

ज्ञापन देने वालों में छात्र अभय शुक्ला, अभिनव शुक्ला, मिलिंद मिश्रा, राम जी मिश्रा, विराट पांडे, सौरभ, सूरज शुक्ला, कुशल त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

# आईटीआई फैक्ट्री के एजीएम के घर लाखों की चोरी

मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार :** लखनऊ गए आईटीआई फैक्ट्री के अपर महाप्रबंधक के सरकारी आवास में ताला तोड़कर चोरों ने घर में रखी नकदी व कीमती आभूषण चोरी कर लिए। घटना की जानकारी लौटने पर पीड़ित को हुई, जिसके बाद दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

अपर महाप्रबंधक सुधीर कुमार मूल रूप से थाना पारा, लखनऊ के चन्द्रोदय नगर के निवासी हैं और वर्तमान में आईटीआई कॉलोनी स्थित सुपर डी-5 आवास में रहते हैं। बीते शनिवार शाम करीब छह बजे वह लखनऊ गए थे। रविवार रात करीब आठ बजे जब वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि मेन दरवाजे की कुंडी उखड़ी हुई थी। अंदर कमरों में रखी अलमारी व स्टोर का सामान बिखरा पड़ा था।

जांच में अलमारी से 75 हजार रुपये नकद सहित सोने की पांच अंगूठियां, दो कान की बालियां, एक नथ तथा चांदी की पांच जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछिया और चांदी के 20 सिक्के गायब पाए गए। पीड़ित ने आशंका जताई है कि सर्वेंट क्वार्टर में रहने वाला राम अवतार, जो प्रतिदिन घर में साफ-सफाई का कार्य करता था, चोरी की घटना में शामिल हो सकता है।

प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

# डीएम-एसपी ने किया जेल का निरीक्षण

**गोंडा, अमृत विचारः** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर भर्ती कैदियों से मुलाकात की, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी तथा एसपी ने विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है, उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाए।

# पिकअप से भिड़ी बाइक, युवक की मौत

**गोंडा, अमृत विचार :** धानेपुर के मुजेहना चौराहे के समीप दतौली मार्ग पर सोमवार को एक बाइक सवार युवक पिकअप की चपेट में आ गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया।

मनकापुर के रजवाजोत का निवासी अनवर (40) पुत्र सद्दीक सोमवार को देवरिया अलावल स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। मुजेहना चौराहे पर उसकी बाइक पिकअप से भिड़ गयी। अनवर के सिर में गंभीर चोट लग गयी। उसे जिला अस्पताल भेजा गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल :कटरा बाजार:** मंगलवार को खोदहरी पुरवा के पास बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल हो गया। भदैंया निवासी प्रभात गोस्वामी ने बताया कि सिद्ध कुमार (60) निवासी खोदहरी पुआल लेकर घर जा रहे थे तभी एक बाइक ने ठोकर मार दी जिसमें वे गंभीर रूप से चोटिल हो गए हैं।

**ब्रेकर पर फिसल कर बाइक सवार चोटिल : धानेपुरः** किशुन दासपुर निवासी वाला हितेश वर्मा बाइक से दतौली जा रहा था। मुजेहनी के निकट बाइक ब्रेकर पर अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े प्रेम कुमार से टकरा गई। जिससे दोनों लोग घायल हो गए।

### ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्राली को मारी टक्कर, तीन घायल

**रुपईडीह, अमृत विचार :** कोटवा धाम मेला से ट्रैक्टर ट्राली से घर लौट रहे मेलार्थियों को मंगलवार की सुबह करीब चार बजे आर्यनगर-बलरामपुर मार्ग पर पिपरा चौबे गांव के पास एक ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना मे तीन लोग घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज गोंडा मे भर्ती कराया गयाहै। पिपरा बाजार पुलिस चौकी के प्रभारी शशांक मौर्य ने बताया कि बाराबंकी के कोटवाधाम से श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली से घर बलरामपुर लौट रहे थे। चालक ने पिपरा चौबे गांव के पास ट्रैक्टर ट्राली को सड़क पर रोका तभी एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ट्राली पर सवार तुलसीपुर के मल्हीपुर निवासी राधेश्याम (54) व राजकुमार (41) तथा तुलसीपुर के लालापुरवा निवासी ट्रक चालक सत्यदेव (42) गंभीर रूप से घायल हो गए।

### बुग्गी की चपेट में आकर बच्चा घायल

**धानेपुर, अमृत विचार :** भट्ठा पर मजदूरी करने वाली महिला का बच्चा बुग्गी की चपेट में आकर घायल हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बलरामपुर के महराजगंज क्षेत्र के विजयडीह निवासी रजवंता पत्नी अजय के मुताबिक धानेपुर के ग्राम पंचायत त्रिभुवन नगर ग्रंट के मजरा भस्मपुरवा स्थित एक ईंट भट्ठा पर वह मजदूरी करती है। आरोप लगाया है कि ईंट ढोने वाली बुग्गी की चपेट में आकर उसका 6 साल का बेटा अभय घायल हो गया।

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचारः** खोड़ारे क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के भाई की तहरीर पर मुख्य आरोपी समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के मुताबिक, पीड़िता का भाई महाराष्ट्र में मजदूरी करता है। आरोप है कि गांव की ही एक महिला ने उसकी नाबालिग बहन को बहला-फुसलाकर अपने घर बुलाया। महिला ने अपने पति के सहयोग से अपने भाई सफीउल्लाह निवासी रमवापुर, सादुल्लाह नगर, बलरामपुर से किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म करवाया। आरोपी युवक ने शादी का झांसा देकर काफी समय तक किशोरी का शोषण किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। पीड़िता का भाई महाराष्ट्र से वापस लौटा, तो बहन ने अपनी आपबीती सुनाई।

# बैठक में फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों की समीक्षा

**गोंडा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीडीओ अंकिता जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य जनपद के विभिन्न विकासखण्डों में फार्मर रजिस्ट्री के प्रगति कार्यों की गहन समीक्षा करना था। डीएम ने विकासखण्ड करनैलगंज, हलधरमऊ, परसपुर एवं कटराबाजार में संचालित फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों एवं फील्ड कर्मचारियों, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ग्राम पंचायत सचिव, कृषि विभाग के अधिकारीगण को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरी समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाय। सर्वे के दौरान मृतक किसानों को चिन्हित कर उनकी प्रविष्टियों को अलग किया जाए। सीडीओ अंकिता जैन ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विकासखण्डों में आपसी समन्वय के साथ कार्य किया जाए। बैठक के दौरान विकासखण्ड करनैलगंज में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अवधेश तिवारी, विमलेश कुमार तथा ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह के द्वारा किए जा रहे कार्यों की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए हैं। विकासखण्ड करनैलगंज में तैनात ग्राम विकास अधिकारी बीना सिंह का बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ शतचंडी महायज्ञ


शतचंडी महायज्ञ स्थल पर मौजूद संत व श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** खमरौनी स्थित ज्वालामाई मंदिर में कलश यात्रा निकाल कर शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। शतचंडी महायज्ञ के संयोजक गुजरात के सूरत स्थित सिद्ध मनोकामना हनुमान पीठ के पीठाधीश्वर व महामंडलेश्वर स्वामी रामसेवक दास त्यागी बापू ने यज्ञशाला में देवी का पूजन किया। अयोध्या से आए वैदिक विद्वान व यज्ञ आचार्य ने वेद मंत्रों से राष्ट्र की सुख शांति एवं क्षेत्रीय सद्भाव की कामना से समस्त देवी-देवताओं को यज्ञ मंडप में पधारने का आह्वान किया। मंदिर परिसर में रामनाम का अखंड कीर्तन के साथ मथुरा वृंदावन से आए कलाकारों ने रासलीला का मंचन शुरू कर दिया। महायज्ञ की पूर्णाहुति 4 फरवरी को भंडारे के साथ होगी। कलश यात्रा में इंद्र बहादुर तिवारी, दुर्गा प्रसाद तिवारी, बब्लू पाण्डेय, रवि सिंह, रमाकांत पांडेय, प्रदीप तिवारी, संतोष पांडेय, दीपक समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## विधायक ने किया अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन

**खरगूपुर, अमृत विचार :** नवनिर्मित पंचायत भवन एवं अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन विधायक ने किया। जानकी नगर जय प्रभा ग्राम में 24 लाख रुपए में निर्मित पंचायत भवन तथा 8 लाख की लागत से बना अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत गिरजेश पटेल, जानकी नगर प्रधान ओमप्रकाश तिवारी, दीप नारायण तिवारी , भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष चौरसिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बहराइच में एसडीएम-होमगार्ड जवान के विवाद को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**गोंडा, अमृत विचार :** होमगाड्र्स अवैतनिक अधिकारी व कर्मचारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गत दिनों बहराइच के तहसील महसी एसडीएम द्वारा उनकी सुरक्षा में तैनात होमगाड्र्स जवानों से अभद्रता, गालियां जातिसूचक शब्द तथा शिखा उखाड़ने की धमकी देने के मामले को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर न्याय की गुहार लगाई है। मांगपत्र में एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र अंकम ओझा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय प्रकाश गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष रामजन्म यादव, जिला महामंत्री शिवकुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राम मुनीजर वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष राकेश पाठक,मण्डल अध्यक्ष बंशीधर मौर्या, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश पाण्डेय, कम्पनी अध्यक्ष राजेंद्र दूबे, सूर्य मणि मिश्रा, ओंकार तिवारी, चन्द्र मोहन पाण्डेय,जग प्रसाद यादव, ब्रह्म दयाल तिवारी, महेश्वर, आरिफ, प्रह्लाद मिश्रा, महेश मिश्रा, रामतीर्थ, अरुण शुक्ला , शिवकुमार तिवारी, रामदीन यादव,विजय बहादुर यादव आदि ने कहा है कि यदि होमगाड्र्स जवानों को न्याय नहीं मिला तो आन्दोलन को बाध्य होंगे।

## ग्रामीणों को दी गयी योजनाओं की जानकारी

**गोंडा, अमृत विचार :** विकासखंड झंझरी के ग्राम पंचायत बड़गांव नाथनगर में मंगलवार को ब्लॉक आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव अरुणिमा वर्मा ने की। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर उदयमान पांडे, मुन्ना पांडे, भोला सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## रेस्टोरेंट से युवक-युवतियों को कोतवाली लायी पुलिस

**करनैलगंज, अमृत विचार :** मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के सरयू डिग्री कॉलेज रोड स्थित एक पिज्जा रेस्टोरेंट में बैठे कुछ युवक-युवतियों को पुलिस ने पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया। शिकायत मिलने पर नगर चौकी प्रभारी शिवनाथ गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद युवक-युवतियों को कोतवाली लाया गया। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि सभी से पूछताछ की जा रही है और उनके अभिभावकों को भी बुलाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## उधारी न देने पर दबंग ने की मारपीट

**तरबगंज, अमृत विचार :** रानीपुर पहाड़ी मे उधारी न देने पर मारपीट का मामला सामने आया है जिसमें चार लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पीड़ित विपिन कुमार ने बताया कि उसककी दुकान बंधा चौराहे पर है। विपक्षी श्याम पंडित, विशाल, विकास निवासी खाले शीशव व नवाबगंज त्र के गोपसराय गांव निवासी आदर्श सिंह आये और उधार सामान मांगने लगे। मना करने पर ये लोग जबरदस्ती दुकान में घुसकर मारपीट करने लगे। थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट के मामले मे चार लोगो के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

## केबल हटाने को लेकर पिटाई

**धानेपुर अमृत विचार :** ग्राम पंचायत सिंघवापुर के गोकरन चौराहा निवासिनी रीना चौहान पत्नी स्व. राजेन्द्र चौहान के मुताबिक विपक्षी ने उसके नीम के पेड़ में केबल बांध रखा था। जब उसने हटाने को कहा तो 25 जनवरी की रात करीब नौ बजे विपक्षी ने लाठी-डंडों से उसे पीटा जिससे चोटें आई हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी सुखलाल व सुखलाल की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## उखाड़ दिया पैमाइश का पिलर

**धानेपुर, अमृत विचार :** पैमाइश के बाद लगाये गए पिलर को विपक्षी ने उखाड़ कर फेंक दिया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। लखनऊ के दरोगा खेड़ा के रहने वाले डॉ. विवेक मिश्र के मुताबिक ख्वाजाजोत में उसकी भूमि है। इस पर चकबंदी लेखपाल व कानूनगो की ओर से पैमाइश के बाद सीमा पर पक्का पिलर बनवाया गया था। आरोप लगाया है कि विपक्षी ने पक्का पिलर तोड़ दिया और उसे व उसके ड्राइवर को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रेम प्रकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है और अन्य विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

## दलों के प्रतिनिधियों के साथ एसडीएम की बैठक

**गोंडा, अमृत विचार :** सदर तहसील में उप जिला अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता एवं सहायक उप जिला अधिकारी जितेंद्र गौतम ने राजनीतिक दलों के नेताओं से के साथ बैठक की। इसमें एसआईआर में छूटे मतदाताओं को मैंपिंग के लिए संबंधित 13 अभिलेख में कोई एक लेकर तहसील में मैपिंग मतदाताओं को उनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए सहयोग किए जाने और शत-प्रतिशत मतदाताओं को वोटर बनाने पर प्रयास करने के लिए चर्चा की। बैठक में कांग्रेस से जिला मीडिया प्रभारी शिव कुमार दुबे, सपा से जावेद मंटू, बसपा से विश्राम वर्मा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (एम) से अमित शुक्ला सहित अन्य तहसील कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवती लापता, मुकदमा दर्ज

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र में 20 वर्षीय युवती के लापता होने के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। पिता द्वारा पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा गया है कि उसकी पुत्री बीते बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे घर से निकली थी, लेकिन निर्धारित स्थान पर नहीं पहुंची और रास्ते में ही लापता हो गई। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। बाद में जानकारी मिली कि ग्राम मझेरिया पटीठ निवासी आशीष कुमार शादी का झांसा देकर युवती को अपने साथ कहीं ले गया है। इस आधार पर परिजनों ने युवक के खिलाफ अपहरण का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि मामले में नामजद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है तथा युवती की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

## मारपीट के दो अलग-अलग मामले में मुकदमा

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में घरेलू हिंसा व आपसी मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो लोगो पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पहले मामले में राजेन्द्र नगर निवासी अंतिमा उपाध्याय ने अपने पति रवी उपाध्याय पर मारपीट, गाली-गलौज, भरण-पोषण न देने, घर से निकालने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। दूसरे मामले में ग्राम किशुनदासपुर निवासी खुनफी ने अपने भाई पिंगल पर पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज, लाठी-डंडों से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना में पीड़ित को सिर व शरीर में चोटें आई हैं। इस प्रकरण में भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।


परेड ग्राउंड पर मौजूद लोगों को संबोधित करते डीएम व मौजूद एसपी। अमृत विचार


परेड के दौरान सदर विधायक अनुपमा जायसवाल व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार


झंडा फहराते विधायक सुभाष त्रिपाठी व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

## ▶ जिलाधिकारी ने तिरंगा फहराकर ली परेड की सलामी, जनपद में सर्वोत्तम सेवा करने वाले लोगों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** 77वां गणतन्त्र दिवस जनपद में गरिमापूर्ण ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में सम्पन्न हुआ। जहां पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने तिरंगा फहराया तथा पुलिस परेड की सलामी ली गई। जबकि पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा कर्तव्यनिष्ठा का सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह व अन्य न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी, एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, सीडीओ मुकेश चन्द्र, एडीएम अमित कुमार, सीआरओ देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अपर नगर अशोक कुमार सिंह व ग्रामीण के दुर्गा प्रसाद तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन, छात्र-छात्राएं व बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि डीएम अक्षय त्रिपाठी द्वारा भव्य परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। प्रथम कमाण्डर क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी, द्वितीय कमाण्डर प्रभारी महिला थाना विनीता रावत व तृतीय कमाण्डर म.उ.नि. थाना कोतवाली नगर सुश्री ऋषिका सिंह की अगुवाई में मार्च पास्ट कर राष्ट्र ध्वज को सलामी दी गई।

गणतन्त्र दिवस समारोह में डीएम ने महाकुंभ-2025 के दौरान सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त महाकुंभ उत्कृष्ट सेवा मेडल व प्रमाण पत्र से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व पुलिस उपाधीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन प्रियंका यादव आदि सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न शाखाओं के 112 कर्मियों को प्रशंसा चिह्न वप्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि डीएम ने शानदार व भव्य परेड आयोजन के लिए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। वहीं समारोह के अन्त में सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने डीएम व एसपी के साथ बच्चों का पुरस्कृत कर उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा, कैसरगंज के धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, नानपारा के पहुप सिंह, महसी के पवन कुमार आदि रहे।

**पयागपुर और विशेश्वरगंज में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, पयागपुर (बहराइच) :**77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पयागपुर तहसील क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और स्वास्थ्य केंद्रों पर भारी उत्साह देखा गया। इस दौरान तिरंगा फहराने के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सेवा कार्यों के जरिए देशभक्ति का संदेश दिया गया तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय और तहसीलदार अम्बिका चौधरी ने संयुक्त रूप से झंडा फहराया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार और राजस्व कर्मियों ने संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। वहीं, ब्लॉक पयागपुर में खंड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख गीता देवी और उनके प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र ने झंडा फहराया और उपस्थित कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर गणतंत्र की बधाई दी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर में क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने तिरंगा फहराया। उनके साथ प्रभारी अधीक्षक शरद भारती एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। ध्वजारोहण के पश्चात विधायक ने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना और उन्हें फल एवं बिस्कुट वितरित किए शिक्षा विभाग में भी उत्सव का माहौल रहा। बीआरसी पयागपुर में खंड शिक्षा अधिकारी डॉली मिश्र ने तिरंगा फहराया, जबकि बीआरसी विशेश्वरगंज में खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश मिश्र ने ध्वजारोहण किया। वहीं राम नारायण सिंह इंटर कॉलेज में गिरजा शंकर पांडेय ने व के.वी. इंटर कॉलेज में राजा जयेंद्र विक्रम सिंह ने तिरंगा फहराया। उधर, जूनियर हाई स्कूल गंगापुर व कंपोजिट भूपगंज में छात्रों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

### गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुई क्रासकंट्री दौड

**बहराइच ।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर खेल निदेशालय के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय, बहराइच द्वारा इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम के प्रांगण में बालकों हेतु 05 कि.मी. तथा बालिकाओं की 03 कि.मी. क्रासकन्ट्री रेस का आयोजन कराया गया। जिसका शुभारम्भ क्रीड़ाधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने हरी झण्डी दिखाकर किया। क्रासकन्ट्री दौड़ में प्रथम छः स्थान प्राप्त करने वाले बालक व बालिकाओं को मुख्य अतिथि सीएससी कैसरगंज के चिकित्सक डॉ. सर्वेश कुमार सिंह सम्मानित किया। दौड़ के बाल वर्ग में अजीत वर्मा, देवानन्द, तनप्रीत चौहान, संचित पाल, अनिल व अतुल तथा बालिका वर्ग में क्रमशः सफीना, वेनका, रईसा, सुहानी, हिना व संजीदा ने क्रमशः प्रथम से षष्टम स्थान प्राप्त किया।


दौड़ को हरी झंडी दिखाते क्रीड़ाधिकारी आनंद कुमार।

### फहराया गया 30 मीटर ऊंचा तिरंगा

**खैरीघाट।** बहराइच जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्रद्धेय भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में निर्मित अटल उद्यान का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर निर्मित 30 मीटर ऊंचा विशाल तिरंगा फहराया गया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। विकास खंड शिवपुर के ग्राम पंचायत बेहड़ा में वर्तमान प्रधान सूर्य प्रकाश सिंह उर्फ बुल्लू सिंह ने अपने माता-पिता की स्मृति में अटल उद्यान का निर्माण कराया है। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महसी विधायक सुरेश्वर सिंह एवं नानपारा विधायक राम निवास वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष राम निवास जायसवाल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रमाकर पांडेय, प्रमुख प्रतिनिधि शिवपुर सुधीर यज्ञसेनी, दिवाकर पांडेय, संत कुमार सिंह जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि अमन वर्मा, डॉ. सूर्य विजय सिंह, खंड विकास अधिकारी शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव, अयोध्या तिवारी रहे।


ध्वज फहराते महसी विधायक सुरेश्वर सिंह, नापारा विधायक रामनिवास सिंह व मौजूद अन्य लोग।

### सेंट्रल बैंक में ढाई बजे फहराया गया तिरंगा

**पयागपुर (बहराइच)।** पयागपुर स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से भारी लापरवाही का मामला सामने आया है। सोमवार सुबह जहां हर सरकारी और गैर-सरकारी संस्थान तिरंगे की आन-बान और शान में डूबे थे, वहीं इस बैंक परिसर में दोपहर तक ताला लटका रहा। सोमवार सुबह गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वज फहराने के लिए बैंक का कोई भी कर्मचारी शाखा नहीं पहुंचा। बैंक में ताला लटका देख और झंडा रोहण न होता देख स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। राष्ट्रीय पर्व के प्रति बैंक प्रशासन की इस बेरुखी को देख ग्रामीणों ने मामले की शिकायत तुरंत क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में कर दी शिकायत मिलते ही आरएम ऑफिस ने मामले का संज्ञान लिया और पयागपुर शाखा को कड़ी फटकार लगाई। मुख्यालय के निर्देश पर आनन-फानन में शाखा प्रबंधक विकास मित्तल बैंक पहुंचे। इसके बाद दोपहर लगभग 2:35 बजे बैंक परिसर में झंडा रोहण की प्रक्रिया पूरी की जा सकी। वहीं जब इस संबंध में बैंक मैनेजर विशाल मित्तल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बैंक पर उन्हें झंडा रोहण करना था बैंक की चाभी मेरे ही पास थी अचानक तबियत खराब हो जाने के कारण झंडा रोहण करने में देरी हो गयी जान बूझ कर ऐसा नही किया गया है।

### कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का हुआ आयोजन

**बहराइच।** गणतन्त्र दिवस के अवसर पर देर शाम नगर पालिका परिषद हाल में कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के नामचीन कवियों और शायरों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कवि रामसूरत वर्मा जलज एवं गोपाल शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. मुबारक अली, अल्लन बहराइची, रश्मि प्रभाकर, फौक बहराइची, रईस सिद्दीक़ी बहराइची, पी. के. प्रचण्ड, तिलक राम अजनबी, प्रदीप कुमार पाण्डेय, देशराज आज़ाद, शाश्वत पंवार, किशोरी लाल एडवोकेट, तारिक बहराइची, अदील अहमद, शाहिद सईद, गुलाब चंद्र जायसवाल, वीरेश पांडे, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, सुनील, नजर बहराइची, सोमेश सावन सहित अन्य कवियों एवं शायरों द्वारा अपनी रचनाएं प्रस्तुत की गयीं। कार्यक्रम के अन्त में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल द्वारा कवियों एवं शायरों को अंगवस्त्र व मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधि. नगर पालिका परिषद प्रमिता सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य लोग मौजूद रहे।


कवि सम्मेलन में काव्यपाठ करता कवि।

### क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**जरवल रोड (बहराइच)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र के सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं सहित तिरंगा फहराया गया। गायत्री विद्यालय जरवल रोड में मुख्य अतिथि सुरेंद्र श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलन के बाद ध्वज फहराया गया। यहां विद्यालय कोऑर्डिनेटर पंकज तिवारी प्रधाना चार्य सुधीर सिंह अतिथि सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। ठाकुर भगवती सिंह किसान इंटर कॉलेज एनसीसी के छात्र-छात्राओं तथा अन्य सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के प्रबंधक भूपेंद्र प्रताप सिंह प्रधानाचार्य विनोद मिश्रा के साथ लखनऊ गोंडा मार्ग तूफानी चौराहा रेलवे स्टेशन रोड सब्जी मंडी चीनी मिल चौराहा नगर भ्रमण करते हुए विद्यालय पहुंचे। किसान इंटर कॉलेज के प्रबंधक भूपेंद्र प्रताप सिंह, आईपीएल चीनी मिल तथा उद्भव शिक्षा निकेतन मे प्रबंधक टीएस राणा, स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शिवपाल सिंह जय भारत बल विद्या मंदिर में बृजेश पाल, प्रधान प्रतिनिधि मनोज राव तथा थाना जरवल रोड परिसर में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह आदि रहे।


कॉलेज कार्यक्रम में मौजूद छात्र छात्राएं।

### रुपईडीहा में भी धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**रुपईडीहा (बहराइच)।** भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श नगर पंचायत कस्बा रुपईडीहा में 77वां गणतंत्र दिवस महापवन पर्व बड़े ही उत्साह हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे की सभी सरकारी एवं निजी संस्थाओं में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया गया। नगर पंचायत रुपईडीहा कार्यालय में प्रातः 8:30 बजे नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य द्वारा तिरंगा फहराया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए जलपान की व्यवस्था की गई। वहीं रुपईडीहा थाना परिसर में थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने ध्वज फहराकर पुलिस बल के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। एस एस बी चेक पोस्ट रुपईडीहा पर असिस्टेंट कमांडेंट प्रशांत भारद्वाज द्वारा प्रातः 9:30 बजे ध्वजारोहण किया गया।प्रेस टैक्सी स्टैंड पर रूपईडीहा पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा तथा पूरी टीम के द्वारा झंडा फहराया।इसके अतिरिक्त रुपईडीहा कस्टम, टैक्सी स्टैंड, नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज, श्रीराम जानकी इंटर कॉलेज, प्राइमरी पाठशाला, वन विभाग कार्यालय, प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज,पार्वती स्कूल सहित कस्बे के सभी शिक्षण संस्थानों एवं सरकारी भवनों में भी गणतंत्र दिवस मनाया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, रुपईडीहा में भी ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कराई गई। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर नगर पंचायत द्वारा पूरे कस्बे को दुल्हन की तरह सजाया गया। नगर पंचायत कार्यालय, स्टेशन रोड चौराहा सहित प्रमुख स्थानों पर झालरों व टेंट की आकर्षक सजावट की गई थी।


तिरंगा फहराने के दौरान मौजूद लोग।

### यूजीसी के खिलाफ सड़कों पर उतरा सवर्ण समाज

**बहराइच।** यूजीसी बिल में केंद्र सरकार की ओर से किए गए संशोधन के खिलाफ आज जिला मुख्यालय पर सवर्ण संगठनों व राजनैतिक पार्टियों की और से जमकर प्रदर्शन किया गया। परशुराम सेना, क्षत्रिय महासभा, जनसत्ता दल व सर्व समाज के बैनर तले जिलाधिकारी कार्यालय पर हजारों की संख्या में लोग केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल लोग इसे काला कानून बताते हुए वापस लेने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारी हर हर मोदी सवर्ण विरोधी के नारे लगा रहे थे वहीं प्रदर्शन को देखते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस कर्मी प्रदर्शनकारियों को समझाने में जुटे रहे। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि सरकार सामाजिक ताने बाने को छिन्नभिन्न करने का काम कर रही है। सवर्ण समाज ने हमेशा भाजपा का साथ दिया है। लेकिन आज समाज के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। अगर ये कानून वापस नहीं हुआ तो हम लोग इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।

### यूजीसी के विरोध में बनी आंदोलन की रूपरेखा

**बाबागंज (बहराइच)।** केंद्र सरकार द्वारा यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) से जुड़ी नीतियों में प्रस्तावित बदलावों के विरोध में सर्व समाज ने एकजुट होकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की। बाबा परमहंस कुटी में आयोजित बैठक शिवपूजन सिंह की अगुवाई में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग, शिक्षक, छात्र और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण पाठक रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यूजीसी से संबंधित निर्णयों का सीधा असर उच्च शिक्षा, आरक्षण व्यवस्था और सामाजिक न्याय पर पड़ता है। बैठक में हर्ष उदय सिंह, विशाल त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी, माहेद्र शर्मा, सुशील पाठक, वैभव सिंह, शौरभ श्रीवास्तव, आर पी सिंह, राम सूरत पाठक आदि लोग रहे।

### चित्र प्रदर्शनी का सदर विधायक ने किया उद्घाटन

**बहराइच।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा महाराज सिंह इंटर कॉलेज में इंटीग्रेटेड कम्युनिकेशन एंड आउटरीच प्रोग्राम अन्तर्गत 26 एवं 27 जनवरी को आयोजित विकसित भारत-जी राम जी कानून, सेवा, सुशासन एवं समृद्धि तथा गणतंत्र दिवस विषय पर आयोजित 02 दिवसीय प्रदर्शनी, व्याख्यान, गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का पूर्व मंत्री एवं सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुये विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा पूर्व में चल रहे मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत-जी राम जी कानून को लाया गया है। वहीं विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में जिला प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हसीब, चांद मुहम्मद, अनुराग सिंह अन्नू, संतोष सिंह, गोविन्द कश्यप, इरफान खान, मोहम्मद नईम, फैज़ सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग रहे।

## डीएम ने तिरंगा फहराकर परेड की ली सलामी

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** जिले में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट व पुलिस लाइन में डीएम अश्वनी कुमार पांडेय ने तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान व नशामुक्ति की शपथ दिलाने के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों व खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों व थारू कलाकारों ने लोकनृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

गणतंत्र दिवस पर जिले के सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों व शैक्षिणक संस्थाओं में तिरंगा फहराने, राष्ट्रगान, संविधान में उल्लिखित संकल्प स्मरण, देशगान के साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। साथ ही देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कलेक्ट्रेट में डीएम ने ध्वजारोहण कर गार्ड की सलामी ली। साथ ही कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को भारतीय संविधान एवं लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस दौरान क्रॉसकंट्री दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम बॉबी राना, द्वितीय किशन लाल, तृतीय प्रवेश लाल, चतुर्थ हर्षित राना, पांचवां रंजीत यादव तथा छठा स्थान पाने वाले आशुतोष त्रिपाठी तथा बालिका वर्ग की प्रतिभागियों को सम्मानित किया। बालिकाओं में प्रथम स्थान नैना द्विवेदी, द्वितीय स्थान सानिया बानो, तृतीय स्थान महिमा यादव, चतुर्थ स्थान हसीबुन निशा, पाँचवाँ स्थान कोमल तथा छठा स्थान पाने वाली संजना कुमारी को ट्रेकसूट शूट देकर सम्मानित किया। वहीं शिवम कुमार को सांत्वना पुरस्कार दिया। बाद में पुलिस लाइन पहुंच कर डीएम ने एसपी राहुल भाटी के साथ पुलिस परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को सम्मानित किया। इसी क्रम में जिला जज राकेश धर दूबे ने जिला न्यायालय, एसडीएम ने तहसील, बीडीओ ने ब्लॉक, बीईओ ने बीआरसी, सीडीओ शाहिद अहमद ने विकास भवन, एसएसबी कमाण्डेंट अमरेन्द्र कुमार वरूण ने एसएसबी मुख्यालय, डीएफओ धनराज मीणा ने वन कार्यालय, नपा भिनगा में ईओ डॉ, अनीता शुक्ला, विद्यालयों में जनप्रतिनिधियों ने तिरंगा फहराया।


परेड का निरीक्षण कर सलामी लेते डीएम साथ में एसपी। अमृत विचार

### गणतंत्र दिवस समारोह में फहराया गया तिरंगा

**नवाबगंज, (बहराइच)।** 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह नवाबगंज थाना परिसर व स्कूलों पंचायत मुख्यालय में धूमधाम से मनाया गया। ग्राम पंचायत चौगड़वा, प्रधान प्रतिनिधि बेचेलाल जायसवाल, ग्राम पंचायत बसंत पुर कालिका मे प्रधान प्रतिनिधि सलीम अहमद सलमानी, बिरई गांव में प्रधान प्रतिनिधि अनीस खान ने तिरंगा फहराया।

## लापता महिला का नाले में मिला शव

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** मल्हीपुर-बाबागंज मार्ग स्थित बर्रोह पुल के पास भकला नाले में सोमवार को एक अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मल्हीपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मल्हीपुर खुर्द के मजरा मोगला गांव निवासी रीना (22) पत्नी गोविंद की 14 दिन पूर्व अपने पति से किसी बात को लेकर कहासूनी हो गई थी। इसके बाद से वह संदिग्ध परिस्थित में लापता हो गई। ससुराल के लोग 13 जनवरी से ही उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कही पता नहीं चला। इस पर गोविंद ने 14 जनवरी को मल्हीपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराया था। सोमवार शाम कुछ चरवाहे भकला नाला में अपने मवेशियों को पानी पिलाने ले गए थे। वहां पुल से कुछ दूरी पर नाले में उन्हें एक महिला का शव दिखा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची मल्हीपुर पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाया। देखने से शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। संदेह के आधार पर जब पुलिस ने गोविंद व उनके परिजनों को बुलाकर शिनाख्त कराया तो उसकी पहचान रीना के रूप में हुई है






**परियोजना** | पर्यटन हब बनाने की चल रही मांग के बाद करोड़ों की लागत से कायाकल्प शुरू

## अब पयागपुर इको-टूरिज्म का नया केंद्र बनेगा तालाब बघेल

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े वेटलैंड्स में शुमार पयागपुर स्थित 'तालाब बघेल' के दिन अब बहुरने वाले हैं। लंबे समय से इसे पर्यटन हब बनाने की चल रही मांग अब धरातल पर उतरती दिख रही है। क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी और सांसद करण भूषण सिंह के विशेष प्रयासों से इस ऐतिहासिक झील के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ हो गया है।

लगभग 450 हेक्टेयर में फैला यह विशाल जलाशय कभी दुर्लभ विदेशी पक्षियों का पसंदीदा ठिकाना हुआ करता था। समय के साथ उपेक्षा का शिकार हुई इस झील को अब नया जीवन मिलने जा रहा है। इस परियोजना से न केवल जल संरक्षण को मजबूती मिलेगी, बल्कि इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलने से प्रवासी पक्षियों की आमद एक बार फिर बढ़ेगी जारी किए गए साइट प्लान के अनुसार, झील के किनारे को आधुनिक और आकर्षक रूप दिया जा रहा है।


पयागपुर झील की सफाई करते कर्मचारी।



तालाब बघेल का प्रस्तावित नक्शा।

**रोजगार को लगेंगे पंखः** तालाब बघेल के पर्यटन स्थल बनने से स्थानीय युवाओं और शिल्पकारों के लिए स्वरोजगार के नए द्वार खुलेंगे। योजना के तहत यहां विशेष दुकानें बनाई जाएंगी, जिन्हें जलपान गृह और स्थानीय शिल्प को बढ़ावा देने के लिए आवंटित किया जाएगा विधायक सुभाष त्रिपाठी ने बताया कि यह परियोजना पयागपुर को प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएगी। प्रकृति और आधुनिकता का यह संगम आने वाले समय में जिले की अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### परियोजना की मुख्य विशेषताएं

- **विशाल धनुषाकार डेक :** पर्यटकों के लिए झील के बीचों-बीच एक भव्य 'टी-शेप' डेक बनाया जा रहा है, जहाँ से जलक्षेत्र का विहंगम दृश्य देखा जा सकेगा।
- **ओपन एयर थिएटर :** नोरंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक गोलाकार सीढ़ीदार ओपन थिएटर का निर्माण प्रस्तावित है।
- **आधुनिक सुविधाएं :** सेल्फी पॉइंट, सीढ़ीनुमा बेंच, और बैठने के लिए सुंदर हरित पट्टिकाएं विकसित की जाएंगी।
- **सोलर एनर्जी :** पूरे तट को सोलर लाइटों से जगमग किया जाएगा, जिससे रात के समय भी यह स्थल सुरक्षित और आकर्षक दिखेगा।
- **पार्किंग व कैंटीन :** आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए व्यवस्थित पार्किंग स्पेस और कैंटीन की व्यवस्था भी नक्शे में शामिल है।

# अमृत विचार

बुधवार, 28 जनवरी 2026




जिस दिन आपको कोई समस्या न आए, मान लीजिए कि आप निश्चित रूप से गलत रास्ते पर चल रहे हैं।

–**विवेकानंद**, दार्शनिक



## विवादों का विश्वकप

पाकिस्तान का कहना है कि वह बांग्लादेश के समर्थन और भारत के विरोध में काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरेगा। भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करेगा। यदि विश्व कप के मैच राजनीतिक बहिष्कार, काली पट्टियों या प्रतीकात्मक विरोधों के बीच खेले जाएं, तो प्रतिस्पर्धा की पवित्रता प्रभावित होगी। दर्शक खेल कौशल देखना चाहते हैं, न कि सियासी संदेश। आईसीसी के नियम साफ हैं, मैदान राजनीतिक प्रदर्शनों का स्थल नहीं। अतीत में इस तरह की कोशिशों पर जुर्माना और प्रतिबंध लगाए गए हैं। यदि आईसीसी ऐसे कदमों की अनुमति देती है, तो भविष्य में हर विवादित मुद्दा मैदान तक पहुंच जाएगा। खेल का मैदान प्रतीकात्मक विरोध का मंच बना जाएगा।

पाकिस्तान भारत के खिलाफ मैदान में न उतरकर विरोध दर्ज कराता है, तो यह केवल एक मैच का बहिष्कार नहीं होगा, यह पूरे टूर्नामेंट की संरचना और विश्वसनीयता पर प्रश्न चिह्न लगाएगा। विश्व कप द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं, बल्कि बहुपक्षीय आयोजन है। इसमें भाग लेना नियमों की स्वीकृति के साथ होता है। यदि कोई टीम चुनिंदा मैच खेले और चुनिंदा का बहिष्कार करे तो प्रतियोगिता की निष्पक्षता समाप्त हो जाएगी। यदि पाकिस्तान भारत से नहीं खेलता, तो अंक गंवाने से उसका सेमीफाइनल या खिताब जीतने का रास्ता कठिन होगा। इससे यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि उसका प्राथमिक उद्देश्य प्रतिस्पर्धा है या राजनीतिक संदेश? फिर भी वह औपचारिक रूप से टूर्नामेंट से बाहर होने की घोषणा नहीं करना चाहता, क्योंकि ऐसा करने पर आर्थिक दंड, प्रसारण राजस्व में कटौती और प्रायोजन हानि का भारी जोखिम है। पीसीबी और उसके खिलाड़ियों को विश्व कप से प्रतिष्ठा के अलावा भपूर पैसा भी मिलता है। बहिष्कार की स्थिति में खिलाड़ियों की मैच फीस, आईसीसी राजस्व हिस्सेदारी और भविष्य की द्विपक्षीय श्रृंखलाओं पर असर पड़ सकता है, जो तात्कालिक ही नहीं, दीर्घकालिक भी नुकसानदेह होगा। क्रिकेट कूटनीति ने भारत-पाकिस्तान के बीच 1987 की 'क्रिकेट डिप्लोमेसी' से लेकर 2004 की ऐतिहासिक श्रृंखला तक, कई बार संवाद के दरवाज़े खोले हैं, लेकिन इस बार टी20 विश्व कप 2026 के संदर्भ में जो घटनाक्रम सामने है, वह उलटी दिशा का संकेत दे रहे हैं। यहां क्रिकेट संवाद का माध्यम बनने के बजाय राजनीतिक संदेशों का मंच बनता दिख रहा है। पाकिस्तान की रणनीति का संदेश घरेलू राजनीतिक दबाव के परिणाम स्वरूप अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत को घेरने की कोशिश है? वस्तुतः वैश्विक स्तर पर भारत की छवि पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय खेल समुदाय नियम-आधारित व्यवस्था को महत्व देता है। यदि कोई बोर्ड राजनीतिक कारणों से अनुबंधित दायित्वों का पालन नहीं करता, तो प्रश्न उसी पर उठेंगे।

फिलहाल, आईसीसी को इस मामले में सख्त रुख अपनाना चाहिए, वह या तो सभी के लिए सभी मैच खेलना अनिवार्य करे या अनुपालन न करने वाली टीम को बाहर कर दे, यह शर्त टूर्नामेंट की साख के लिए आवश्यक है। इस विवाद का समाधान यही है कि खेल संस्थाएं स्पष्ट आचार संहिता लागू करें। राजनीतिक प्रतीकों और बहिष्कार को अस्वीकार्य घोषित करें।

### प्रसंगवश

## पंचायतों के फरमान और अधिकार की बहस

देश के अलग–अलग हिस्सों में पंचायतों और खापों की ओर से समाजहित के नाम पर जारी किए जा रहे फरमान एक बार फिर राष्ट्रीय बहस का विषय बन गए हैं। कोई इन्हें परंपरा, अनुशासन और सामाजिक मूल्यों की रक्षा का प्रयास मान रहा है, तो कोई इन्हें महिलाओं और युवाओं की आज़ादी पर सीधा हमला बता रहा है। हाल ही में राजस्थान के जालोर और उत्तर प्रदेश के बागपत से सामने आए दो मामले इस टकराव की स्पष्ट तस्वीर पेश करते हैं, हालांकि पंचायतों द्वारा सामाजिक निर्देश जारी करना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस बार लिए गए फैसलों का केंद्र बच्चों का भविष्य, शिक्षा और संस्कार बताए जा रहे हैं, जिसने बहस को और गहरा कर दिया है।

हाल ही में राजस्थान के जालोर जिले की सुंधामाता पट्टी में चौधरी समाज की पंचायत ने जब 15 गांवों की बहू-बेटियों के लिए स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक लगाने का फरमान जारी किया,




देवेंद्र सिंह

वरिष्ठ पत्रकार


जिसे 26 जनवरी 2026 से लागू किया जाना था, लेकिन पंचायत के फैसले के साथ ही पूरे प्रदेश में एक नई बहस छिड़ गई। पंचायत के आदेश को महिला विरोधी माना जा रहा था। इस फैसले में महिलाओं को न केवल घर से बाहर मोबाइल ले जाने से रोका गया, बल्कि सार्वजनिक समारोहों, शादियों और यहां तक कि पड़ोसी के घर जाते समय भी स्मार्ट फोन साथ रखने पर पाबंदी लगा दी गई। महिलाओं को केवल सामान्य की-पैड फोन (बातचीत के लिए) इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई थी। यह फरमान सामने आते ही महिला संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शहरी वर्ग ने इसे महिलाओं की स्वतंत्रता और आधुनिक जीवनशैली पर सीधा हमला बताया।

दूसरी ओर पंचायत से जुड़े लोगों का कहना था कि यह निर्णय महिलाओं को नियंत्रित करने के लिए नहीं, बल्कि बच्चों और परिवारों को मोबाइल की लत से बचाने के उद्देश्य से लिया गया था। पंचायत के सदस्यों का कहना है कि यह निर्णय महिलाओं की शिकायत के आधार पर लिया गया था, जिसमें कहा गया था कि बच्चे स्कूल से आने के बाद अत्यधिक समय मोबाइल पर बिताते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई और स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। उनका तर्क था कि मोबाइल फोन के अत्यधिक इस्तेमाल से बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है और परिवारों में संवाद कम होता जा रहा है। विरोध इतना तेज हुआ कि पंचायत को अपना निर्णय वापस लेना पड़ा। पंचायत अध्यक्ष सुजनाराम चौधरी ने स्पष्ट किया कि फैसले को गलत अर्थों में लिया गया और चूंकि यह समुदाय को स्वीकार्य नहीं था, इसलिए इसे रद्द कर दिया गया।

भले ही जालोर में पंचायत को अपने कदम पीछे खींचने पड़े, लेकिन इस घटना ने एक अहम सवाल खड़ा कर दिया। क्या पंचायत का फैसला पूरी तरह गलत था या बच्चों के हित में लिए गए निर्णय के उद्देश्य को समाज ठीक से समझ नहीं पाया? यही सवाल उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में भी उठ रहा है, जहां खाप पंचायत के फैसलों ने नई बहस छेड़ दी है।

बागपत में खाप पंचायत ने 18 वर्ष से कम उम्र के लड़के-लड़कियों के लिए स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक लगाने के साथ-साथ लड़कों और लड़कियों दोनों के हाफ-पैंट (शॉर्ट्स) पहनने को भी अनुचित बताते हुए प्रतिबंध की बात कही है। पंचायत का दावा है कि यह कदम पश्चिमी प्रभाव से संस्कृति की रक्षा, सामाजिक अनुशासन बनाए रखने और बच्चों को भटकाव से बचाने के लिए उठाया गया है। खाप नेताओं का कहना है कि मोबाइल फोन बच्चों के जीवन में पढ़ाई से ध्यान भटकाने वाला सबसे बड़ा कारण बन गया है।

# अमेरिका को जवाब है यूरोपीय यूनियन से एफटीए






दिग्विजय सिंह

कानपुर


भारत और यूरोपीय यूनियन के लिए मंगलवार का दिन बेहद खास और ऐतिहासिक रहा। दोनों पक्षों के बीच फ्री ट्रेड डील साइन हो गई। यह समझौता दोनों देशों के कारोबारियों के लिए फायदेमंद तो है ही महंगाई घटाने में भी अहम रोल निभाएगा। अमेरिका ने 50 फीसद टैरिफ लगाकर जो झटका भारतीय कंपनियों और निर्यातकों को दिया है, उससे उबरने में बड़ी मदद मिलेगी। यह डील यूरोपीय बाजारों में हमारे निर्यातकों को अपने उत्पादों की पहुंच बढ़ाने का बड़ा अवसर देगी। टेक्सटाइल्स, लेदर, डायमंड और ज्वैलरी, इंजीनियरिंग सामान और प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स का निर्यात बढ़ेगा। इतना ही नहीं इससे सेमीकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी और डिफेंस सेक्टर में यूरोप की विनिर्माण इकाइयों को भारत में स्थापित होने का मौका भी मिलेगा। जो मेक इन इंडिया को भी बढ़ावा देने में सहायक होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगा चुके हैं। अभी वे ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर लगातार यह धमकी दे रहे हैं कि जो देश उनका इस मुद्दे पर समर्थन नहीं करेगा उसे और टैरिफ की मार झेलनी पड़ेगी। भारत ही नहीं दुनिया के तमाम देश अमेरिकी टैरिफ के हंटर से नाराज हैं। यही वजह है कि वे अमेरिका को जवाब देने में जुटे हुए हैं। भारत से तमाम देश अपनी नजदीक बढ़ाने में जुटे हुए हैं। भारत ने तो यूनाइटेड किंगडम, श्रीलंका, थाईलैंड, भूटान, सिंगापुर, कोरिया, जापान, मलेशिया, आस्ट्रेलिया, मॉरीशस के साथ आसियान व आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड के समूह यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ से भी समझौता पहले कर लिया था।

भारत ने इन देशों से फ्री ट्रेड डील करके अमेरिका को बता दिया है कि वह दबाव में नहीं आने वाला है। साथ ही कारोबार के लिए अमेरिका पर भी अपनी निर्भरता घटाने में सक्षम है। भारत पिछले कई सालों से यूरोपियन यूनियन से यह डील साइन करने को लेकर प्रयास कर रहा था। उसे अब सफलता मिली है। यह सफलता बहुत ही ऐतिहासिक है। यूरोपियन यूनियन का बाजार भारत के कुल निर्यात का लगभग 17 प्रतिशत है और इस समूह का भारत को निर्यात उसके कुल विदेशी शिपमेंट का 9 प्रतिशत है। यह दुनिया का सबसे बड़ा व्यापार समझौता हुआ है। ये समझौता यूरोपियन यूनियन की 450 मिलियन आबादी को भारत के करीब 1.4 अरब की आबादी से जोड़ने वाला है।

2030 तक भारत दुनिया का सबसे बड़ा कंज्यूमर मार्केट बनने की राह पर है। ऐसे में भारत, यूरोपियन सामानों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार होगा। यूरोपीय यूनियन की अर्थव्यवस्था 19.5 ट्रिलियन डॉलर की है, जबकि भारत की अर्थव्यवस्था चार ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है, इसीलिए यूरोपियन यूनियन ने इसे मदर ऑफ ऑल डील्स कहा है। इस डील के साथ ही भारत जल्द ही यूरेशियन आर्थिक संघ से भी एफटीए करेगा। इसकी शुरुआत हो चुकी है। इस संबंध में भारत क रूस के राष्ट्रपति पुतिन से भी कई दौर की वार्ता हो चुकी है। इस समझौते से रूस, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और आर्मेनिया में हमारे उत्पादों की पहुंच बढ़ेगी, जो अमेरिका के लिए किसी झटके से कम नहीं होगी।

दुनिया के लिए सबसे बड़े बाजार के रूप में स्थापित भारत से यूरोपीय यूनियन ही नहीं, कई ऐसे संघ हैं जो समझौते को आतुर हैं। खास बात यह है कि भारत ने अपनी शर्तों पर फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया है, ताकि हमारे किसानों के हित सुरक्षित रहें। किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए ही अभी तक भारत और अमेरिका के बीच समझौता नहीं हो पाया है। भारत सरकार ने स्पष्ट रूप से अमेरिकी नेतृत्व को बता दिया है कि वह किसान हित से समझौता नहीं करेगी। परिणाम स्वरूप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अलग-अलग बहानों से 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया, लेकिन भारत सरकार ने बिना किसी तीखी प्रतिक्रिया के अपना काम किया और एक के बाद एक देश से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करके अमेरिका को जवाब भी दे दिया।

खास बात यह है कि अब कनाडा भी भारत के साथ कई समझौते करने को आतुर दिख रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी मार्च में भारत आ सकते हैं। उनके मंत्री टिम हॉजसन इसी हफ्ते भारत की यात्रा करेंगे। इस वक्त कनाडा भी अमेरिकी दादागिरी से परेशान है और भारत से अपने रिश्ते सुधारने की हर संभव कोशिश कर रहा है। अलग-अलग देशों से हो रहे भारत के व्यापार समझौते पर अमेरिका की भी नजर है। चीन भी भारत सरकार द्वारा किए जा रहे समझौतों पर निगाह लगाए रखता है, क्योंकि इस समझौते का असर उसके भी निर्यातकों पर पड़ेगा, क्योंकि भारतीय उत्पादों की पहुंच समझौते वाले देशों में आसानी से बढ़ेगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति और उसके रणनीतिकार लगातार यह बयान दे रहे हैं कि भारत से अमेरिका के रिश्ते मधुर हैं और जल्द व्यापार समझौता होगा। अमेरिका को लगता है कि वह अपनी शर्तों पर भारत को झुका लेगा और समझौता हो जाएगा, लेकिन उसे यह पता है कि इस वक्त भारत की बागडोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में है, जो भारतीय हितों से न तो समझौता करेंगे और न ही किसी महाशक्ति के आगे झुकेंगे। खुद राष्ट्रपति ट्रंप पीएम मोदी को टफ निगोशिएटर कह चुके हैं। इससे यह पता चलता है कि अमेरिका भी मानता है कि भारत को झुकाना नामुमकिन है।

भारत सरकार भी कह चुकी है कि अमेरिका से जल्द ही डील हो जाएगी, हालांकि इस डील का इंतजार पूरी दुनिया को है। अमेरिकी टैरिफ का नुकसान हमारे निर्यातकों को हो रहा है, यह बता किसी से छिपी नहीं है, लेकिन देश के सम्मान में भी झुकने को तैयार नहीं हैं। भारत सरकार लगातार अलग-अलग देशों से समझौते करके उनके लिए नए-नए मार्केट तैयार कर रही है।

**यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए कारोबारियों के लिए फायदेमंद तो है ही महंगाई घटाने में भी अहम रोल निभाएगा। अमेरिका के 50 फीसद टैरिफ से उबरने में भी बड़ी मदद मिलेगी।**

### आमने सामने



12 बजे सोकर उठने वाले बबुआ को कहां फुर्सत थी कि गरीबों के बारे में सोच सकें। जिस प्रदेश का मुखिया 12 बजे सोकर उठता होगा, उसके लिए कोई सूर्योदय की बात करेगा तो वो उसे सपना मानेगा, क्योंकि उसे देश दुनिया की कोई जानकारी नहीं होगी और वह लेना भी नहीं चाहेगा।

–**योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री, यूपी

कुछ लोग नींद से तो उठ जाते हैं, लेकिन होश में नहीं आते और आंखें दिन भर बंद रहती हैं। ऐसे लोग जाग कर भी मदहोश रहते हैं। सुना है कि एक कोई सतुआ बाबा और बथुआ बाबा हैं। वैसे ये सीजन तो बथुआ का है। आज तो इस सरकार ने शंकराचार्य के सामने भी संकट पैदा कर दिया है।

–**अखिलेश यादव**, सपा मुखिया



# तेल, डॉलर और वैश्विक सत्ता का खेल




रजत मेहरोत्रा

वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ


पेट्रो-डॉलर एक साधारण-सा शब्द लगता है, लेकिन इसकी जड़ें आपकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी तक जाती हैं। पेट्रोल-डीज़ल के दाम, रुपये की चाल, महंगाई, ईएमआई और सरकार के बजट तक। पेट्रो-डॉलर का मतलब यह नहीं कि अमेरिका 'तेल छापता' है, बल्कि यह एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय तेल व्यापार का प्रमुख हिसाब-किताब अमेरिकी डॉलर में होता है और तेल निर्यातक देशों के पास जमा होने वाले डॉलर का बड़ा हिस्सा सुरक्षित, तरल और भरोसेमंद जगह। ज्यादातर अमेरिकी सरकारी बॉन्ड (US Treasuries) और डॉलर-आधारित संपत्तियों में वापस निवेश हो जाता है। इसी को 'पेट्रो-डॉलर रीसाइक्लिंग' कहा जाता है। 1970 के दशक में तेल संकट के बाद, जब दुनिया को स्थिर आपूर्ति, सुरक्षा और भुगतान की स्पष्ट व्यवस्था चाहिए थी, तब डॉलर-आधारित तेल व्यापार ने एक तरह से वैश्विक ऊर्जा बाजार को 'स्टैंडर्ड करंसी' दे दी।

इस व्यवस्था से अमेरिका को क्या फायदा होता है, यह आम आदमी के लिए एक लाइन में समझिए- दुनिया को तेल खरीदने के लिए डॉलर चाहिए, इसलिए दुनिया डॉलर जमा भी रखती है और डॉलर में लेन-देन भी करती है। नतीजा यह कि डॉलर की वैश्विक मांग बनी रहती है। आज भी वैश्विक विदेशी मुद्रा भंडार में डॉलर का हिस्सा लगभग 56% के आसपास है और अंतर्राष्ट्रीय भुगतान में डॉलर की भागीदारी लगभग 50% के आसपास बताई जाती है। इसका अर्थ यह है कि वैश्विक व्यापार-भुगतान और बचत का बड़ा आधार अब भी डॉलर ही है। इस 'मांग' का बड़ा लाभ अमेरिका को सस्ते में कर्ज लेने की क्षमता के रूप में मिलता है। उदाहरण के लिए, अमेरिकी कुल सरकारी कर्ज जनवरी 2026 में लगभग 38.5 ट्रिलियन डॉलर के आसपास दिखता है। इतना बड़ा कर्ज किसी भी देश के लिए भारी है, लेकिन डॉलर की वैश्विक मांग और अमेरिकी बॉन्ड बाजार की गहराई (लिक्विडिटी) इसे चलाने में मदद करती है।

अब सवाल आता है— अमेरिका इस व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 'आक्रामक कदम' क्यों उठाता दिखता है? क्योंकि पेट्रो-डॉलर केवल मुद्रा का मामला नहीं, शक्ति का भी मामला है। अमेरिका के पास डॉलर-आधारित वित्तीय नेटवर्क, बैंकिंग चैनल, भुगतान प्रणालियों और पूंजी बाजारों का प्रभाव है। जब कोई देश या तंत्र इस व्यवस्था से बाहर निकलकर वैकल्पिक भुगतान-व्यवस्था बनाता है या डॉलर पर निर्भरता घटाता है, तो अमेरिका की वित्तीय पकड़ और प्रतिबंध (sanctions) की ताकत कमजोर हो सकती है, इसलिए आप अक्सर देखेंगे कि अमेरिका ऊर्जा-समृद्ध क्षेत्रों में समुद्री मार्गों की सुरक्षा, रणनीतिक गठबंधनों, वित्तीय निगरानी, और प्रतिबंधों के जरिए अपना प्रभाव बनाए रखता है। यह केवल 'तेल' नहीं, बल्कि 'तेल+मुद्रा+सुरक्षा' का संयुक्त खेल है।

तो फिर देश पेट्रो-डॉलर से बाहर क्यों आना चाहते हैं? पहला कारण है— प्रतिबंधों का डर। अगर आपका व्यापार और भुगतान डॉलर-आधारित है, तो अमेरिकी नियंत्रण वाली वित्तीय कड़ियों पर आपकी निर्भरता बढ़ती है। दूसरा कारण है—विनिमय दर का जोखिम। जब डॉलर मजबूत होता है, तो आयातित महंगाई बढ़ती है। तेल, गैस, खाद्य तेल, उर्वरक जैसी चीजें महंगी लगने लगती हैं। तीसरा कारण है— भूराजनीतिक स्वायत्तता। कई देश चाहते हैं कि उनका व्यापार स्थानीय मुद्राओं में हो, ताकि डॉलर-शॉक (अमेरिकी ब्याज दरों और डॉलर की चाल) का असर उनके घरेलू रोजगार, महंगाई और विकास पर कम पड़े। चौथा कारण है— वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की महत्वाकांक्षा। कुछ ब्लॉक्स और देशों ने स्थानीय मुद्राओं में समझौते, बार्टर-टाइप सेटलमेंट, या सोने/कमोडिटी के जरिए भुगतान के प्रयोग बढ़ाए हैं, ताकि 'एक मुद्रा' पर अत्यधिक निर्भरता घटे।

इतिहास बताता है कि पेट्रो-डॉलर व्यवस्था के विरुद्ध जाने की कोशिशें अक्सर 'मुद्रा संकट, निवेश पलायन, महंगाई और रोजगार झटकों' के साथ जुड़ी दिखाई देती हैं। हालांकि हर देश के पतन का कारण सिर्फ यही होता है, ऐसा कहना सही नहीं है। घरेलू नीतियां, भ्रष्टाचार, युद्ध, संस्थागत कमजोरी और वैश्विक कीमतें भी उतनी ही बड़ी वजहें होती हैं। फिर भी, डॉलर-आधारित सिस्टम से टकराव करने वाले कई देशों पर प्रतिबंधों और वित्तीय अलगाव का असर बहुत तेज़ रहा है।

ईरान का उदाहरण लें। लंबे समय के प्रतिबंधों और उच्च महंगाई के बीच, वहां मुद्रास्फीति 35% से ऊपर बनी रही और मुद्रा रियाल अत्यधिक गिरावट के साथ लगभग 11.5 लाख रियाल प्रति डॉलर जैसे स्तरों तक चर्चा में रही। ऐसी स्थिति में आम आदमी की क्रय-शक्ति टूटती है, आयात महंगा होता है, उद्योग की लागत बढ़ती है और रोजगार पर दबाव आता है। यही कारण है कि जब कोई देश डॉलर-आधारित ढांचे से बाहर निकलने की बात करता है, तो उसका असर केवल 'विदेश नीति' नहीं रहता। वह जीडीपी ग्रोथ, निवेश, रोजगार, महंगाई और मुद्रा सब पर आता है।

**पेट्रो–डॉलर एक साधारण–सा शब्द लगता है, लेकिन इसकी जड़ें आपकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी तक जाती हैं।**

### सोशल फोरम

## पंजाब की अंतिम राजकुमारी

राजकुमारी बंबा सोफिया जिंदन दलीप सिंह, जिन्हें पंजाब की अंतिम राजकुमारी के रूप में जाना जाता है, का जन्म 29 सितंबर 1869 को लंदन में हुआ था और उनका निधन 10 मार्च 1957 को लाहौर में हृदय गति रुकने से हुआ। वे सिख साम्राज्य के अंतिम शासक महाराजा दलीप सिंह की सबसे बड़ी बेटी थीं।

बंबा की माता बंबा मुलर थीं, जो एक जर्मन व्यापारी लुडविग मुलर और उनकी इथियोपियाई यहूदी पत्नी सोफिया की बेटी थीं। महाराजा दलीप सिंह ने 1864 में काहिरा में उनसे विवाह किया था। बंबा का नाम अरबी भाषा के शब्द से लिया गया था, जिसका अर्थ 'गुलाबी' होता है और यह नाम उनकी माता, नानी और दादी के नामों से प्रेरित था। बपतिस्मा के समय उनका पूरा नाम बंबा सोफिया जिंदन दलीप सिंह रखा गया। उनके भाई-बहनों में प्रिंस फ्रेडरिक, प्रिंसेस सोफिया और अन्य शामिल थे, लेकिन परिवार की सबसे बड़ी बेटी होने के कारण बंबा को विशेष महत्व प्राप्त था।




लखवीर सिंह नंदा

ब्लॉगर


उनका प्रारंभिक जीवन इंग्लैंड के एल्वेडन हॉल में बीता। 1887 में माता की किडनी फेल होने से मृत्यु और 1893 में पिता की पेरिस में मृत्यु ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। इसके बाद उनकी देखभाल आर्थर ओलिफेंट ने की, जो उनके पिता के एक कर्मचारी के पुत्र थे। शिक्षा के क्षेत्र में बंबा ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के सोमरविल कॉलेज से पढ़ाई की और फिर अमेरिका जाकर शिकागो की नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी वूमन मेडिकल स्कूल से चिकित्सा की तीन वर्ष की शिक्षा प्राप्त की, लेकिन स्कूल बंद हो जाने के कारण वे डिग्री प्राप्त नहीं कर सकीं।

इसके बाद वे अपनी साथी मेरी एंटोनेट गॉट्समैन के साथ भारत आईं और लाहौर, शिमला तथा अन्य स्थानों पर रहीं, जहां उन्होंने अपनी पैतृक विरासत से जुड़ने का प्रयास किया। बाद में मेरी एंटोनेट ने उमराव सिंह शेरगिल से विवाह किया, जिनकी बेटी अमृता शेरगिल एक प्रसिद्ध चित्रकार बनीं, और बंबा उनकी गॉडमदर थीं।

1915 में, 46 वर्ष की आयु में, बंबा ने लेफ्टिनेंट कर्नल डेविड वाटर्स सुदरलैंड से विवाह किया, जो भारतीय सेना में डॉक्टर थे और 1909 से 1921 तक लाहौर के किंग एडवर्ड मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल रहे। विवाह के बाद वे लाहौर में बस गईं और 'गुलज़ार' नामक घर में रहने लगीं, जहां उन्होंने दुर्लभ गुलाबों की खेती की और अपने घर को क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों का केंद्र बना दिया।

**–फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## वकालत के पेशे पर एआई का बढ़ता प्रभाव

भारतीय न्यायिक प्रणाली में लगभग पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं और सर्वोच्च न्यायालय में ही अस्सी हजार से अधिक मामले वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा में हैं। ऐसे में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को न्याय प्रणाली में तेजी लाने का समाधान बताया जा रहा है, लेकिन क्या यह समाधान वकालत के पेशे के लिए संकट बनता जा रहा है? क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल सहायक उपकरण बनकर रहेगा या धीरे-धीरे वकीलों की भूमिका को सीमित कर देगा? यह प्रश्न आज पूरे कानूनी पेशे के सामने एक गंभीर चुनौती बन गया है।

विश्व स्तर पर कानूनी उद्योग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। मैकिन्से की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक कानूनी कंपनियों में से 44 प्रतिशत पहले ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों का उपयोग कर रही हैं। थॉमसन रॉयटर्स की 2024 की रिपोर्ट बताती है कि अमेरिकी कानूनी बाजार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित सेवाओं का उपयोग 68 प्रतिशत बढ़ा है। भारत में भी यह प्रवृत्ति तेज हो रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2023 में सुप्रेस यानी न्यायालय की दक्षता में सहायता के लिए सर्वोच्च न्यायालय पोर्टल नामक कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित मंच लॉन्च किया है, जो मामलों की खोज, निर्णयों का विश्लेषण और कानूनी दस्तावेज़ तैयार करने में मदद करता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित मामला प्रबंधन प्रणाली को अपनाना शुरू कर दिया है।




जयदेव राठी

अधिवक्ता


परंपरागत रूप से नए वकील, मामलों की खोज, मामलों का विश्लेषण, पिछले निर्णयों की खोज और प्रारूपण का काम करते थे। आज लेक्सिसनेक्सिस, मनुपात्रा और वेस्टलॉ जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण मिनटों में वह काम कर देते हैं, जिसमें पहले दिनों लग जाते थे। रॉस इंटेलिजेंस और केसटेक्स्ट जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता मंच प्राकृतिक भाषा में पूछे गए सवालों का जवाब देते हैं और संबंधित मामलों के कानून तुरंत प्रदान करते हैं। गोल्डमैन सैक्स की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, कानूनी पेशे में 44 फीसदी कार्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा स्वचालित हो सकते हैं, जिसमें अधिकतर नए वकीलों के काम शामिल हैं।

भारत में जहां हर साल लगभग डेढ़ लाख नए वकील बार परिषद में पंजीकृत होते हैं, वहीं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण उनके लिए प्रारंभिक रोजगार के अवसर सिकुड़ते जा रहे हैं। बड़ी कानूनी कंपनियां अब कम नए सहयोगी भर्ती कर रही हैं, क्योंकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण उनका काम अधिक कुशलता से कर सकते हैं। नियमित कानूनी काम जैसे संविदा समीक्षा, उचित सावधानी और दस्तावेज़ विश्लेषण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दक्षता मानव वकीलों से कई गुना अधिक है। जेपी मॉर्गन चेज ने कॉइन यानी अनुबंध बुद्धिमत्ता नामक कृत्रिम बुद्धिमत्ता कार्यक्रम विकसित किया है, जो तीन लाख 60 हजार घंटों के मानव कार्य को कुछ सेकंड में पूरा कर देता है।

भारतीय संदर्भ में, संपत्ति मामलों, उपभोक्ता विवादों और सामान्य दीवानी मामलों में काम करने वाले वकीलों को खतरा है। ये मामले अक्सर दस्तावेज़-आधारित होते हैं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता इन्हें तेजी से संसाधित कर सकता है। डूनॉटपे जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित कानूनी सहायक ने दुनिया भर में सुर्खियां बटोरीं जब इसने स्वचालित रूप से यातायात टिकट से लड़ने में सफलता दिखाई, हालांकि बाद में नियामक चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन यह एक संकेत था कि साधारण कानूनी सलाह के लिए लोग सस्ते कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाधान की ओर रुख कर सकते हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।



# मिट्टी की खुशबू और कन्नौज की सदियों पुरानी रिवायत

बारिश में कुछ बूंदें पृथ्वी का पहला स्पर्श करती हैं और पूरा वातावरण एक मोहक सुगंध से भर जाता है। मिट्टी की इस खुशबू को पेट्रिकोर कहते हैं। कई लोगों के लिए यह मिट्टी की खुशबू बचपन के बेफिक्र दिनों की पुरानी खुशबू है। दूसरों के लिए, यह प्रकृति का सुकून देने वाला स्पर्श है। भारतीय गीतकारों के लिए यह उनकी पसंदीदा प्रेरणा है। कई लोग इसके आरामदेह और शांत प्रभाव के लिए भी इसे संजोते हैं, इसलिए इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि यह सरल, लेकिन जटिल, विशिष्ट, लेकिन प्राकृतिक और गर्म, लेकिन ताजा खुशबू इतनी सारी कविताओं और गीतों का विषय रही है। आह! इस खुशबू का गर्म आलिंगन बेजोड़ है। मिट्टी के इत्र (जिसे अत्तर भी कहा जाता है), पेट्रिकोर परफ्यूम और सुगंधित मोमबत्तियों की बदौलत आप जादुई गंध का अनुभव कर सकते हैं। ये उत्पाद उस आरामदायक मिट्टी की सुगंध की नकल करने के लिए बनाए गए हैं, इसलिए आप इसे लगा सकते हैं या घर के अंदर प्रकृति के जादू का आनंद ले सकते हैं, जो मालोन और ला लेबो जैसे कई अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड पेट्रिकोर परफ्यूम बेचते हैं, लेकिन ये बहुत बाद में आए। यहां तक कि पेट्रिकोर शब्द भी बहुत बाद में आया।




देवेंद्र सिंह देव
शिक्षक, कन्नौज






## सदियों पुरानी परंपरा और मिट्टी का इत्र

सदियों से कन्नौज के परफ्यूम बनाने वाले, जिसे भारत की परफ्यूम राजधानी के रूप में जाना जाता है। मिट्टी के इत्र बनाते रहे हैं, जो मौसम की पहली बारिश की खुशबू को छोटी बोतलों में कैद करते हैं, जहां तक पेट्रिकोर शब्द की बात है, इसे 1960 के दशक में ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं इसाबेल जॉय बेयर और रिचर्ड ग्रेनफेल थॉमस द्वारा सूखी धरती पर बारिश होने पर निकलने वाली इस विशिष्ट गंध का अध्ययन करने के बाद गढ़ा गया था। 1965 में नेचर जर्नल में प्रकाशित अपने अध्ययन में बेयर और थॉमस ने पाया कि मिट्टी की गंध शुष्क अवधि के दौरान कुछ पौधों द्वारा उत्सर्जित यौगिकों द्वारा उत्पन्न होती है। यह तेल, अन्य अणुओं के साथ, मिट्टी और चट्टानों द्वारा अवशोषित किया जाता है। जब बारिश होती है, तो इन छिद्रपूर्ण सामग्रियों के नम होने से तेल हवा में निकलता है, जो एक्टिनोमाइसेट्स जैसे मिट्टी में रहने वाले बैक्टीरिया द्वारा उत्पादित जियोस्मिन नामक एक अन्य यौगिक के साथ बंध जाता है।

## पेट्रिकोर शब्द की उत्पत्ति

पेट्रिकोर शब्द- इसका ग्रीक पौराणिक कथाओं से संबंध है। शोधकर्ताओं की जोड़ी ने इस शब्द को ग्रीक शब्दों 'पेट्रा' से बनाया है, जिसका अर्थ है पत्थर और 'इकोर', जिसका अर्थ है देवताओं की नसों में बहने वाला तरल पदार्थ। कन्नौज में, जहां 300 से ज्यादा परफ्यूमरी हैं, जो सदियों पुरानी आसवन विधियों का उपयोग करके तेल-आधारित प्राकृतिक सुगंध (इत्र) तैयार करते हैं, मिट्टी का इत्र सदियों से बनाया जाता रहा है। पेट्रिकोर परफ्यूम अब दुनियाभर में लोकप्रिय हैं, भारत इस खुशबू का उपयोग करके धारण करने योग्य खुशबू बनाने वाला पहला स्थान था। कन्नौज में आपको कई परफ्यूमर्स मिल जाएंगे, जो ये सिग्नेचर मिट्टी के इत्र बेचते हैं। इनमें से ज्यादातर B2B कंपनियां हैं, जिनकी ऑनलाइन रिटेल मौजूदगी भी है, लेकिन इन छोटी-छोटी इत्र की बोतलों में क्या होता है, जो आपको तुरंत उस पल की याद दिलाती हैं, जिसका लंबे समय से इंतज़ार हो रहा है?

## मिट्टी के इत्र का रहस्य

खैर, शुरुआत में कड़ी मेहनत के अनगिनत घंटे और पकी हुई मिट्टी की भारी मात्रा। मिट्टी के इत्र बनाने के लिए पारंपरिक देग और भापका विधि का उपयोग किया जाता है। 'अत्तर पकी हुई मिट्टी की खुशबू को आसवित करके बनाया जाता है, आमतौर पर मानसून के मौसम की पहली बारिश के बाद। मिट्टी को इकट्ठा किया जाता है, पकाया जाता है और फिर भाप से आसवित करके इसकी अनूठी सुगंध निकलती है," दिव्य गुप्ता बताते हैं। प्रक्रिया ऊपरी मिट्टी से मिट्टी निकालने से शुरू होती है, जिसे फिर भट्टी में पकाया जाता है। पकी हुई मिट्टी, अक्सर डिस्क या कुल्हड़ के रूप में, बैचों में डेग (एक बड़े तांबे के बर्तन) में पानी में डुबोई जाती है। भाप (मिट्टी के सार को ले जाने वाली) को ऊपर उठने देने के लिए डेग को सावधानी से गर्म किया जाता है। यह भाप फिर एक बांस की नली के माध्यम से एक भापका (एक रिसीवर फ्लास्क) में जाती है, जिसमें बेस ऑयल होता है और अत्तर बनता है। एक लीटर मिट्टी का इत्र बनाने में एक हफ्ते से लेकर एक महीने तक का समय लग सकता है, जो कि वांछित गुणवत्ता और तीव्रता पर निर्भर करता है। 'पहले, मिट्टी के इत्र बनाने के लिए शुद्ध चंदन के तेल का इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन बढ़ती कीमतों के कारण, अब कई लोग इसके बजाय कैरियर ऑयल का इस्तेमाल करते हैं। मिट्टी का इत्र कन्नौज के परफ्यूम बनाने वालों के लिए सबसे ज्यादा बिकने वाले उत्पादों में से एक है।

अनोखी परंपरा

# दुल्हन-दूल्हे की "ब्लैकनिंग"




शादी हर व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती है और हर संस्कृति में इसे खास महत्व दिया जाता है। दुनिया के अलग-अलग देशों में विवाह को मनाने की परंपराएं अलग हैं, जिनमें से कई पहली नजर में अजीब लगती हैं, लेकिन उनके पीछे गहरे अर्थ छिपे होते हैं। कहीं शादी के दौरान दूल्हे का जूता चुराया जाता है, तो कहीं नए जोड़े के घर जाकर बर्तन तोड़ना शुभ माना जाता है। स्कॉटलैंड में शादी से पहले दूल्हा-दुल्हन पर कालिख और गंदी चीजें डालने की परंपरा है, जिससे यह परखा जाता है कि वे कठिन परिस्थितियों में भी साथ रह सकते हैं। जर्मनी में टूटे बर्तनों को मिलकर साफ करना जीवन की समस्याओं को साथ सुलझाने का प्रतीक है। ऐसी परंपराएं यह बताती हैं कि शादी केवल रस्मों का आयोजन नहीं, बल्कि आपसी समझ, सहयोग और जीवन की चुनौतियों के लिए मानसिक तैयारी भी है।

स्कॉटलैंड में शादी से पहले "ब्लैकनिंग ऑफ द ब्राइड (और ग्रूम)" रस्म प्रचलित है। इस रस्म में शादी से कुछ दिन पहले दूल्हा-दुल्हन या कभी-कभी दोनों को दोस्तों और रिश्तेदारों द्वारा पकड़कर, उन पर कालिख, आटा, अंडे, मछली, गोंद, दूध या दूसरी गंदी चीजें डाली जाती हैं। इसके बाद उन्हें गांव या मोहल्ले में घुमाया भी जाता है, ताकि सार्वजनिक रूप से उनका "अपमान" हो सके, लेकिन इसके पीछे भावनात्मक अर्थ काफी गहरा है। स्कॉटिश संस्कृति में माना जाता है कि विवाह जीवन की सबसे कठिन जिम्मेदारियों में से एक है। अगर कोई जोड़ा शादी से पहले इस तरह की शर्मिंदगी, मजाक और असुविधा को हंसते-हंसते और साथ-साथ सहन कर ले, तो वह आगे आने वाली आर्थिक, सामाजिक और मानसिक चुनौतियों का भी सामना कर सकता है।

आर्ट गैलरी

# माइकल एंजेलो की 'सिस्टिन चैपल सीलिंग'




मशहूर रेनेसां कलाकार माइकल एंजेलो की 'सिस्टिन चैपल सीलिंग' को लगभग 1509 में बनाया गया था। यह कलाकृति धार्मिक पेंटिंग शैली की है और सिस्टिन चैपल पेंटिंग्स की बड़ी सीरीज का हिस्सा है। यह कलाकृति एरिथ्रियन सिबिल को दिखाती है, जो क्लासिकल दुनिया की भविष्य बताने वाली सिबिल में से एक थीं, जिनके बारे में कहा जाता था कि उन्होंने ईसाई धर्म के आने की भविष्यवाणी की थी। माइकल एंजेलो ने उन्हें हाई रेनेसां शैली के अनुसार भव्यता और गहरे ध्यान के साथ दिखाया है, जिसकी खासियत सामंजस्यपूर्ण रचना, रूप की स्पष्टता और शांत रंग हैं। सिबिल संगमरमर जैसे सिंहासन पर शक्तिशाली और शांत भाव से बैठी हैं, उनका शरीर मानव शरीर रचना में माइकल एंजेलो की विशेषज्ञता को दिखाता है। उन्होंने एक चमकीला नारंगी और हरा चोगा पहना है, जो कपड़े और उसकी सिलवटों पर रोशनी के खेल को दिखाने में कलाकार के कौशल को दर्शाता है। उनके सिर पर एक खास हेडपीस सजा है और उनकी नज़रें उस बड़ी किताब पर टिकी हैं, जिसे वह पढ़ रही हैं, जो शायद उनकी भविष्यवाणियों के ग्रंथों का प्रतीक हो सकती है। दो पुट्टी, या छोटे देवदूत जैसी आकृतियां उनके साथ हैं। एक उनके सिर के ऊपर एक किताब पकड़े हुए है, जो दृश्य के बौद्धिक और भविष्य बताने वाले विषय पर जोर देता है, जबकि दूसरा गति में लगता है, जो सिबिल के शांत स्वभाव के विपरीत एक गतिशील कंट्रास्ट प्रदान करता है।

आस-पास की वास्तुकला को भ्रम पैदा करने वाले तरीके से पेंट किया गया है, जो सिबिल को इस तरह से फ्रेम करता है कि वह चैपल की छत के बड़े सजावटी कार्यक्रम में एकीकृत हो जाती है। उनके नीचे लिखा 'एरिथ्रिया' शिलालेख शीर्षक और उनकी पहचान दोनों का काम करता है। आकृति की यथार्थवादिता और जीवंतता, संतुलित रचना और माइकल एंजेलो द्वारा फ्रेस्को तकनीक का शानदार उपयोग, इस कलाकृति को हाई रेनेसां कला के एक प्रमुख उदाहरण के रूप में एक स्थायी विरासत प्रदान करता है।



## माइकल एंजेलो के बारे में

माइकल एंजेलो 1475 में पैदा हुए। वो इतालवी चित्रकार थे, जो रेनेसां काल के दौरान कला की दुनिया में अपने शानदार योगदान के लिए जाने जाते हैं। धार्मिक और क्लासिकल विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, माइकल एंजेलो के काम ने जटिल डिटेल्स को पकड़ने की उनकी अविश्वसनीय प्रतिभा को दिखाया। उनकी सबसे मशहूर उपलब्धि सिस्टिन चैपल सीलिंग है। रेनेसां आंदोलन में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में, माइकल एंजेलो ने प्राचीन ग्रीस और रोम की क्लासिकल कला और मूर्तिकला से बहुत प्रेरणा ली। यह प्रभाव उनके यथार्थवादी मानव रूपों के उपयोग, डिटेल्स पर ध्यान और अपने कामों में पौराणिक तत्वों को शामिल करने से साफ दिखता है। इसके अलावा, वह लियोनार्डो दा विंची और राफेल जैसे अन्य प्रसिद्ध कलाकारों से भी प्रेरित थे। उनकी मृत्यु 1564 में हुई।

लोकायन

# नाटी: हिमाचल की लोकआत्मा का लयबद्ध उत्सव

हिमाचल प्रदेश की लोक संस्कृति में नाटी नृत्य केवल एक कला रूप नहीं, बल्कि सामूहिक जीवन, उत्सव और परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति है। सिरमौर, कुल्लू और शिमला जिलों से जन्मा यह नृत्य आज पूरे हिमाचल की पहचान बन चुका है। नाटी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में सबसे बड़े लोक नृत्य के रूप में दर्ज किया जाना इसकी लोकप्रियता और सामूहिकता का प्रमाण है। पर्व-त्योहारों, मेलों और धार्मिक आयोजनों में जब सैकड़ों लोग एक साथ ताल में कदम बढ़ाते हैं, तो हिमाचल की सांस्कृतिक आत्मा सजीव हो उठती है।



नाटी की लोकप्रियता राज्य की सीमाओं तक सीमित नहीं रही। चंडीगढ़ जैसे शहरी क्षेत्रों में हिमाचली युवा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से इसे नई पीढ़ी तक पहुंचा रहे हैं। वहीं उत्तराखंड के जौनसारी समुदाय में भी नाटी की परंपरा इसकी सांस्कृतिक व्यापकता को दर्शाती है। हिमाचल प्रदेश में नाटी की अनेक शैलियां प्रचलित हैं, जिनमें महासुवी, सिरमौरी, लाहौली और किन्नौरी नाटी प्रमुख हैं। किन्नौरी नाटी विशेष रूप से मूक अभिनय जैसी होती है, जिसमें नर्तक धीमी गति और सूक्ष्म भाव-भंगिमाओं के माध्यम से कथा कहते हैं। नाटी नृत्यों में 'लोसर शोने चुकसोम' का विशेष महत्व है, जिसका संबंध लोसाई यानी नव वर्ष से है। इस नृत्य में फसल बोने, काटने और ग्रामीण जीवन की गतिविधियों का सजीव चित्रण किया जाता है।

कुल्लू की नाटी अपने धार्मिक और नाटकीय पक्ष के लिए जानी जाती है। इसमें भगवान कृष्ण, गोपियों की रासलीला और चंद्रावली से जुड़े प्रसंगों को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। नर्तक एक-दूसरे के हाथ थामकर संगीत और ताल के अनुसार सामूहिक गति करते हैं। नाटी की लगभग तेरह शैलियां मानी जाती हैं। पहले यह नृत्य मुख्य रूप से पुरुषों द्वारा किया जाता था, जो पारंपरिक टोपी, चूड़ीदार पजामा और लहराते कुर्ते पहनते थे, लेकिन समय के साथ इसमें महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ी है। नाटी किसी भी आयु वर्ग के लिए खुला नृत्य है। यह पेशेवर मंच से अधिक सामूहिक आनंद और सहभागिता का प्रतीक है। यह नृत्य तीन से चार दिनों तक सुबह और रात्रि दोनों समय किया जाता है। मूलतः लास्य शैली का यह नृत्य धीमी गति और सौम्यता के लिए जाना जाता है। पारंपरिक वेशभूषा, सजावटी पंखा, रंगीन रुमाल और नरसिंघा, करनाल, शहनाई, ढोल व नगाड़े की धुनों के साथ जब नाटी का जुलूस आगे बढ़ता है, तो यह केवल नृत्य नहीं रहता, वह हिमाचल की जीवित सांस्कृतिक विरासत बन जाता है।

# कला में व्याख्या का प्रश्न : एक आलोचनात्मक विवेचना

समकालीन कला विमर्श में यह प्रश्न लंबे समय से केंद्र में रहा है कि क्या किसी कलाकार को अपनी कलाकृति की व्याख्या प्रस्तुत करनी चाहिए, अथवा कला को उसकी स्वायत्त दृश्य-भाषा के माध्यम से ही समझा जाना चाहिए। यह बहस केवल दर्शक और कलाकार के संबंध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कला की प्रकृति, उसके संप्रेषण और सौंदर्यशास्त्रीय स्वायत्तता से भी गहराई से जुड़ी हुई है। आधुनिक और समकालीन कला की जटिलताओं ने इस प्रश्न को और अधिक प्रासंगिक बना दिया है, विशेषकर तब जब कला संस्थान, क्यूरेटर और आलोचक व्याख्या को दर्शक तक पहुंचने का अनिवार्य माध्यम मानने लगे हैं।



पश्चिमी कला-चिंतन में इस बहस की जड़ें इमैनुएल कांट के "निर्णय की आलोचना" तक जाती हैं, जहां उन्होंने सौंदर्य-अनुभव को निःस्वार्थ आनंद के रूप में परिभाषित किया। कांट के अनुसार, कला का आनंद किसी अवधारणात्मक ज्ञान या बाह्य उद्देश्य पर निर्भर नहीं करता। इस दृष्टि से, किसी कलाकृति की पूर्व-व्याख्या दर्शक के स्वतंत्र सौंदर्य-अनुभव को बाधित कर सकती है। आगे चलकर क्लाइव बेल और रोजर फ्राई जैसे औपचारिकतावादी चिंतकों ने भी यह तर्क दिया कि कला का मूल्य उसके 'सार्थक रूप' में निहित है, न कि किसी कथ्य या व्याख्या में।

इसके विपरीत, बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में आर्थर डांटो और जॉर्ज डिकी जैसे दार्शनिकों ने यह स्थापित किया कि समकालीन कला को समझने के लिए संदर्भ, संस्थागत ढांचा और वैचारिक पृष्ठभूमि अत्यंत आवश्यक है। डांटो का प्रसिद्ध कथन- कला अपने आप में अर्थ का सन्निहित रूप है। यह संकेत करता है कि बिना वैचारिक संदर्भ के अनेक समकालीन कलाकृतियां 'अदृश्य' हो जाती हैं। इसी तर्क के आधार पर कलाकार के वक्तव्य और क्यूरेटरियल टेक्स्ट को समकालीन कला का अपरिहार्य अंग माना गया।




सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक


हालांकि इस प्रवृत्ति की आलोचना भी हुई है। सुसान सोंटैग ने अपने प्रसिद्ध निबंध "व्याख्या के विरुद्ध" में चेतावनी दी कि अत्यधिक व्याख्या कला के अनुभव को बौद्धिक बोझ में बदल देती है और उसकी संवेदी शक्ति को क्षीण कर देती है। उनके अनुसार, हमें कला को 'महसूस' करना चाहिए, न कि केवल 'समझना'। भारतीय कला-चिंतन इस संदर्भ में एक भिन्न, लेकिन समृद्ध दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। भारतीय सौंदर्यशास्त्र में कला का केंद्र 'अर्थ' नहीं, बल्कि 'अनुभव' है। भरतमुनि के नाट्यशास्त्र में प्रतिपादित रस-सिद्धांत के अनुसार, कला का उद्देश्य किसी संदेश को संप्रेषित करना नहीं, बल्कि दर्शक में रस-निष्पत्ति कराना है। यहां कलाकार की निजी भावना (भाव) और दर्शक का अनुभव (रस) एक साझा, किंतु अनिर्दिष्ट प्रक्रिया के माध्यम से जुड़ते हैं। इस परंपरा में शब्दात्मक व्याख्या को गौण माना गया है, कृति स्वयं अपना अर्थ प्रकट करती है।

आनंद कुमार स्वामी और के.सी. भट्टाचार्य जैसे आधुनिक भारतीय चिंतकों ने भी कला की स्वायत्तता पर बल दिया। कुमार स्वामी के अनुसार, पारंपरिक भारतीय कला 'क्या कहा गया है' से अधिक 'कैसे कहा गया है' पर केंद्रित होती है। इस दृष्टि से समकालीन भारतीय कला में अत्यधिक व्याख्यात्मक आग्रह एक औपनिवेशिक-बौद्धिक विरासत भी प्रतीत होता है, जो दृश्य अनुभव पर शब्दों की प्रधानता स्थापित करता है।

फिर भी, यह स्वीकार करना आवश्यक है कि समकालीन कला आज वैश्विक संस्थागत ढांचों, बिनाले, संग्रहालय, आर्ट फेयर के भीतर कार्य कर रही है, जहां व्याख्या एक प्रकार की मध्यस्थ भाषा बन चुकी है। प्रश्न यह नहीं है कि व्याख्या हो या न हो, बल्कि यह है कि व्याख्या कला का विकल्प न बन जाए, जब शब्द कृति पर हावी हो जाते हैं, तब कला का अनुभव कहीं पीछे रह जाता है।

अतः निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि कला की व्याख्या एक सहायक उपकरण हो सकती है, किंतु किसी भी स्थिति में अनिवार्य शर्त नहीं। भारतीय और पश्चिमी दोनों ही परंपराएं इस बात पर सहमत हैं कि कला का मूल उसके अनुभवात्मक और संवेदनात्मक पक्ष में निहित है। ऐसे में समकालीन कला में संतुलन की आवश्यकता है, जहां व्याख्या दर्शक को आमंत्रित करे, निर्देशित न करे और जहां कला स्वयं अपनी बहुअर्थी मौन में भी बोलने की स्वतंत्रता बनाए रखे।

समस्त जनपद वासियों को

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

आप सभी ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2026
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
शत्रुहन तिवारी
मण्डल अध्यक्ष, अयोध्या









सभी जनपदवासियों व नगर वासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शांति वर्मा
प्रधान
इस्माइलपुर अम्बेडकरनगर
सोनू वर्मा
प्रधान प्रतिनिधि

सभी जनपदवासियों व नगर वासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजयलक्ष्मी वर्मा
ग्राम प्रधान
रुकुनपुर कासिमपुर अम्बेडकरनगर
ओमप्रकाश वर्मा
प्रधान प्रतिनिधि

हमारे और हमारे पूरे परिवार के तरफ से
नव वर्ष, गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रजत कुमार श्रीवास्तव
ग्राम पंचायत अधिकारी
अम्बेडकरनगर

सभी जनपदवासियों व नगर वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश चौधरी
ग्राम प्रधान बेरमा,
अम्बेडकरनगर

सभी जनपदवासियों व नगर वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आलोक कुमार सिंह
प्रधानाचार्य, दान बहादुर सूर्य कुमार इटंर कालेज
बन्दीपूर अम्बेडकर मो0 नं0- 800462347

सभी जनपदवासियों व नगर वासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
त्रिभुवन नाथ
ब्लॉक प्रमुख जलालपुर,
अम्बेडकरनगर

हमारे और हमारे पूरे परिवार के तरफ से
नव वर्ष, गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
बिनोद कुमार गुप्ता
ग्राम पंचायत अधिकारी
अम्बेडकरनगर



एनटीपीसी NTPC
टांडा Tanda
"एनटीपीसी टांडा की ओर से 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं"





26 जनवरी 2026

सभी जनपदवासियों व नगर वासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कामिता यादव
सचिव
विजय प्रताप विशंभरपुर
प्रधान
अरविंद कुमार यादव
प्रधान
ग्राम पंचायत सोहगपुर
मनोज कुमार सिंह
प्रधान
ग्राम पंचायत रेवई
सगराम
प्रधान
ग्राम पंचायत गौसपुर ककरहिया
सोनू
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत फतेहपुर मोहिबपुर

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,857 .48 | 25,175 .40 |
| बढ़त | 319 .78 | 126 .75 |
| प्रतिशत में | 0 .39 | 0 .51 |

सोना 1,66,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 3,70,000 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, बुधवार, 28 जनवरी 2026
www.amritvichar.com



# निर्यात-विनिर्माण को बढ़ावा देगा भारत-ईयू समझौता

## निर्यातकों ने कहा - दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार तक पहुंच देश के लिए बड़ा अवसर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते के तहत यूरोपीय संघ की ओर से दी गई आयात शुल्क रियायतों से 27 देशों के समूह में देश के निर्यात को बढ़ावा मिलने के साथ घरेलू विनिर्माण को गति मिलेगी। निर्यातकों ने मंगलवार को यह भरोसा जताया। दोनों पक्षों ने मंगलवार को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता के समापन की घोषणा की।

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजारों में से एक में तरजीही बाजार पहुंच खुलने से वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद और चमड़ा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात को गति मिलेगी। यह समझौता निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएगा क्योंकि यह शुल्क बाधाओं को कम करेगा और विशेषकर श्रम-प्रधान और उच्च-मूल्य वाले क्षेत्रों में भारतीय निर्यातकों को शुल्क-लाभ वाली पहुंच प्रदान करेगा।

डेलॉयट इंडिया के पार्टनर गुलजार दीदवानिया ने कहा कि वाइन, स्पिरिट और वाहन पर शुल्क रियायतों को पारस्परिक बाजार पहुंच के प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, शराब क्षेत्र में चरणबद्ध उदारीकरण से आयात को औपचारिक रूप देने में मदद मिलेगी। वहीं वाहन क्षेत्र में, खासकर कलपुर्जों और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सीमित स्तर पर बाजार खोलने से निवेश आकर्षित करने, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने में मदद मिल सकती है।

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद के चेयरमैन ए. शक्तिवेल ने कहा कि यह समझौता परिधान निर्यात को बड़ा बढ़ावा देगा, जिसके अगले तीन वर्षों में दोगुना होने की उम्मीद है। ईयू विश्व का सबसे बड़ा परिधान आयातक है, जहां वित्त वर्ष 2024-25 में कुल परिधान आयात 202.8 अरब डॉलर रहा।


संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किया गया एफटीए संबंधी दस्तावेजों का आदान-प्रदान।

### अपने उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाए निर्यातक समुदाय

निर्यातक समुदाय एफटीए की पूरी संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाएं, कड़े नियामकीय मानकों का पालन करें और बड़ी, सटीक मांग वाले यूरोपीय बाजारों को पूरा करने के लिए उत्पादन क्षमता का विस्तार करें। - **एससी रल्हन**, फियो के अध्यक्ष

### और मजबूत होंगे द्विपक्षीय रणनीतिक संबंध : ईयू अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते को एक नए इतिहास की शुरुआत करार देते हुए कहा है कि दोनों पक्ष अपने रणनीतिक संबंधों को भविष्य में और मजबूत बनाएंगे। उन्होंने समझौते की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, भारत और यूरोप इतिहास बना रहे हैं। हमने वह समझौता कर लिया जो मदर ऑफ आल डील्स (अब तक का सबसे बड़ा समझौता) है। उर्सुला ने कहा, यह केवल शुरुआत है हम अपने रणनीतिक संबंधों को और भी मजबूत करेंगे।

### एफटीए से देश के घरेलू श्रमप्रधान क्षेत्रों को मिलेगा बढ़ावा : गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत को ईयू बाजार में मूल्य के हिसाब से अपने 99% से अधिक निर्यात के लिए रियायती शुल्क पर बाजार पहुंच मिलेगी। इससे घरेलू श्रम प्रधान क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा। गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा, यह समझौता देश की वैश्विक व्यापार भागीदारी में एक रणनीतिक उपलब्धि है, जिससे 1.4 अरब लोगों के लिए 20 हजार अरब डॉलर के यूरोपीय संघ बाजार में अवसर खुलेंगे। यह साझेदारी दुनिया की चौथी और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच हुई है, जो वैश्विक व्यापार के लगभग एक-तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करती हैं। इससे भारतीय व्यवसायों के लिए व्यापार-निवेश अवसर पैदा होंगे और एमएसएमई, महिलाएं, युवा, कारीगर, श्रमिक, छात्र, कुशल पेशेवर, मछुआरे, किसान और निर्यातकों को लाभ मिलेगा।

### ईयू दूसरों को देगा कार्बन रियायतें तो भारत पर भी होंगी लागू

**नई दिल्ली।** ईयू ने व्यापार समझौते में भारत को अपने कार्बन नियमों पर कोई सीधी रियायत नहीं दी है। हालांकि, इस बात पर सहमत हो गया है कि 27 देशों के इस समूह द्वारा सीबाम प्रावधानों के तहत किसी भी दूसरे देश को दी जाने वाली कोई भी ढील खुद ही भारतीय निर्यातकों को भी मिल जाएगी। एक अधिकारी ने बताया, एफटीए अधिकारों के पुनर्संतुलन का प्रावधान भी करता है। यह तब लागू होगा जब इस नियम के तहत ईयू के कदम भारतीय कंपनियों को मिलने वाले समझौते के लाभों को नुकसान पहुंचाते हैं। कार्बन सीमा समायोजन प्रणाली (सीबएएम) या कार्बन कर एक जनवरी से प्रभावी हुआ है। यह भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते के सबसे विवादित मुद्दों में से एक था। इस व्यवस्था के तहत ईयू इस्पात, एल्युमीनियम, उर्वरक और सीमेंट जैसी वस्तुओं पर कार्बन कर लगाएगा, क्योंकि इनके निर्माण के दौरान एक निर्धारित सीमा से अधिक कार्बन उत्सर्जन होता है।

### भारत-ईयू एफटीए की मुख्य बातें

- भारत के चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तथा यूरोपीय संघ के दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने से यह वैश्विक जीडीपी का 25 प्रतिशत हिस्सा और वैश्विक व्यापार का एक तिहाई है।
- भारत के 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात को यूरोपीय संघ में तरजीही प्रवेश मिलेगा जिससे वृद्धि की अपार संभावनाएं खुलती हैं।
- एमएसएमई के लिए नए अवसर खुलेंगे और महिलाओं, कारीगरों, युवाओं एवं पेशेवरों के लिए रोजगार सृजित होंगे।
- कपड़ा, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, रत्न व आभूषण जैसे श्रमप्रधान क्षेत्रों में 33 अरब डॉलर के निर्यात को लाभ की संभावना।
- समझौता लागू होते ही करीब 33 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात पर शुल्क 10% से घटकर शून्य हो जाएगा।
- मोटर वाहन क्षेत्र के लिए सुनियोजित एवं सावधानी से तैयार किया गया कोटा-आधारित उदारीकरण पैकेज शामिल।
- ईयू के मोटर वाहन विनिर्माताओं को भारत में उच्च मूल्य श्रेणी में मॉडल पेश करने की अनुमति मिलेगी, भविष्य में 'मेक इन इंडिया' और भारत से निर्यात की संभावनाएं भी खुलेंगी।
- भारतीय उपभोक्ताओं को एफटीए के बाद उच्च प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों और बढ़ती प्रतिस्पर्धा से लाभ होगा।
- यूरोपीय संघ में पारस्परिक बाजार पहुंच से भारत में बने मोटर वाहनों के लिए भी अवसर खुलेंगे।
- भारत को ईयू के आईटी/आईटीईएस, व्यावसायिक सेवाएं और शिक्षा सेवाओं जैसे 144 उपक्षेत्रों तक पहुंच मिलेगी। ईयू को को भारत द्वारा प्रस्तावित 102 उपक्षेत्रों तक पहुंच मिलेगी।
- इससे ईयू से भारत में उच्चप्रौद्योगिकी सेवाएं और निवेश आएगा इससे पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यवस्था बनेगी।
- ईयू ने संविदात्मक सेवा आपूर्तिकर्ताओं के लिए 37 क्षेत्रों/उप-क्षेत्रों और स्वतंत्र पेशेवरों (आईपी) के लिए 17 क्षेत्रों/उप-क्षेत्रों में प्रतिबद्धताएं भी पेश की हैं।
- भारत ने पांच साल की अवधि में सामाजिक सुरक्षा समझौतों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक ढांचा भी हासिल किया है।
- भारत ने ईयू के उन देशों में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के चिकित्सकों को स्वदेशी लाइसेंस के तहत काम करने की अनुमति सुनिश्चित की है जहां इनका विनियमन नहीं है।

**ईयू अब भारत का 22वां मुक्त व्यापार समझौता भागीदार**

# पांच दिन की हड़ताल से देश भर में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित



हैदराबाद में अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते बैंककर्मी।

नई दिल्ली, एजेंसी

- श्रमिक संघों को समझौता वार्ता में मांगों पर नहीं मिला कोई आश्वासन

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) की पांच-दिवसीय देशव्यापी हड़ताल से मंगलवार को देश भर के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कामकाज प्रभावित हुआ। अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले नौ संगठनों के संयुक्त निकाय यूएफबीयू द्वारा हड़ताल का यह आह्वान 23 जनवरी को मुख्य श्रम आयुक्त के साथ हुई सुलह बैठक के विफल होने के बाद आया है।

चूंकि 25 जनवरी को रविवार और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर बैंक बंद रहे हैं, इसलिए मंगलवार को हड़ताल से लगातार तीसरे दिन सेवाएं प्रभावित हुईं। यूएफबीयू के घटक अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) के महासचिव सीएच वेंकटचलम ने कहा, सुलह कार्यवाही के दौरान विस्तृत चर्चा के बावजूद हमारी मांग पर कोई आश्वासन नहीं मिला। इसलिए हम हड़ताल पर जाने को मजबूर हैं। हड़ताल से सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) और कुछ पुराने निजी क्षेत्र के बैंकों की शाखाओं में नकद जमा, निकासी, चेक क्लियरेंस आदि अन्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक जैसे प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंकों में कामकाज हालांकि काफी हद तक अप्रभावित रहने के आसार हैं क्योंकि उनके कर्मचारी हड़ताल करने वाले श्रम संघ का हिस्सा नहीं हैं। यूपीआई और इंटरनेट बैंकिंग सहित डिजिटल बैंकिंग सेवाएं पहले की तरह ही काम करती रहेंगी।

## सीतारमण ने हलवा समारोह में भाग लिया, बजट की तैयारी अंतिम चरण में

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को पारंपरिक हलवा समारोह में भाग लिया जो एक फरवरी को लोकसभा में पेश किए जाने वाले आम बजट 2026-27 की तैयारी के अंतिम चरण का प्रतीक है।

यह समारोह रायसीना हिल्स स्थित नॉर्थ ब्लॉक में हुआ जो वित्त मंत्रालय का पुराना पता है। दरअसल, कर्तव्य भवन-1 स्थित नए परिसर में छापाखाना नहीं है। वित्त मंत्री और उनकी टीम के सदस्य सितंबर 2025 में प्रतिष्ठित और भव्य नॉर्थ ब्लॉक से कर्तव्य भवन स्थित आधुनिक केंद्रीय सचिवालय कार्यालय में स्थानांतरित हो गए थे। यह बजट से पहले होने वाला सालाना समारोह है, जिसमें पारंपरिक मिठाई हलवा तैयार की जाती है और वित्त मंत्रालय के उन अधिकारियों और कर्मचारियों को परोसी जाती है।

## ट्रंप ने दक्षिण कोरिया को दी टैरिफ बढ़ाने की धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह दक्षिण कोरियाई वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ा रहे हैं, क्योंकि वहां की नेशनल असेंबली ने अक्टूबर में तय हुए व्यापार ढांचे को मंजूरी नहीं दी है। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि दक्षिण कोरिया से आयात होने वाली गाड़ियों, लकड़ी और दवाइयों पर आयात कर बढ़ाया जाएगा।

# सोना 1.66 लाख रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर, चांदी 3.7 लाख पर पहुंची

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त चमक दिखी। बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 7,300 रुपये यानी 4.6 प्रतिशत बढ़कर सभी करों सहित 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। चांदी ने सोने को भी पीछे छोड़ा और 40,500 रुपये यानी 12.3 प्रतिशत की लंबी छलांग लगाकर सभी करों सहित 3,70,000 रुपये किलोग्राम का नया शिखर छुआ। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार बढ़ते भू-राजनीतिक और व्यापारिक तनाव के बीच निवेशकों की मजबूत मांग और वैश्विक तेजी के कारण दोनों धातुएं रिकॉर्ड ऊंचाई पर



पहुंच गईं। शुक्रवार को सोना 1,58,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और सर्राफा बाजार में एक बार फिर सोने को पीछे छोड़ दिया।

### शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी आई



और बीएसई सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 127 अंक की मजबूती रही। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख तथा भारत-यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते की घोषणा से सकारात्मक रुख के बीच बैंक और धातु शेयरों में भारी लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 319 .78 अंक यानी 0 .39 प्रतिशत चढ़कर 81,857 .48 पर बंद हुआ। कारोबार दौरान यह 82,084 .92 अंक तक ऊंचा गया जबकि 81,088 .59 अंक तक नीचे आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 126 .75 अंक यानी 0 .51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,175 .40 पर बंद हुआ।

## गैंगस्टर एक्ट और बीएनएस के प्रावधानों में टकराव पर उत्तर प्रदेश से जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) की धारा 111 (संगठित अपराध) के बीच कथित संवैधानिक असंगति के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपित कई लोगों द्वारा दायर याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई कर रही थी।

मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी, सिद्धार्थ दवे, विनय नवारे, अमित कुमार और संजय कुमार पाठक ने राज्य के कानून और हाल में लागू केंद्रीय कानून के बीच संवैधानिक टकराव का मुद्दा उठाया था। याचिकाओं में यूपी गैंगस्टर एक्ट की धारा 3 (दंड), धारा 12 (विशेष न्यायालयों द्वारा मुकदमे की प्राथमिकता), धारा 14 (संपत्ति की कुर्की), धारा 15 (संपत्ति की सुपुर्दगी), धारा 16 (संपत्ति अर्जन के स्वरूप की जांच) और धारा 17 (जांच के बाद आदेश) को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी है कि ये प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21 और 300-ए का उल्लंघन करते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी ने पीठ के समक्ष कहा कि बीएनएस की धारा 111 और यूपी गैंगस्टर एक्ट एक ही विधायी क्षेत्र में आते हैं और दोनों के बीच प्रत्यक्ष तथा अपूरणीय टकराव है। उन्होंने तर्क दिया कि संसद ने धारा 111 को लागू करते समय संगठित अपराध और समूह आधारित आपराधिक गतिविधियों के लिए एक समग्र और पूर्ण कानूनी ढांचा बनाने का लक्ष्य रखा था, जिससे यूपी गैंगस्टर एक्ट जैसे राज्य कानून अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्थापित हो जाते हैं।

सभी जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
बलरामपुर चीनी मिल्स लि0, यूनिट- बभनान (गोण्डा)
गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त
सम्मानित किसान भाईयों,
बभनान चीनी मिल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं आपके गन्ने की समय से खरीद एवं त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान हेतु तत्पर है। बसन्तकालीन बुवाई 2026 हेतु आपसे निम्नलिखित अनुरोध है:-
➢ किसान भाई साफ-सुथरा एवं ताजा गन्ने की ही आपूर्ति करें।
➢ अधिक उत्पादन के लिए को0-15023, को0-0118 एवं को0 लख0-14201, को0लख0-16202 एवं को0शा0-13235 की बुवाई स्वस्थ बीज के साथ 3 फिट की दूरी पर ही करें।
➢ गन्ना की बुवाई हेक्सास्टॉप द्वारा बीज शोधन एवं ट्राइकोडर्मा से भूमि शोधन कर करें।
➢ मिक्स प्रजाति (पतरका) के गन्ने की बुवाई कदापि न करें।
➢ गन्ने की बुवाई अनिवार्य रूप से प्रत्येक दशा में फरवरी मार्च तक अवश्य पूरा कर लें।
➢ देर से बुवाई अर्थात गेहूँ कटने के बाद बुवाई कदापि न करें।
➢ खेत की तैयारी हेतु चिजलर/एम0बी0 प्लाऊ द्वारा गहरी जुताई जरूर करें।
➢ पेड़ी प्रबन्धन के लिए सतह से पौधे की कटाई धारदार हथियार/पलकटी से करें, साथ ही साथ पेड़ी प्रबन्धन मशीन (RMD) का प्रयोग कर उचित पेड़ी प्रबन्धन करें और उत्पादन बढ़ायें।
➢ कृषि उपकरण जैसे- ट्रेन्च प्लांटर एवं ट्रैक्टर चालित पावर वीडर भारी अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।
➢ अधिक उत्पादन के लिए कृषि यंत्रों का प्रयोग करें।
➢ प्रेसमड कृषकों को बहुत ही कम मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है, डिकम्पोजर मिलाकर प्रेसमड़ को सड़ाकर खेतों में प्रयोग करें।
➢ अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उद्देश्य से सिंगल से प्लाटिंग को बढ़ाया देने के लिए पुराने ट्रेन्च प्लांटर को चीनी मिल में सिंगल रो प्लांटर में निःशुल्क परिवर्तित किया जा रहा है। अतः अधिक से अधिक पुराने
दिनेश राय
महाप्रबन्धन (गन्ना)
अजय कुमार दूबे
मुख्य महाप्रबन्धक

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया जारी

नई दिल्ली, एजेंसी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने मंगलवार को कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया जारी है और सरकार उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। बिरला ने न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए बहुदलीय नोटिस स्वीकार करने के बाद पिछले साल 12 अगस्त को उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए समिति का गठन किया था। न्यायमूर्ति वर्मा को 14 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट में तब वापस भेज दिया गया था, जब उनके आधिकारिक आवास पर नोटों के जले हुए बंडल मिले थे। यह पूछे जाने पर कि क्या बुधवार से शुरू होने वाले संसद के आगामी बजट सत्र से पहले इस मामले पर चर्चा की जाएगी।

आप सभी देशवासियों एवं शुभचिंतकों को
77 वें गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश यादव
भिटौरा प्रधान प्रतिनिधि
सोहावल अयोध्या

सभी जनपद वासियों व नगर वासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लाइफ केयर हॉस्पिटल
सोहावल चौराहा, तहसील रोड अयोध्या
कम पैसों में बेहतर सुविधा कुशल डॉक्टरों द्वारा 24 घंटे इमरजेंसी सेवा उपलब्ध
डॉ. दिवाकर मिश्रा
नियाज़ अहमद
मैनेजर
डॉ. सबीना नाज़
लाइफ केयर हॉस्पिटल

## शंकराचार्य होने का सबूत मांगना मर्यादा का उल्लंघन : उमा भारती

**भोपाल।** प्रयागराज स्थित संगम में मौनी अमावस्या स्नान को लेकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के मध्य जारी विवाद के बीच मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने मंगलवार को कहा कि किसी के शंकराचार्य होने का सबूत मांगना मर्यादा का उल्लंघन है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रशासन और कानून-व्यवस्था पर नियंत्रण रखने की नसीहत देते हुए भारती ने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस विवाद का कोई सकारात्मक समाधान निकलेगा।

बलरामपुर चीनी मिल्स लि.,
यूनिट-मनकापुर (गोण्डा)
की ओर से समस्त किसान भाईयों, जन प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को
77वें गणतन्त्र दिवस एवं नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।
किसान भाइयों से निवेदन-
1. उन्नतिशील गन्ना प्रजाति को. 0118 को.15023, को.लख.14201, को.शा. 13235 एवं को.लख. 16202 की ही बुवाई कर । को.0238 गन्ना प्रजाति की बुवाई कदापि न करें।
2. को.लख. 14201 की बुवाई 10 मार्च तक पूर्ण कर लें एवं को. 15023 की बुवाई 15 अप्रैल तक अवश्य पूरा कर लें।
3. बसंतकालीन बुवाई में लाइन से लाइन की दूरी 4 फीट से कम न रखें।
4. रोगों से बचाव हेतु प्रत्येक खेत में ट्राइकोडर्मा का प्रयोग करें, जो कि चीनी मिल द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।
5. खेत की उर्वराशक्ति बढाने हेतु बायो पोटाश का प्रयोग अवश्य करें।
6. चीनी मिल को साफ, ताजा एवं जड़-पत्ती, अगोला रहित गन्ने की आपूर्ति करें।
आर.के. टाया
महाप्रबन्धक (गन्ना)
निवेदक
अजय दूब
अधिशासी अध्यक्ष

आप सभी देशवासियों एवं शुभचिंतकों को
77 वें गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
शिफ़ा डेन्टल हास्पिटल
डॉ. फैज़
बी.डी.एस., के.जी.एम.सी. लखनऊ
दाँतों एवं मुँह से सम्बन्धित सभी रोगों का इलाज होता है।
लोक प्रिया ड्रेसेस के बगल-रिकाबगंज, फैजाबाद
सम्पर्क करें- 9305445997

आप सभी देशवासियों एवं शुभचिंतकों को
77 वें गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सविता देवी
एसडीएम सोहावल
अयोध्या



हमारे पास ऐसे कई गेंदबाज़ हैं जो हर परिस्थिति में गेंदबाजी कर सकते हैं। विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हमारी सोच का एक हिस्सा अलग-अलग संयोजनों को आजमाने का था। हम नहीं चाहते कि टीमें हमारे खिलाफ तय योजना के साथ मैदान में आए।

–मोर्ने मोर्कल, गेंदबाजी कोच



## हाईलाइट

### विश्व कप 2030 के फाइनल की मेजबानी करेगा स्पेन

**मैड्रिड।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने अभी तक यह नहीं बताया है कि 2030 में होने वाले विश्व कप के नॉकआउट चरण के मैच कहां खेले जाएंगे, लेकिन स्पेन फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष ने कहा कि स्पेन फाइनल की मेजबानी करेगा। स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को इस विश्व कप के संयुक्त मेजबान हैं जबकि उरुग्वे, अर्जेंटीना और पैराग्वे भी एक-एक मैच की मेजबानी करेंगे। स्पेन फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष राफेल लूजान ने पत्रकारों को बताया कि फाइनल मैच स्पेन में होगा, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह किस शहर या किस स्थान पर खेला जाएगा। उन्होंने कहा स्पेन विश्व कप में शीर्ष पर रहेगा और फाइनल यहीं खेला जाएगा। मोरक्को भी फाइनल की मेजबानी करना चाहता है।

### अशिमता थाईलैंड मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में

**बैंकॉक।** भारत की अशिमता चालिहा ने मंगलवार को यहां थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में दो कड़े मुकाबले जीतकर महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। गुवाहाटी की 26 साल की खिलाड़ी ने अपने पहले क्वालिफिकेशन मैच में चीनी ताइपे की हंग यी-टिंग को 42 मिनट में 21-15, 12-21, 21-12 से शिकस्त दी। इसके बाद अशिमता ने कोरिया की किम जू यून की कड़ी चुनौती को 45 मिनट में 21-11, 10-21, 21-16 से खत्म किया। अब मुख्य ड्रॉ में उनका सामना हमवतन देविका सिहाग से होगा। एक अन्य मैच में श्रेया लेले क्वालिफिकेशन चरण में इंडोनेशिया की नी कडेक धिंडा अमर्त्या प्रतावी से 12-21, 21-12, 15-21 से हार गईं।

### रोहित के साथ काम बहुत आसान था : द्रविड़

**बेंगलुरु।** भारत के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ ने रोहित शर्मा की बदलाव के प्रति खुली सोच को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे उनका काम काफी आसान हो गया था क्योंकि कप्तान का संदेश बिना किसी मुश्किल के पूरी टीम तक पहुंच जाता था। द्रविड़ लगभग तीन साल तक भारत के मुख्य कोच रहे और रोहित की कप्तानी में राष्ट्रीय टीम को अमेरिका में 2024 टी20 विश्व कप में जीत दिलाई। इसके बाद गौतम गंभीर को मुख्य कोच नियुक्त किया गया।

# अभी संन्यास लेने का कोई विचार नहीं : केएल राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने स्वीकार किया है कि संन्यास लेने का विचार उनके मन में आया था, लेकिन उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि अभी इसमें कुछ समय बाकी है और जब समय आएगा तो वह इसमें देर नहीं लगाएंगे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के साथ बातचीत में राहुल ने कहा कि संन्यास लेना कोई मुश्किल फैसला नहीं होगा क्योंकि क्रिकेट के अलावा भी जीवन है।

भारत की टेस्ट और वनडे टीमों के प्रमुख खिलाड़ी 33 वर्षीय राहुल ने पीटरसन से उनके यूट्यूब चैनल पर कहा मैंने इसके बारे में सोचा है। मुझे नहीं लगता कि यह (संन्यास लेना) इतना मुश्किल होगा। अगर आप खुद के प्रति ईमानदार हैं तो जब समय आएगा तब इसे टालने का कोई मतलब नहीं होगा। निश्चित तौर पर इसमें अभी कुछ समय लगेगा। राहुल ने कहा कि वह खुद को सुपरस्टार या बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति नहीं मानते हैं, जिससे उन्हें लगता है कि भविष्य में संन्यास का फैसला करना आसान हो जाएगा।

- **बोले- जब समय आएगा तो देर नहीं करूंगा**

मुझे नहीं लगता कि संन्यास लेना इतना मुश्किल होगा। अगर आप खुद के प्रति ईमानदार हैं तो जब समय आएगा तब इसे टालने का कोई मतलब नहीं होगा। निश्चित तौर पर इसमें अभी कुछ समय लगेगा।

**-केएल राहुल**

उन्होंने कहा बस चुपचाप (खेलना) छोड़ दो। जो कुछ तुम्हारे पास है, उसका आनंद लो। तुम्हारा परिवार भी है, इसलिए बस वही करो जो तुम्हें अच्छा लगे। यही सबसे कठिन है। इसलिए मैं खुद को यही समझाने की कोशिश करता हूं कि मैं बहुत महत्वपूर्ण नहीं हूं।

**रिकॉर्ड**

67 टेस्ट मैचों में 35.8 के औसत से 4,053 रन और 94 वनडे मैचों में 50.9 के औसत से 3,360 रन बनाए हैं। राहुल ने 72 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 37.75 के औसत और 139 के स्ट्राइक रेट से 2,265 रन भी बनाए हैं।

राहुल ने कहा हमारे देश में क्रिकेट चलता रहेगा। दुनिया भर में क्रिकेट चलता रहेगा। जीवन में और भी महत्वपूर्ण चीजें हैं और मुझे लगता है कि यह सोच मेरी हमेशा से रही है, लेकिन जब से मैं पिता बना हूं तब से जीवन के प्रति मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया है। यही मेरी सोच है। इस स्टाइलिश बल्लेबाज ने कई चोटों से जूझने की सबसे मुश्किल जंग के बारे में भी खुलकर बात की, जिसके कारण उन्हें शीर्ष स्तर पर अपनी निरंतरता को लेकर सवाल उठाने पड़े। उन्होंने कहा ऐसा भी समय था जब मैं चोटिल हो गया। मुझे कई बार चोट लगी है और यही सबसे मुश्किल चुनौती होती है। यह वो दर्द नहीं है जो फिजियोथेरेपिस्ट या सर्जन आपको देते हैं। यह मानसिक द्वंद्व है जहां आपका मन हार मान लेता है। जब ऐसा बार-बार होता है, तो आपका मन सोचने लगता है, तुमने बहुत कुछ कर लिया है। तुम भाग्यशाली रहे हो कि क्रिकेट ने तुम्हें पर्याप्त पैसा दिया है।



# शृंखला जीतने के बाद अब भारत की निगाह स्पिनरों के अच्छे प्रदर्शन पर

## चौथा टी-20 मुकाबला शाम 7 बजे से, कुलदीप और वरुण नहीं कर पाए अपेक्षित प्रदर्शन

विशाखापत्तनम, एजेंसी

अब तक खेल के हर विभाग में अपना दबदबा बनाने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले चौथे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भी किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगी जिसमें वह स्पिनरों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद भी करेगी।

अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन के शानदार प्रदर्शन से भारत ने पहले तीनों मैच जीत कर शृंखला अपने नाम कर ली है। लेकिन इस बीच उसके दो प्रमुख स्पिनर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए।

कुलदीप ने दो मैचों में केवल दो विकेट लिए हैं और वह प्रभावित करने में असफल रहे हैं। उन्होंने प्रति ओवर 9.5 रन लुटाए। पिछले मैच में भी कुलदीप ने तीन महंगे ओवर किए जिनमें उन्होंने 32 रन दिए। जसप्रीत बुमराह, रवि बिश्नोई और हार्दिक पंड्या की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने कीवी टीम को नौ विकेट पर 153 रन पर रोक दिया था। कुलदीप इससे पहले वनडे शृंखला में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, जिसमें उन्होंने तीन मैचों में तीन विकेट लिए थे और प्रति ओवर 7.28 रन दिए थे। चक्रवर्ती को पिछले मैच में विश्राम दिया गया था लेकिन पहले दो मैच में उनकी गेंदबाजी में वह धार नहीं दिखी जिसके लिए वह जाने जाते हैं। इस संदर्भ में भारत इस बात पर विचार करेगा कि क्या चौथे मैच में बिश्नोई (गुवाहाटी में 18 रन देकर दो विकेट) को ही टीम में बनाए रखा जाए और कुलदीप को विश्राम देने के लिए उनकी जगह चक्रवर्ती को वापस लाया जाए। भारत ऑलराउंडर अक्षर पटेल की फिटनेस पर भी कड़ी नजर रखेगा, क्योंकि उंगली में चोट के कारण वह नागपुर में पहले मैच के बाद से नहीं खेल पाए हैं। भारत इस सीरीज में विश्व कप से पहले गेंदबाजी विभाग में अपने चरम पर पहुंचने की कोशिश कर रहा है लेकिन बल्लेबाजी में फिलहाल उसका कोई सानी नहीं दिख रहा है। इस शृंखला में भारतीय बल्लेबाजों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया है। तीसरे मैच में तो भारत ने केवल 10 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। अभिषेक ने 300 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जबकि सूर्यकुमार और किशन ने लगभग 230 के स्ट्राइक रेट को बनाए रखा है। भारत की बल्लेबाजी की आक्रामकता की बानगी पिछले दो मैच आंकड़े पेश करते हैं।



कप्तान सूर्यकुमार यादव।

**टीम**

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रैसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फाक्स, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, लॉकी फर्ग्यूसन, इश सोढ़ी, टिम सीफर्ट।

### अभिषेक, ईशान और सूर्यकुमार से निपटने के तरीके को सीखना होगा : ओरम

**विशाखापत्तनम।** अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव की लगातार आक्रामक बल्लेबाजी ने पांच मैचों की मौजूदा टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के लिए संयम बनाये रखना मुश्किल कर दिया, लेकिन गेंदबाजी कोच जैकब ओरम ने खिलाड़ियों से इस चुनौती को स्वीकार करने और उससे निपटने के तरीके इजाद करने की सलाह दी। भारतीय शीर्ष क्रम के इन तीन बल्लेबाजों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण की कड़ी परीक्षा ली है। ओरम ने कहा मैदान पर थोड़ी अराजकता जैसी स्थिति रही है, गेंद हर बार बाउंड्री के बाहर जा रही है। ऐसे में संयम और नियंत्रण बनाये रखने के साथ अपनी योजनाओं को अमल में लाना जरूरी है। लेकिन मैं फिर कहूंगा कि यह सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है।



नाबाद शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते विहान मल्होत्रा। एजेंसी

# विहान के शतक से भारत ने जिम्बाब्वे को रौंदा

## अंडर-19 विश्व कप

- **353 रनों का विशाल लक्ष्य देने के बाद जिम्बाब्वे को 148 रनों पर आउट कर दिया**

बुलावायो, एजेंसी

विहान मल्होत्रा की नाबाद शतकीय पारी और अभिज्ञान कुंडू (61) के साथ पांचवें विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी से भारत ने आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स चरण के अपने पहले मुकाबले में मंगलवार को यहां जिम्बाब्वे पर 204 रन की बड़ी जीत दर्ज की।

ग्रुप चरण में अमेरिका, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को एकतरफा अंदाज में हराने वाली भारतीय टीम ने शानदार लय जारी रखते हुए आठ विकेट पर 352 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद जिम्बाब्वे की पारी को 37.4 ओवर में 148 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम के सामने अब एक फरवरी को पाकिस्तान की चुनौती होगी। मल्होत्रा ने 107 गेंद की नाबाद पारी में सात चौके की मदद से 109 रन बनाये जबकि कुंडू ने 61 गेंद में पांच चौके और एक छक्का की मदद से 61 रन बनाये।

पारी की शुरुआत में वैभव सूर्यवंशी ने 30 गेंद में 52 जबकि आखिरी ओवरों में खालिन पटेल ने 12 गेंद में 30 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। ज़िम्बाब्वे की बल्लेबाजी भारतीय तेज गेंदबाजों के आगे ढेर हो गई। आरएस अम्बरीष (19 रन पर दो विकेट) और हेनील पटेल (25 रन पर एक विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने टीम ने नौवें ओवर में 24 रन तक तीन विकेट गंवा दिये। कप्तान आयुष म्हात्रे ने अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से 14 रन देकर तीन विकेट लिये। उन्होंने पुछल्ले बल्लेबाजों को चलता किया जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज उधव मोहन ने मध्यक्रम को झकझोरते हुए तीन विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत सुपर सिक्स ग्रुप दो में छह अंकों के साथ शीर्ष पर है। टीम का अगला मुकाबला पाकिस्तान से एक फरवरी को होगा। सूर्यवंशी ने एक बार फिर भारत को तेज शुरुआत दिलाई और उनकी तथा आरोन जॉर्ज (23) की जोड़ी ने महज 25 गेंद में 40 रन की साझेदारी कर दी। भारत ने अपने पहले 100 रन सिर्फ 62 गेंदों में पूरे किए, जिसमें वैभव सूर्यवंशी ने 30 गेंदों की पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाये। पारी के 11वें ओवर में भारत ने म्हात्रे (21) और सूर्यवंशी का विकेट गंवा दिया जिससे स्कोर तीन विकेट 103 रन हो गया। वेदांत त्रिवेदी (15) के आउट होने से 130 रन पर चौथा विकेट गिरने क बाद टीम मुश्किल में थी। मल्होत्रा और कुंडू ने इसके बाद तेजी से रन बनाते हुए गेंदबाजों को परेशान किया। मल्होत्रा ने 104 गेंदों में शतक पूरा किया। उन्होंने इस दौरान अम्बरीष (21) ने सातवें विकेट के लिए 52 रन जोड़े और फिर आठवें विकेट के लिए खिलान के साथ मिलकर 47 रन की साझेदारी कर भारत को 350 रन के पार पहुंचाया।

## टी-20 विश्व कप

### बांग्लादेश का समर्थन करना अच्छा, पर पाकिस्तान क्रिकेट की कीमत पर नहीं : पूर्व खिलाड़ी व अधिकारी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा आगामी टी20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर फैसला टालने के बाद पूर्व खिलाड़ियों और बोर्ड के पूर्व अधिकारियों ने एक सुर में कहा है कि बांग्लादेश का समर्थन करना ठीक है, लेकिन यह राष्ट्रीय क्रिकेट की कीमत पर नहीं होना चाहिए। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी या उससे हटने की पुष्टि के लिए शुक्रवार या सोमवार की समयसीमा तय की है। यह स्थिति बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बाद उत्पन्न हुई। पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान मोहम्मद हफीज का मानना है कि पीसीबी को पाकिस्तान टीम को विश्व कप में भेजना चाहिए, जबकि पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष खालिद महमूद और पूर्व सचिव आरिफ अली अब्बासी को टीम को नहीं भेजने में कोई तर्क नजर नहीं आता। अब्बासी ने कहा मैं समझ सकता हूं कि पाकिस्तान बांग्लादेश का समर्थन कर रहा है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और सदस्य बोर्डों के साथ संबंध खराब करने के अलावा पीसीबी टीम को नहीं भेजकर क्या हासिल करेगा? जगमोहन डालमिया और आईएस बिंद्रा जैसे दिग्गजों के कार्यकाल में बोर्ड से जुड़े रहे अब्बासी ने कहा कि पीसीबी को विश्व कप के लिए टीम भेजनी ही चाहिए। उन्होंने कहा श्रीलंका के साथ हमारे संबंधों का क्या होगा? जाहिर है कि अगर पाकिस्तान नहीं जाता है तो श्रीलंका को नुकसान होगा क्योंकि भारत के खिलाफ मुकाबलों सहित हमारे सभी मैच श्रीलंका में होने हैं। महमूद ने कहा कि पीसीबी का रुख सराहनीय है, लेकिन उसे समझदारी दिखाकर पाकिस्तान क्रिकेट के हितों को केंद्र में रखना चाहिए।

### बांग्लादेशी पत्रकारों के आवेदन प्रक्रिया पर काम कर रहा आईसीसी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भारत में टी20 विश्व कप कवर करने की इच्छा रखने वाले बांग्लादेश के पत्रकारों के लिए 'मीडिया एक्रिडिटेशन' पर फिर से काम कर रहा है। बांग्लादेश ने पड़ोसी देश में सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया था। आईसीसी आवेदन प्रक्रिया में बदलाव कर रहा है क्योंकि बांग्लादेश के कुछ पत्रकारों ने दावा किया कि उनके 'एक्रिडिटेशन' (मान्यता) अनुरोध को विश्व संस्था ने खारिज कर दिया था। आईसीसी सूत्रों ने पीटीआई से कहा प्रक्रिया पर फिर से काम किया जा रहा है क्योंकि अनुरोध की संख्या और कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। एक्रिडिटेशनसूची उसी हिसाब से तैयार की जा रही हैं।

### वरुण को ओस से ज्यादा दिक्कत नहीं होगी: कुंबले

**नई दिल्ली।** अनिल कुंबले ने टी20 विश्व कप के दौरान भारत के स्पिन आक्रमण की अगुआई करने के लिए लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का समर्थन किया। उनका मानना है कि उन्हें शाम की ओस से निपटने में कोई दिक्कत नहीं होगी जो कुलदीप यादव जैसे कलाई के स्पिनर के लिए ज्यादा परेशानी वाली हो सकती है। टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। कुंबले ने कहा कि टूर्नामेंट में ओस निश्चित रूप से भूमिका निभाएगी। विशेषकर फरवरी और मार्च में विश्व कप के दौरान, जब मैच देर शाम खेले जाएंगे। यह आसान नहीं होने वाला है। स्पिनर के तौर पर आप गीली गेंद से गेंदबाजी करने के आदी हो जाते हैं, यह कुछ नया नहीं है।

# गुजरात ने दिल्ली को दिया 175 रनों का लक्ष्य

- **महिला प्रीमियर लीग में बेथ मूनी ने अर्धशतकीय पारी खेली**

वडोदरा, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स की बांए हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने 31 रन देकर चार विकेट झटके लेकिन गुजरात जाएंट्स ने ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी (58 रन) के अर्धशतक से मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मुकाबले में नौ विकेट पर 174 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।

मूनी ने सत्र का अपना पहला अर्धशतक बनाया और 46 गेंद की पारी के दौरान सात चौके जड़े। अनुष्का शर्मा ने 25 गेंद में 39 रन का योगदान दिया जबकि अंत में तनुजा कंवर की 11 गेंद में तीन चौके और एक छक्के जड़ित 21 रन की पारी से टीम 170 रन के पार पहुंचने में कामयाब हुई। दिल्ली कैपिटल्स के लिए श्री चरणी ने चार ओवर में 31 रन देकर चार विकेट झटके जबकि शिनेल हेनरी ने 38 रन देकर दो विकेट लिए।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगातीं बेथ मूनी। एजेंसी

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन

भीषण गर्मी से परेशान खिलाड़ी, छत बंद करके खेलने पड़े मैच

# सबालेंका व ज्वेरेव सेमीफाइनल में, गॉफ ने रैकेट पर निकाला गुस्सा

मेलबर्न, एजेंसी

शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां अमेरिका की 18 वर्षीय खिलाड़ी इवा जोविक को 6-3, 6-0 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां भीषण गर्मी के कारण छत बंद करके मैच खेलने पड़े।

सबालेंका सेमीफाइनल में यूक्रेन की 12वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना का सामना करेगी जिन्होंने अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को 59 मिनट में 6-1, 6-2 से करारी शिकस्त दी। मानसिक स्वास्थ्य ब्रेक के बाद वापसी करने वाली स्वितोलिना ने शुरू से ही दबदबा बना दिया जबकि गॉफ ने पहले सेट में पांच डबल फाल्ट किए। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने इस बीच गुस्सा अपने रैकेट पर निकाला और उसे कई बार नीचे पटका। स्वितोलिना पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंची है। गॉफ ने बाद में कहा मैंने फ्रेंच ओपन के दौरान भी अपना एक रैकेट तोड़ा था। तब मैंने कहा था कि मैं फिर से कोर्ट पर ऐसा नहीं करूंगी क्योंकि मुझे लगता है कि इससे अच्छा संदेश नहीं जाता है। लेकिन अपने सहयोगी स्टाफ पर गुस्सा निकालने के बजाय रैकेट पर गुस्सा निकलना बेहतर है। वे अच्छे लोग हैं और इस तरह के गुस्से के हकदार नहीं हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने बंद छत के नीचे खेलने का फायदा उठाया और 20 वर्षीय टिएन पर 6-3, 6-7 (5), 6-1, 7-6 (3) से जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाई। ज्वेरेव ने 24 ऐस लगाए और केवल एक डबल फॉल्ट किया। उन्होंने किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में दसवीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

ज्वेरेव ने मैच के बाद कहा वह बेहतरीन खिलाड़ी है। पिछले साल की तुलना में उसके खेल में काफी सुधार हुआ है। उसने बेसलाइन से जिस तरह का खेल दिखाया वह अद्वितीय था। मुझे लगता है उसने अभिश्वसनीय खेल का प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पिछले चार साल में तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में लगी सबालेंका ने अच्छी शुरुआत की और पहले सेट में 3-0 से बढ़त बनाकर 29वीं वरीयता प्राप्त जोविक पर शुरुआत में ही अपना दबदबा कायम कर लिया। जोविक ने वापसी की कोशिश की और उन्हें 10 मिनट तक चले नौवें गेम में ब्रेकप्वाइंट के तीन मौके मिले।



ज्वेरेव।

### तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहने से बढ़ी मुसीबत

मेलबर्न में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी होने और तापमान 40 डिग्री सेल्सियस (104 डिग्री फारेनहाइट) से ऊपर रहने की आशंका के चलते रॉड लेवर स्टेडियम में पहला मैच छत खुली रखकर खेला गया। लेकिन अलेक्जेंडर ज्वेरेव और अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन के बीच पुरुष क्वार्टरफाइनल मैच के लिए इसे बंद कर दिया गया।



क्वार्टर फाइनल जीतने के बाद जश्न मनातीं बेलारूस की एरिना सबालेंका। एजेंसी